हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • रविवार • 19.10.2025 • वर्ष : 16 • अंक : 85 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## बिहार विस चुनाव : झामुमो ने की छह सीटों पर उम्मीदवार उतारने की घोषणा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन में तकरार के बीच अब झामुमो ने गठबंधन ने नाता तोड़ने का ऐलान किया है। झारखंड में सत्तारूढ़ झामुमो ने शनिवार को बिहार विधानसभा चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़ने और छह सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने की घोषणा की है। बिहार चुनाव में झामुमो महागठबंधन से अलग हो गया है। झामुमो बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 6 सीटों पर चुनाव लड़ेगा। 6 सीटों में चकाई, धमदाहा, कटोरिया, पिरपैंती, मनीहारी और जमुई शामिल हैं। इसमें कटोरिया और मनिहारी अनुसूचित जनजातीय आरक्षित सीटें हैं, जबकि पिरपैती अनुसूचित जाति सीट है। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भटटाचार्य ने शनिवार को पार्टी के कैंप कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि उनकी पार्टी बिहार विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद झारखंड महागंठबंधन में शामिल राजद और कांग्रेस को लेकर समीक्षा बैठक कर कोई बड़ा निर्णय ले सकता है।

सुप्रियो ने दो टूक शब्दों में कहा कि महागठबंधन का यह कृत्य झामुमो के कार्यकर्ताओं के साथ धोखा है। गुरूजी (शिबू सोरेन) ने झामुमो को लड़ना सीखाया है। हमने लड़कर ही बिहार से झारखंड को अलग बनाया है। हम जानते हैं बिहार का जो दलीत और वंचित समाज है, वह गुरूजी के आदर्शों के साथ खड़ा है। बिहार में झामुमो हेमन्त सोरेन की अगुवाई में लड़ेगा और हम चुनाव जीतेंगे। साथ ही हम यह तय करेंगे बिहार की अगली सरकार बगैर झामुमो समर्थन के नहीं बनेगा।

दरअसल, झामुमो ने महागठबंधन से 16 सीटों की मांग की थी। बाद में झामुमो 12 सीटों पर आ गया। सीटों के लिए झामुमो महासचिव विनोद कुमार पांडेय और मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने पटना में बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव, झारखंड प्रभारी जय प्रकाश नारायण यादव, भोला यादव और अन्य वरीय नेताओं से मुलाकात भी की थी, लेकिन नतीजा झामुमो के पक्ष नहीं आया और अब झामुमो के नेताओं ने बिहार के छह विधानसभा क्षेत्रों से अपना उम्मीदवार उतारने का एलान कर दिया है।

बिहार के लिए पार्टी ने जारी की 20 स्टार प्रचारकों की सूचीबिहार चुनाव को लेकर झामुमो ने 20 स्टार प्रचारक की सूची भी जारी की है। चुनाव प्रचार की कमान खुद पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के हथों में होगी। इसके अलावा प्रोफेसर स्टीफन मरांडी, सरफराज अहमद, बैजनाथ राम, कल्पना सोरेन, बसंत सोरेन, विनोद कुमार पांडेय, फागू बेसरा, सुप्रियो भटटाचार्य, दीपक बिरूआ, मिथलेश ठाकुर, हफिजूल हसन अंसारी, पंकज मिश्रा, विजय हांसदा, हेमलाल मूर्मू, मोहम्मद ताजुदीन, पुरई शंकर सिंह सहित अन्य नेताओं के नाम शामिल हैं।

### बिहार चुनाव : 10 सीटों पर महागठबंधन दलों ने आमने-सामने उतारे उम्मीदवार

**पटना :** महागठबंधन में कई दिनों से सीट बंटवारे को लेकर खींचतान चल रही थी। जब फाइनल बात नहीं हो पाई तो आरजेडी ने 46 उम्मीदवारों की सूची पहले ही जारी कर दी, जबकि कांग्रेस ने नामांकन की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर से एक दिन पहले 16 अक्तूबर को अपनी पार्टी के 48 नामों की लिस्ट घोषित की। वहीं भाकपा-माले ने 20 प्रत्याशी मैदान में उतार दिए हैं, जबकि वीआईपी ने 15 सीटों पर दावेदारी ठोक दी। इस बीच सहमति नहीं बनने के कारण कई सीटों पर महागठबंधन के ही दो-दो उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल कर दिया है।

## एक नजर

### नाव पलटने से 3 भारतीय क्रू की मौत, पांच लापता

**मोजाम्बिक :** मोजाम्बिक के बीरा पोर्ट के पास एक नाव पलट गई। इस नाव में 14 भारतीय नाविक सवार थे, जो एक टैंकर पर क्रू बदलने के लिए जा रहे थे। हादसे का कारण अभी साफ नहीं हैं, लेकिन जांच शुरू कर दी गई है। भारतीय हाई कमीशन ने बताया कि नाव पलटने के बाद पांच नाविकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इनमें से एक की हालत गंभीर होने के कारण बीरा के अस्पताल में भर्ती किया गया है। बाकी नौ में से तीन की मौत हो चुकी है और पांच अभी भी लापता हैं। कंसुलर अधिकारी अस्पताल में मौजूद हैं और पीड़ितों को हर संभव मदद दे रहे हैं। हाई कमीशन ने बताया कि मृतकों के परिवारों से लगातार संपर्क में हैं और उन्हें तुरंत जानकारी दी जा रही है। जानकारी के मुताबिक, यह नाव भारतीय क्रू मेंबरों को लेकर टैंकर तक जा रही थी। ये लोग लंबे समय से समुद्री यात्रा में काम कर रहे थे और अधिकांश का अनुभव समुद्री क्रू के तौर पर था। हाई कमीशन ने बताया कि मृत और लापता नाविकों की पहचान की प्रक्रिया जारी है। स्थानीय अधिकारियों और समुद्री एजेंसियों के साथ भारतीय मिशन मिलकर लापता नाविकों की तलाश कर रहा है। हाई कमीशन ने आपातकालीन नंबर जारी किए हैं ताकि परिवार या अन्य लोग स्थिति के बारे में अपडेट ले सकें।

### गरीब रथ ट्रेन में आग कोई हताहत नहीं

**चंडीगढ़ :** पंजाब में फतेहगढ़ साहिब जिला के सरहिंद रेलवे स्टेशन के पास आज सुबह गरीब रथ ट्रेन की एक बोगी में आग लग गई। गरीब रथ अमृतसर से बिहार के सहरसा जा रही थी। आग बोगी नंबर 19 में लगी। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। प्रारंभिक जांच में आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग लगने की सूचना मिलते ही इमरजेंसी ब्रेक से ट्रेन को रोका गया। जैसे ही ट्रेन रुकी तो यात्रियों में भगदड़ मच गई। एक-दूसरे से पहले नीचे उतरने के चक्कर में कई यात्री चोटिल हो गए। करीब एक घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन सुबह सात बजे सरहिंद स्टेशन से गुजरी। गांव ब्राह्मण माजरा के पास एक यात्री ने बोगी नंबर 19 से धुआं उठता देखा। उसने शोर मचाते हुए चेन खींच दी। धुएं के साथ आग की लपटें भी उठने लगी। इससे अफरातफरी मच गई।

## ब्रह्मपुत्र अपार्टमेंट में लगी भीषण आग, कई सांसदों का है आवास

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** शनिवार को दिल्ली के एक बहुत ही हाई-प्रोफाइल इलाके में हड़कंप मच गया। यहाँ डॉ। बिशंबर दास मार्ग पर बने 'ब्रह्मपुत्र अपार्टमेंट्स' में भयंकर आग लग गई। यह बिल्डिंग इसलिए भी खास है क्योंकि इसमें लोकसभा और राज्यसभा के कई सांसद रहते हैं। और तो और, यह बिल्डिंग नए संसद भवन से बस 200 मीटर की दूरी पर है।



### क्या है पूरा मामला?

दोपहर करीब 1 बजकर 20 मिनट पर दमकल विभाग को इस अपार्टमेंट में आग लगने की सूचना मिली। खबर मिलते ही फायर ब्रिगेड की 6 गाड़ियां तुरंत मौके पर भेजी गईं। टीवी पर आई तस्वीरों में बिल्डिंग से धुएं का गुबार उठता दिख रहा था और पुलिस लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल रही थी। इस आग में एक परिवार का सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। एक व्यक्ति ने रोते हुए बताया कि उनकी बेटी की शादी होने वाली थी। घर में शादी के लिए खरीदे गए सारे गहने और कीमती सामान रखा था, जो आग में जलकर खाक हो गया। इससे भी दुख की बात यह है कि उनकी बेटी आग में झुलस गई है और उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। जब आग लगी, तब घर में उनका पालतू कुत्ता भी फंसा हुआ था।

### कैसे लगी आग?

अभी तक आग लगने की असली वजह का पता नहीं चल पाया है। लेकिन, पीड़ित परिवार को शक है कि शायद पास में बच्चे पटाखे जला रहे थे, जिसकी वजह से यह हादसा हुआ।

### फायर ब्रिगेड पर देरी का आरोप

इलाके के कुछ लोगों ने आरोप लगाया है कि फायर ब्रिगेड की टीम को फोन करने के बावजूद वह देर से पहुंची। लोगों का कहना है कि अगर गाड़ियां समय पर आ जातीं तो शायद इतना बड़ा नुकसान होने से बच जाता। फिलहाल, दमकलकर्मी आग पर काबू पाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। क्योंकि यह इलाका बेहद संवेदनशील है, इसलिए अधिकारी भी मौके पर मौजूद हैं और स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

### ढाका में हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लगी भीषण आग

**ढाका :** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में मौजूद हजरत शाहजलाल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में शनिवार दोपहर भीषण आग लग गई, जिसके बाद वहां से सभी उड़ानों को अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। जानकारी के मुताबिक एयरपोर्ट पर आग लगने की घटना दोपहर लगभग 2:15 बजे कार्गो टर्मिनल में हुई। आग इतनी तेज थी कि काले धुएं ने पूरे इलाके को ढक लिया, जिसके कारण सभी उड़ानें तत्काल निलंबित कर दी गईं। गनीमत ये रही कि, इस हादसे में अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। मामले में विमान बांग्लादेश एयरलाइन्स के प्रवक्ता कौसर महमूद ने बताया कि आग लगते ही हवाई अड्डे की दमकल टीम, वायुसेना की फायर यूनिट और अन्य एजेंसियों की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और मिलकर आग पर काबू पाने का अभियान शुरू किया।

## बेल्जियम कोर्ट का बड़ा फैसला : भगोड़े हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी का भारत प्रत्यर्पण मंजूर



एजेंसी

**बेल्जियम :** पंजाब नेशनल बैंक घोटाले के मुख्य आरोपी और भगोड़े हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी के भारत प्रत्यर्पण को बेल्जियम की एक अदालत ने मंजूरी दे दी है। एंटवर्प की अदालत ने चोकसी की गिरफ्तारी को वैध बताते हुए कहा कि प्रत्यर्पण की शर्तें पूरी होती हैं। यह फैसला भारत की लंबी कूटनीतिक लड़ाई में महत्वपूर्ण कदम है, हालांकि चोकसी अपील कर सकता है।

### पीएनबी घोटाला : 13 हजार करोड़ का कांड

मेहुल चोकसी पर 2011 से 2018 के बीच पीएनबी में धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप हैं। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के मुताबिक, चोकसी ने बैंक से फर्जी लेटर ऑफ अंडरटेकिंग (एलओयू) जारी कराकर करीब 13,000 करोड़ रुपये का गबन किया। घोटाले का खुलासा 2018 में हुआ, जिसके बाद चोकसी जनवरी 2018 में भारत से फरार हो गया। उसने नवंबर 2017 में एंटीगुआ और बरबुडा की नागरिकता ली और दिसंबर 2018 में भारतीय नागरिकता त्यागने का दावा किया, लेकिन भारत इसे मान्यता नहीं देता। चोकसी पर आईपीसी की धारा 120बी (साजिश), 420 (धोखाधड़ी), 409 (विश्वासघात), 201 (साक्ष्य नष्ट करना) और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 व 13 के तहत मुकदमा चल रहा है।

### गिरफ्तारी और अदालती प्रक्रिया

चोकसी को 11 अप्रैल 2025 को एंटवर्प पुलिस ने भारत के अनुरोध पर गिरफ्तार किया। तब से वह बेल्जियम की जेल में बंद है। उसकी कई जमानत याचिकाएं फ्लाइट रिस्क के आधार पर खारिज हो चुकी हैं। अदालत ने कहा कि चोकसी के फरार होने का वास्तविक खतरा है। सुनवाई में भारत ने संयुक्त राष्ट्र भ्रष्टाचार विरोधी संधि (यूएनसीएसी) और सीमा-पार संगठित अपराध विरोधी संधि (यूएनटीओसी) का हवाला दिया, जिन पर बेल्जियम भी हस्ताक्षरकर्ता है। सीबीआई ने तीन बार बेल्जियम का दौरा कर साक्ष्य पेश किए और यूरोपीय कानूनी फर्म की मदद ली। अदालत ने 'ड्यूल क्रिमिनलिटी' शर्त पूरी मानते हुए कहा कि अपराध बेल्जियम कानून के तहत भी दंडनीय हैं। भारत ने प्रत्यर्पण के बाद चोकसी को मुंबई के आर्थर रोड जेल के बैरक नंबर 12 में रखने का वादा किया, जो यूरोपीय मानवाधिकार मानकों पर खरा उतरता है।

## पाकिस्तान का अफगानिस्तान पर हवाई हमला आठ खिलाड़ियों समेत अनेक लोग मारे गए



एजेंसी

**काबुल :** पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के कई हिस्सो में पूरी रात हमला किया है। पक्तिका प्रांत के आर्गन और बिरमल जिलों में हुए ताजा हमलों में आठ अफगान क्रिकेट खिलाड़ियों सहित कई लोग मारे गए हैं। दोहा में शांति वार्ता के दौरान अस्थायी युद्धविराम को बढ़ाने के दौरान हुए हमलों से सीमावर्ती इलाकों में तनाव है।

द बलोचिस्तान पोस्ट (पश्तो भाषा) की शनिवार की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि पाकिस्तान की सेना ने आर्गन और बरमाल जिलों के कई इलाकों को निशाना बनाया है। मारे गए और घायल लोगों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। हवाई हमलों में आठ क्रिकेटर भी मारे गए हैं। अफगान क्रिकेट बोर्ड के सूत्रों ने बताया है कि खिलाड़ी प्रांतीय केंद्र से अपने जिले लौट रहे थे। तभी उन्हें निशाना बनाया गया। अफगान मीडिया के अनुसार, ये हमले ज्यादातर आवासीय क्षेत्रों में हुए। हताहतों की पूरी जानकारी आनी बाकी है। अफगानिस्तान की तुलूअ न्यूज की शनिवार की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के काबुल में किए गए हवाई हमले में दर्जनों घर और स्कूल क्षतिग्रस्त हो गए हैं। क्षतिग्रस्त घरों में से एक में अपने परिवार के छह सदस्यों के साथ रह रहे 50 वर्षीय अब्दुल रहीम मुख्य पीड़ितों में से एक हैं। हालांकि हमले के समय उनका परिवार घर पर नहीं था। अब्दुल हमले से भयभीत हैं। एक अन्य प्रभावित निवासी, हबीबुल्लाह ने कहा कि उनके घर पर रॉकेट से हमला किया गया है। घर के बगल में एक स्कूल था। उस पर भी हमला हुआ। इस स्कूल में 500 से अधिक बच्चे पढ़ते हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 48 घंटों के दौरान पाकिस्तान पर हुए हमले में 40 लोग मारे गए और 170 लोग घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि हमलों में सीधे तौर पर नागरिक घरों को निशाना बनाया गया। इससे स्थानीय निवासियों को भारी जान-माल और आर्थिक नुकसान हुआ। स्पिन बोल्डक के जन स्वास्थ्य प्रमुख करीमुल्लाह जुबैर आगा ने कहा कि हताहतों नागरिकों की संख्या बहुत अधिक है। हमलों में जीवित बचे लोगों का दावा है कि पाकिस्तान ने युद्ध के नियमों का उल्लंघन करते हुए जानबूझकर स्पिन बोल्डक में नागरिक बुनियादी ढांचे और आमजन को निशाना बनाया।

### पाकिस्तान में तीन स्थानों पर 20 आतंकी ढेर, मुनीर ने अफगानिस्तान को चेताया

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के तीन स्थानों पर 20 आतंकवादियों को मारने का दावा किया है। सेना ने कहा कि इस दौरान एक आत्मघाती हमला विफल कर दिया गया और दो स्थानों पर खुफिया आधारित अभियान में यह सफलता मिली। सैन्य प्रमुख असीम मुनीर ने आज अफगानिस्तान को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि तालिबान शासन अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल कर पाकिस्तान के अंदर हमले करने वाले आतंकवादियों के खिलाफ फौरन कार्रवाई करे। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान में एक आत्मघाती हमले की कोशिश को नाकाम कर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के छह आतंकवादियों को मार गिराया। साथ ही प्रांत के दत्ता खेल और लक्की मरवत में खुफिया आधारित अभियानों के दौरान 14 आतंकवादियों को मार गिराया।

## पाकिस्तान की एक-एक इंच जमीन ब्रह्मोस की पहुंच में : राजनाथ

### ब्रह्मोस मिसाइलों की पहली खेप को दिखाई हरी झंडी

एजेंसी

**लखनऊ :** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखनऊ स्थित ब्रह्मोस एयरोस्पेस इकाई में तैयार की गई ब्रह्मोस मिसाइलों की पहली खेप को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान के लिए एक ट्रेलर था। पाकिस्तान की एक-एक इंच जमीन ब्रह्मोस की पहुंच में है। अब ब्रह्मोस से दुश्मन बच नहीं सकता।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन उत्तर प्रदेश की जनता के लिए महत्वपूर्ण है। उप्र और लखनऊ के विकास को देखकर खुशी तो होती ही है लेकिन आज जब इस भूमि पर डिफेंस सेक्टर से जुड़ी इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल हो रही है तो खुशी के साथ गौरव का भाव भी मेरे अंदर स्वाभाविक रूप से आ रहा है। लखनऊ डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग में अहम भूमिका निभा रहा है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत अपने सपने को भरोसे में बदलने की ताकत रखता है। इसी भरोसे ने हमें ऑपरेशन सिंदूर में ताकत दी। उन्होंने कहा कि जीत हमारी आदत बन चुकी है। इस आदत को और मजबूत बनाना है। ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत दुनिया ने देखी। हर साल करीब 100 मिसाइल सिस्टम लखनऊ यूनिट से बनकर तैयार होगा। ब्रह्मोस जल सेना थल सेना वायु सेना की रीढ़ बन चुका है।

राजनाथ ने कहा कि लखनऊ मेरे लिए सिर्फ संसदीय क्षेत्र ही नहीं बल्कि यह मेरे ह्रदय में बसा है। लखनऊ तहजीब का ही नहीं बल्कि टेक्नोलॉजी का शहर बन गया है। अब यह इंडस्ट्री का शहर बन गया है। यहां से निकलने वाला हर कदम ब्रह्मोस की विश्वसनीयता के साथ-साथ लखनऊ की विश्वसनीयता बढ़ी है। यह प्रोजेक्ट भारत के बढ़ते आत्मविश्वास व ताकत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पहले यूपी में गुण्डाराज था। उत्तर प्रदेश अब किसी भी चैलेंस के लिए तैयार है। आंतरिक सुरक्षा व बाह्य सुरक्षा उत्तर प्रदेश सभी चुनौतियों को लेने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर कहा कि ब्रह्मोस देश की रक्षा करने में सक्षम है। ब्रह्मोस की ताकत से पूरी दुनिया परिचित है। ब्रह्मोस मिसाइल से दुश्मन का बचना मुश्किल होगा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, राज्यसभा सांसद बृजलाल, महानगर अध्यक्ष भाजपा आनंद द्विवेदी उपस्थित थे।

## महाराष्ट्र के नंदुरबार के चंद्रशैली घाट पर वाहन पलटा, आठ की मौत

एजेंसी

**मुंबई :** महाराष्ट्र के नंदुरबार जिला स्थित चंद्रशैली घाट पर शनिवार को सुबह अष्टम पर्वत यात्रा के लिए गया एक वाहन पलट गया। इस हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई जबकि 20 यात्री घायल हुए हैं। इन सभी को तलोदा उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही नंदुरबार पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और राहत और बचाव कार्य कर रही है।



इस घटना में मृतकों की संख्या बढने की संभावना है। इसकी छानबीन कर रहे पुलिस अधिकारी ने बताया कि शनिवार की सुबह धनतेरस के अवसर पर श्रद्धालुओं को लेकर एक निजी मालवाहक वाहन अष्टम पर्वत यात्रा के लिए गया था। सुबह जब वाहन नंदुरबार जिले के चंदशैली घाट पर पहुँचा, तो चालक ने नियंत्रण खो दिया और वाहन पलट गया। इस वाहन में लगभग 40 श्रद्धालु सवार थे। कई लोग वाहन के नीचे कुचले गए। इस दुर्घटना में अब तक आठ लोगों की मौत हो चुकी है। करीब 20 यात्री घायल हुए हैं। गंभीर रूप से घायलों को नंदुरबार जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुछ घायलों को तलोदा उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों और घायलों में से कई नंदुरबार जिले के शहादा तालुका के भूराती और वैजली के निवासी हैं। कई घायलों की हालत गंभीर होने के कारण मृतकों की संख्या बढने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि भारत में कहीं भी अश्वत्थामा के स्थान का उल्लेख नहीं है, लेकिन नंदुरबार जिले की सतपुड़ा पर्वतमाला में चार हजार फुट ऊँचे पर्वत पर स्थित अष्टम्ब ऋषि के नाम से उनका स्थान है।

# त्योहारों पर बढ़ी चौकसी, चौपारण पुलिस ने किया बाजारों का निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** धनतेरस और दीपावली पर्व के मद्देनजर चौपारण पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। त्यौहार के दौरान क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस पदाधिकारियों के नेतृत्व में बल ने शनिवार को चौपारण बाजार सहित पचौक-चौराहों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधिकारियों ने दुकानदारों एवं स्थानीय लोगों से बातचीत कर सतर्कता बरतने की अपील की। साथ ही किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को देने का आग्रह किया गया। पुलिस ने बताया कि त्यौहार के दौरान बाजारों में भीड़ बढ़ने की संभावना को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद किया गया है। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त बल की तैनाती की गई है, वहीं विशेष गश्ती दल गठित कर लगातार निगरानी रखी जा रही है ताकि असामाजिक तत्व किसी भी तरह की घटना को अंजाम न दे सकें। चौपारण थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस का उद्देश्य लोगों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है ताकि वे निर्भय होकर त्यौहार का आनंद ले सकें। उन्होंने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि पुलिस हर समय जनता की सेवा में तत्पर है।




## सांसद मनीष जायसवाल के निर्देशन में सूर्य मंदिर छठ घाट की सफाई शुरू



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इसी कड़ी में बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत सूर्य मंदिर छठ घाट की साफ-सफाई का कार्य रविवार को प्रारंभ किया गया। यह सफाई कार्य हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल के निर्देशन से कराया जा रहा है,जिससे श्रद्धालुओं को छठ पर्व के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।इस अवसर पर बड़कागांव विधानसभा मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी, मंडल सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार, कुशवाहा समाज के सचिव जयनाथ महतो, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार, गोकुल महतो, पश्चिमी पंचायत उपमुखिया सत्यदेव कुमार जय, राजकुमार, सुजीत कुमार, विपिन कुमार, संदीप कुमार, सोनू कुमार, चित्र दयाल कुमार, बिंदुल महतो समेत दर्जनों स्थानीय लोग एवं समाजसेवी उपस्थित रहे तथा सराहनीय योगदान रहा।सभी ने मिलकर घाट की सफाई में श्रमदान दिया और घाट को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाने में अपना योगदान दिया। लोगों ने बताया कि सांसद मनीष जायसवाल द्वारा हर वर्ष छठ पर्व से पूर्व घाट की साफ-सफाई और आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है।स्थानीय जनता ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्य सांसद द्वारा छठ पर्व के प्रति उनके समर्पण और आमजन की भावनाओं के प्रति उनकी संवेदनशीलता को दर्शाता है।

## अनुपम प्रकाश बने स्टेट चैंपियन, तीन स्वर्ण व एक कांस्य पदक से किया चौपारण का नाम रोशन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण :** मेहनत और लगन जब परिणाम में बदलती है, तो वह मिसाल बन जाती है। इसी का प्रमाण पेश किया है चौपारण के पूर्व थाना प्रभारी अनुपम कुमार ने। अनुपम प्रकाश को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खुद से सम्मानित किए। झारखंड पुलिस ड्यूटी मीट 2025 में उन्होंने तीन स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) और एक कांस्य पदक (ब्रॉन्ज मेडल) जीतकर स्टेट चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है। साथ ही, उत्तरी छोटानागपुर रेंज का ओवरऑल चैंपियन बनने का खिताब भी अनुपम प्रकाश ने अपने नाम किया, जिससे क्षेत्र का मान-सम्मान और बढ़ गया है।

उन्होंने कहा यह उपलब्धि उनके अनुशासन, टीमवर्क और समर्पण का परिणाम है। चौपारण में उनके कार्यकाल को मानवीय संवेदना और जनसेवा के लिए जाना जाता है। दुर्घटनाओं के दौरान अपने निजी वाहन से तत्काल मदद पहुंचाने की उनकी पहल ने पुलिस सेवा की एक नई मिसाल कायम की। सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में भी अनुपम प्रकाश ने हमेशा अग्रणी रहे हैं। अफीम की अवैध खेती के उन्मूलन के लिए उन्होंने बड़ा कदम उठाया था और उनके नेतृत्व में लगभग 500 एकड़ जमीन से अफीम की खेती को पूरी तरह नष्ट किया गया था। जो अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। चौपारण क्षेत्र में कानून-व्यवस्था के साथ-साथ सामाजिक सुधार की दिशा में अनुपम कुमार के प्रयासों को हर वर्ग से सराहना मिल रही है। लोगों का कहना है कि ऐसे अधिकारी ही असली प्रेरणा हैं, जो वर्दी के साथ इंसानियत का फर्ज भी निभाते हैं।

## बरही एसडीपीओ के नेतृत्व में चौपारण पुलिस का अफीम उन्मूलन अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण :** नशा मुक्ति और अवैध अफीम की खेती पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से चौपारण पुलिस द्वारा एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व बरही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार विमल ने किया। अभियान के तहत पुलिस टीम ने सुदूरवर्ती गांव नवाडीह, अहरि, सिलोदर और मूर्तियां का दौरा किया और ग्रामीणों को अफीम की अवैध खेती के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पुलिस पदाधिकारियों ने लोगों को बताया कि अफीम की खेती न केवल गैरकानूनी है, बल्कि इससे समाज में नशे की प्रवृत्ति भी बढ़ती है, जो युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बना देती है। इस दौरान ग्रामीणों को यह भी बताया गया कि यदि किसी इलाके में अफीम की खेती की जाती है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की कि वे ऐसी खेती से दूर रहें और प्रशासन को सहयोग करें ताकि क्षेत्र पूरी तरह नशामुक्त और अपराधमुक्त बन सके। अभियान के दौरान स्थानीय लोगों ने पुलिस टीम का स्वागत किया और अफीम की खेती के खिलाफ इस पहल की सराहना की। पुलिस ने आगे भी ऐसे जागरूकता अभियानों को जारी रखने की बात कही।

## भामाशाह विद्यालय में कला प्रदर्शनी एवं सजावट प्रस्तुतीकरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही में दीपावली पर्व के उपलक्ष्य मे भव्य कला प्रदर्शनी एवं सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस अवसर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के संरक्षक त्रिवेणी साहु जी तथा पदेन सदस्य एवं साहु समाज के मुखिया सुरेश साव जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथि परिचय प्रधानाचार्य जी ने करवाया। इस कार्यक्रम मे कक्षा चतुर्थ से दशम तक के भैया -बहनो ने अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन करते हुए तोरण, थाल सज्जा, दिवार भित्तिचित्र, तथा रंगोली बनाकर सभी का ध्यान आकर्षित किया साथ ही विद्यालय प्रांगण की शोभा बढा दी। सोहराई चित्रों मे ग्रामीण जीवन, पशु पक्षी और प्रकृति की झलक दिखाई दी, जबकि मधुबनी चित्रों मे भारतीय संस्कृति और परंपराओं का सुंदर चित्रण था। विद्यालय के प्रधानाचार्य जी ने कहा कि इस प्रकार की कला प्रतियोगिताएं भैया बहनो मे रचनात्मकता, एकता और सांस्कृतिक चेतना को बढावा देती है साथ ही कौशल का विकास होता है।

# सिकरी टाउनशिप में दिवाली मिलन समारोह का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड, पकरी बरवाडीह कोल माइनिंग प्रोजेक्ट ने दिवाली मिलन समारोह को उत्साह और हर्षोल्लास के साथ सिकरी टाउनशिप के खेल मैदान में मनाया। इस आयोजन में कर्मचारियों, उनके परिवारों, सीआईएसएफ कर्मियों और अन्य हितधारकों ने एक साथ मिलकर रोशनी, हंसी और सांस्कृतिक रंगों से भरपूर शाम का आनंद लिया। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई सुब्रत कुमार दाश परियोजना प्रमुख पकरी बरवाडीह ने, जिनके साथ अनीता दाश अध्यक्षा जागृति महिला संघ तथा एनटीपीसी कोल माइनिंग प्रोजेक्ट्स हजारीबाग के अन्य परियोजना प्रमुख भी उपस्थित रहे। शाम की शुरूआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन समारोह से हुई, जिसके बाद एनटीपीसी गीत का गायन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण था कुमार सत्यम का भावपूर्ण गजल प्रस्तुतीकरण, जो संगीत जगत के उभरते और प्रतिभाशाली कलाकारों में से एक हैं। उनकी सुरमयी आवाज ने वहां उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का समापन रंग-बिरंगी आतिशबाजी और उत्सवभोज के साथ हुआ, जो दीवाली के आनंद, एकता और उल्लास के प्रतीक हैं। इस समारोह ने सभी प्रतिभागियों के बीच एकता, सौहार्द और सांस्कृतिक समरसता की भावना को और प्रगाढ़ किया।

### रेनबो स्कूल बरही में रंगोली मेकिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**बरही :** दीपों का त्योहार दीपावली के अवसर पर शिवपुर गड़लाही स्थित रेनबो स्कूल बरही रंगोली मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन बड़े ही धूमधाम और उल्लास के साथ किया गया। विद्यालय परिसर रंग-बिरंगे रंगों और विद्यार्थियों की कलाकृतियों से जगमगा उठा। प्रतियोगिता में विद्यालय की सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों ने पारंपरिक, धार्मिक और सामाजिक संदेशों पर आधारित रंगोलियाँ तैयार कीं। विद्यालय के निदेशक सिकंदर प्रसाद कुशवाहा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि रंगोली हमारी भारतीय परंपरा और संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह त्योहारों की रौनक बढ़ाने के साथ-साथ सृजनात्मक सोच और सौंदर्यबोध को भी विकसित करती है। ऐसे आयोजन बच्चों में प्रतिभा को पहचानने और निखारने का अवसर देते हैं। उन्होंने आगे कहा कि दीपावली का वास्तविक अर्थ है अंधकार पर प्रकाश और अज्ञान पर ज्ञान की विजय। हमें अपने जीवन में सच्चाई, परिश्रम और सद्भाव का दीप जलाना चाहिए ताकि समाज में सकारात्मक परिवर्तन आ सके। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल द्वारा विद्यार्थियों की रंगोलियों का मूल्यांकन किया गया।

## एक नजर

### राजद नेता कुंज बिहारी साव ने नवमनोनीत जिलाध्यक्षों को दी बधाई

**बड़कागांव :** राष्ट्रीय जनता दल पिछड़ा प्रकोष्ठ झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू के द्वारा संगठन विस्तार की दूसरी सूची जारी की गई। कूल पाँच जिलाध्यक्ष मनोनीत किये गए, जिसमें सुनील कुमार कुशवाहा – रामगढ़, रवि कुमार गुप्ता – बोकारो, सत्येन्द्र कुमार शर्मा – धनबाद, बलराम प्रसाद साहू – लातेहार एवं बिरेन्द्र कुमार साव– कोडरमा शामिल हैं। हजारीबाग जिला के बड़कागांव से राजद पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष कुंज बिहारी साव ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इसके पहले भी कुछ जिलाध्यक्षों की घोषणाएं की गई थी और सभी अपने-अपने जिला में संगठन विस्तार हेतु बेहतर प्रयास कर रहे हैं। साव ने आगे बताया कि प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू सभी जिला का दौरा एवं प्रवास करने के बाद सहमति उपरांत ही घोषणा की गई है। साव ने रामगढ़ जिलाध्यक्ष सुनील कुमार कुशवाहा समेत सभी घोषित जिलाध्यक्षों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं और विश्वास भी जताया कि दल हित में सभी बेहतर कार्य करेंगे।

### स्मार्ट चैंप प्ले स्कूल में मनाई गई दीपावली उत्सव



**बरही :** पटना रोड बरही में संचालित स्मार्ट चैंप प्ले स्कूल बरही में दीपावली उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमे छोटे छोटे बच्चों ने आकर्षक रंगोली के साथ साथ आकर्षक दीपक की सजावट की गई। बच्चों को दीपावली की महत्व की जानकारी दी गई। छोटे छोटे बच्चों को पटाखे से दूर रहने की सलाह दी गई। प्राचार्या स्नेहा प्रिया ने बताया की उनके विद्यालय में हरेक पर्व त्योहार की जानकारी दी जाती है। पर्व त्यौहार से संबंधित कार्यक्रम आयोजित कर उनकी महता के बारे में बताया गया। मौके पर पिंकी गुप्ता, शारदा केशरी, अमिशा केशरी, सोनी देवी, उषा गुप्ता, जूही कुमारी, संजू गुप्ता, पूजा केशरी, श्रुति कुमारी, आशा देवी, ममता देवी आदि लोग मौजूद रहे।

### मयंक ऑटोमोबाइल इलेक्ट्रिक स्कूटी शोरूम का हुआ उद्घाटन

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत गोरियाकरमा में शनिवार को मयंक ऑटोमोबाइल इलेक्ट्रिक स्कूटी शोरूम का भव्य उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि बरही विधायक मनोज कुमार यादव रहे। उन्होंने फीता काटकर शोरूम का उद्घाटन किया और पहले ग्राहक को स्कूटी की चाबी एवं उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक मनोज यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में ऐसे शोरूम खुलने से लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और आधुनिक तकनीक से लैस इलेक्ट्रिक वाहनों तक ग्रामीणों की पहुँच बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि आज के समय में इलेक्ट्रिक वाहन प्रदूषण नियंत्रण और ईंधन बचत दोनों के लिए बेहद जरूरी हैं। शोरूम के डायरेक्टर मुकेश कुमार ने बताया कि मयंक ऑटोमोबाइल में क्षेत्र के लोगों को उचित मूल्य पर बेहतरीन क्वालिटी के इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ग्राहकों की संतुष्टि हमारी पहली प्राथमिकता है और सर्विस की सुविधा भी स्थानीय स्तर पर दी जाएगी। कार्यक्रम में स्थानीय मुखिया कुमारी मीरा, मुखिया विशेश्वर यादव, मुखिया प्रतिनिधि राजन ओम, मनोज कुशवाहा, खोरठा कॉमेडियन दिलीप वर्मा, आशीष पासवान, राजेश वर्मा, संतोष ठाकुर, सूरज मेहता, रामसेवक पासवान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और अतिथि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### टर्बो गाड़ी से मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर, चार युवक घायल

**बड़कागांव :** टर्बो गाड़ी एवं मोटरसाइकिल में बरवाडीह के पास जोरदार टक्कर हो गया। इसमें मोटरसाइकिल में सवार चार लोग घायल हो गए। मोटरसाइकिल सवार में कुलदीप कुमार पिता तिलेश्वर महतो, रौशन कुमार पिता गोविंद भुईयां, सुरेंद्र कुमार पिता मोहन प्रजापति, राजकुमार पिता स्व. कारीनाथ महतो शामिल है। सभी घायल बड़कागांव प्रखंड के ग्राम चेपकला के निवासी है। बताया जा रहा है कि यह चारों लोग एक ही मोटरसाइकिल में सवार होकर सफर कर रहे थे और अचानक टर्बो गाड़ी से जा टकराए और घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें स्वास्थ्य केंद्र बड़कागांव पहुंचाया गया। स्थिति को नाजुक देखते हुए सभी को हजारीबाग सदर भेज दिया गया है। चेपकला के स्थानीय लोगों से बात कर जानकारी लेने से पता चला कि कुलदीप कुमार पिता तिलेश्वर महतो की स्थिति नाजुक है। बाकी तीन लोगों की स्थिति ठीक है।

### पत्रकार ने पुत्र के जन्मदिन पर पौधे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**बड़कागांव :** पर्यावरण के प्रति लोगों में जागरूकता आने लगी है। इसी कड़ी में पत्रकार पिंटू कुशवाहा दिनकर, माता प्रीति कुमारी ने अपने पुत्र सम्राट पृथ्वीराज के तीसरे जन्मदिन के मौके पर परिवार जनो के साथ मिलकर तीन पौधे लगाने के साथ उनका संरक्षण करने का संकल्प लिया। उन्होंने इस मौके मित्रों, परिचितों व समस्त देशवासियों को भी अपने खुशी के मौके पर पेड़ पौधे लगाने की अपील की है। पत्रकार पिंटू कुशवाहा दिनकर ने कहा कि एक पेड़ 100 पुत्रों के बराबर होता है। एक छोटी सी पहल की जा रही है। जिस प्रकार से हमारा पर्यावरण दूषित हो रहा है उसे संरक्षण करने की अति आवश्यक है, हम खुशी के मौके पर पेड़ लगाकर अपनी खुशी का इजहार कर सकते हैं जिससे हमारा पर्यावरण भी शुद्ध होगा। आगे पत्रकार कुशवाहा ने कहा कि समाज के लिए पर्यावरण सरंक्षण की दिशा में सकारात्मक प्रयास बताते हुए सभी को शुभ अवसरों पर फिजूलखर्ची की बजाय पौधारोपण करने पर जोर दिया। मौके पर मुख्य रूप से प्रोफेसर वासुदेव प्रसाद, गीता भारती,प्रिंस कुमार, निक्की कुमारी,नित्यम कुमार, रानी पद्मावती सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### धनतेरस की जमकर हुई खरीदारी झाड़ू की खूब हुई बिक्री, जेवर दुकान चमके



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड में धनतेरस को लेकर प्रखंड के तमाम बाजारों में रौनक देखी गई सभी दुकानों में खरीदारों की भीड़ रही। जिसमें सबसे अधिक झाड़ू की खरीदार करने वाले संख्या अत्यधिक देखी गई। सभी जेवर दुकान, बर्तन दुकान, इलेक्ट्रॉनिक दुकान, बाइक शोरूम, राजधानी वस्त्रालय, गायत्री वस्त्रालय, बजाज शोरूम, हीरो शोरूम, टीवीएस शोरूम, लवली म्यूजिक, न्यू स्वाति इलेक्ट्रॉनिक्स, स्वाति इलेक्ट्रॉनिक्स, प्रदीप ज्वैलर्स एंड प्रियंका बर्तन भंडार, आरपी ज्वेलर्स, लक्ष्मी अलंकर ज्वैलर्स, सूरज ज्वेलर्स, अलंकृत ज्वेलर्स, पूजा ज्वैलर्स, बर्तन घर के अलावा अन्य संस्थानो एवं दुकानो में खरीदारों की भीड़ देखी गई। देर रात तक दुकाने खुली रही। एक अनुमान के अनुसार प्रखंड में लगभग 10 करोड रुपए का कारोबार होने का अनुमान लगाया गया है।

### समाज सेवी खेंटू राम के ब्रह्मम भोज में शामिल हुए सलगा पंचायत के मुखिया



**केरेडारी:** के अंतर्गत ग्राम पंचायत सलगा के टोला सोहानपुर के समाजसेवी स्वर खेंटू राम के ब्रह्मम भोज में शामिल हुए सलगा पंचायत के मुखिया पार्वती देवी। सलगा पंचायत के रविदास महासभा के अध्यक्ष विनोद कुमार राम, शामिल हुए खेंटू राम को आकस्मिक मृत्यु हो जाने के कारण से केरेडारी प्रखंड के विभिन्न गांव के ग्रामीण शोक में पड़े खाटू राम एक समाजसेवी ऐसी थे जो किसी भी बिगड़ा हुआ घर परिवार को सुधार करने में काफी सक्षम रहते थे और हर गली गली में जाकर इनकी प्रचार प्रसार के माहौल बन गया समाजसेवी के रूप में होता था उनकी मृत्यु होने के पश्चात दो दिन पहले अचानक पेट दर्द हुआ और अपने निजी आवाज सोहानपुर में दिनांक 7.10.2025 को अंतिम सांस लिए थे मृतक के बाद पुत्र जगन्नाथ राम छोटा पुत्र चरकू राम बड़ी बहू बीना देवी, छोटी बहू आशा देवी बड़ा पोता बबलू कुमार राम ,राहुल कुमार राम, कुंदन कुमार राम, वाचिंग कुमार राम एवं बड़ी बेटी मुनिया देवी छोटी बेटी नगीना देवी बड़ा दामाद चुरामेंन राम छोटा दामाद कैलाश राम को रो-रो कर बुरा हाल हो गया है खेंटू राम जब अपने निजी आवाज से दह संस्कार के लिए जब समाज के द्वारा निकल रहे थे तो उनकी धर्म पत्नी की काफी रोते हुए हालात बिगड़ गया था आज जो लोग सारे परिवार बिना पिता का हो गए स्वर खेंटू राम के ब्रह्मम भोज के उपलक्ष में समाज के लोग एवं केरेडारी प्रखंड के कुछ अदर समाज के लोग खाटू राम के प्रतिमा में फूल माला चढाकर उनकी आत्मा को शांति के लिए प्रार्थना किया ब्रह्मम भोज की रात्रि में बैरागी के कार्यक्रम बड़ी ही धूमधाम से एक से एक चढ़ बढ़कर झांकी एवं संगीतकार के द्वारा रात भर प्रोग्राम चला मौके पर उपस्थित मनोज कुमार राम, अशोक राम, बिनोद राम, कोली राम, भोली राम, लालो राम, केलूं राम महेंद्र राम धनंजय राम संजय कुमार दास पवन दास विष्णुकांत राम आजाद कुमार उज्जवल कुमार छोटू कुमार बादल कुमार राजू कुमार राम सलगा समाज के सभी बुद्धिजीवी एवं नवयुवक लोग शामिल हुऐ ।

### धनतेरस पर चौपारण बाजार में उमड़ा श्रद्धा और उत्साह का सैलाब

**चौपारण :** धनतेरस के शुभ अवसर पर चौपारण बाजार समेत प्रखंड के महराजगंज, बसरिया, रामपुर, पाण्डेयबारा, सिंघरावा, सेल्हारा, बारा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सुबह से ही श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला। परंपरा के अनुसार लोगों ने शुभ मुहूर्त में बर्तन, चांदी के सिक्के, लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमा और झाड़ू की खरीदारी की। बाजारों में बर्तन, ज्वेलरी, मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक दुकानों पर ग्राहकों की भारी भीड़ रही। गरीब परिवारों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार छोटी सामग्री या झाड़ू खरीदकर परंपरा निभाई। दुकानदारों के चेहरों पर भी खुशी झलक रही थी। अधिकांश दुकानों को रंग-बिरंगी लाइटों, फूल मालाओं और ह्यशुभ लाभह्न, ह्यऊँह्न, ह्यश्रीह्न जैसे शुभ चिह्नों से सजाया गया था। त्यौहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चौपारण थाना प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी के नेतृत्व में पुलिस बल लगातार बाजार क्षेत्र में गश्त कर रही थी।

# धनतेरस पर बाजारों में उमड़ी भीड़, लोगों ने की बर्तन व मूर्तियों की खरीदारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** धनतेरस के शुभ अवसर पर आज रांची के बाजारों में रौनक देखने लायक है सुबह से ही शहर के प्रमुख बाजारों मेन रोड, लालपुर, अपर बाजार और डोरंडा बाजार में खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। हर कोई इस शुभ दिन पर नई चीजें खरीदने के लिए उत्साहित दिखा। हर साल की तरह इस बार भी धनतेरस पर झाड़ू की मांग सबसे अधिक रही। लोग मानते हैं कि इस दिन झाड़ू खरीदना मां लक्ष्मी को प्रसन्न करता है और घर में समृद्धि लाता है। बाजार में झाड़ू की कीमतें 90 रुपये से लेकर 120 रुपये तक है। पूजा-पाठ और दीप जलाने के लिए करंज के तेल की भी खूब मांग है। करंज तेल 160 रुपये प्रति लीटर तक बिका। इसके साथ ही मिट्टी के दीयों, दीपावली घरों और सजावटी दीयों की भी बड़ी मात्रा में खरीदारी की जा रही है। ग्राहक घरों और मंदिरों को सजाने के लिए रंगीन और सुगंधित







दीयों के साथ सजावटी लाइट्स भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बना। धनतेरस के साथ ही लोग लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां खरीदने में भी पीछे नहीं । दुकानों पर छोटी मूर्तियों की कीमत 30 रुपये से शुरू होकर बड़ी और डिजाइनर मूर्तियों की कीमत 2500 रुपये तक है। कई दुकानों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए सुंदर सजावट की गई है। बर्तन की दुकानों पर लोगों की अच्छी खासी भीड़ देखी गई। स्टील, पीतल और चांदी के बर्तनों की बिक्री पिछले साल की तुलना में इस साल काफी अधिक डिमांड में रही। साथ ही कई लोग इस शुभ दिन पर नई गाड़ियाँ खरीदते भी नजर आए। ऑटोमोबाइल शोरूमों में भी ग्राहकों की लंबी लाइनें रहीं। भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने बाजारों में विशेष सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था की है। जगह-जगह ट्रैफिक पुलिस तैनात रही ताकि लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो।

## एक नजर

### रांची नगर निगम कर्मियों को मिला अक्टूबर माह का वेतन

**रांची :** राज्य सरकार के निर्देश के आलोक में एवं प्रशासक सुशांत गौरव के प्रयास से दीपावली और छठ महापर्व से पहले रांची नगर निगम के सभी पदाधिकारियों और कर्मियों को अक्टूबर 2025 माह का वेतन भुगतान कर दिया गया है। प्रशासक सुशांत गौरव ने सभी कर्मियों को आगामी पर्व-त्योहारों की शुभकामनाए दीं। उन्होंने अपील की कि सभी कर्मचारी त्यौहारों को स्वच्छता और सामुदायिक सहभागिता के साथ मनाएं, ताकि शहर की सुंदरता और साफ-सफाई बरकरार रहे।

### 5वीं इंडियन ओपन अंडर-23 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में झारखंड के विशाल व सुप्रीती ने जीता स्वर्ण



**रांची :** तेलंगाना के वारंगल में आयोजित 5वीं इंडियन ओपन अंडर-23 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। गुमला की अंतरराष्ट्रीय एथलीट सुप्रीती कच्छप ने 5000 मीटर दौड़ में 17 मिनट 09.59 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं, विशाल बहादुर ने ट्रिपल जंप में 16.12 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में झारखंड ने कुल 4 पदक जीते। राज्य के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर खेल मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक शेखर जमुआर, झारखंड एथलेटिक्स संघ के चेयरमैन डॉ मधुकांत पाठक, अध्यक्ष सीडी सिंह, सचिव एसके पांडे, कोच विनोद सिंह, आशु भाटिया, अरविंद कुमार, बिनोद कुमार, योगेश यादव और प्रभात रंजन तिवारी सहित अन्य पदाधिकारियों ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी।

### रांची में भूमि पर कब्जे का प्रयास, पीड़ित ने मुख्यमंत्री से की शिकायत

**रांची :** राजधानी रांची में जमीन पर अवैध कब्जे के प्रयास का मामला सामने आया है। चर्च रोड, लोअर बाजार थाना क्षेत्र निवासी पवन कुमार ने मुख्यमंत्री झारखंड को आवेदन देकर इस संबंध में कार्रवाई की मांग की है। पवन कुमार ने अपने आवेदन में बताया है कि उनके दादा स्वर्गीय विश्वनाथ प्रसाद के नाम पर कोकाटो स्थित खाता नंबर 401, प्लॉट नंबर 2894 सहित कई अन्य प्लॉटों की जमीन है। इस भूमि पर वर्षों से उनका परिवार शांतिपूर्वक काबिज है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोगों द्वारा इस जमीन पर जबरन कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। शिकायत में कहा गया है कि रांची के ही मनकूत आलम, निवासी कलाली टोली, लोअर बाजार, अपने कुछ सहयोगियों के साथ जबरन निर्माण कार्य कराने की कोशिश कर रहे हैं। पवन कुमार ने बताया कि शुक्रवार रात जब उन्होंने इस संबंध में 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी, तो कॉल नहीं लग सका। रात में लोअर बाजार थाना जाकर उन्होंने शिकायत दर्ज कराई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। आवेदन में पवन कुमार ने यह भी उल्लेख किया है कि उक्त भूमि पर टाइटल सूट मुकदमा संख्या 05/12 कोर्ट में पहले से ही लंबित है। बावजूद इसके विरोधी पक्ष जबरन कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए।

## दीपावली पर पटाखा विक्रेताओं और नागरिकों के लिए दिशा-निर्देश जारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची जिला प्रशासन ने दीपावली के दौरान आगजनी या किसी भी आपात स्थिति से बचने के लिए पटाखा विक्रेताओं और आम नागरिकों से सावधानी बरतने की अपील की है। प्रशासन ने सभी को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी सुरक्षा निर्देशों का पालन करने को कहा है। प्रशासन ने साफ कहा है कि जो भी पटाखा विक्रेता इन नियमों का पालन नहीं करेगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**पटाखा विक्रेताओं के लिए जरूरी नियम**

पटाखे केवल प्रशासन द्वारा तय स्थानों पर ही बेचें, बिक्री से पहले प्रशासन और अग्निशमन विभाग से अनुमति पत्र या एनओसी जरूर लें,सड़क किनारे, बाजार, पेट्रोल पंप या भीड़भाड़ वाले स्थानों पर बिक्री न करें, केवल ऐसे पटाखे बेचें जो पर्यावरण को नुकसान न पहुंचाएं,125 डेसिबल से अधिक आवाज वाले पटाखे न बेचें, बच्चों को बिक्री में न लगाएं, बिजली की वायरिंग प्रशिक्षित इलेक्ट्रीशियन से कराएं और केवल क्रक मार्क वाले तारों का इस्तेमाल करें,दुकान या पंडाल में पेट्रोल, डीजल, केरोसिन जैसी ज्वलनशील चीजें न रखें।

## रांची नगर निगम की तैयारी तेज-प्रशासक ने जेल तालाब और चडरी तालाब का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर रांची नगर निगम पूरी तैयारी में जुटा है। इसी क्रम में आज प्रशासक सुशांत गौरव ने जेल तालाब और चडरी तालाब का निरीक्षण किया। उन्होंने दोनों तालाबों की साफ-सफाई और व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा कई जरूरी निर्देश दिए। प्रशासक ने कहा कि ये दोनों तालाब छठ पर्व के समय सबसे अधिक भीड़ वाले स्थानों में हैं, इसलिए श्रद्धालुओं और व्रतियों को सभी सुविधाएं मिलनी चाहिए। उन्होंने निगम की टीम को साफ-सफाई, सुरक्षा और व्यवस्था



पर विशेष ध्यान देने को कहा।

**जेल तालाब के लिए निर्देश**

सफाई व्यवस्था को और बेहतर करने का आदेश दिया गया। पानी की शुद्धता के लिए फिटकरी और ब्लीचिंग पाउडर का प्रयोग सुनिश्चित करने को कहा।

पेवर ब्लॉक की मरम्मत और पेंटिंग जल्द पूरी करने का निर्देश। काली पूजा के विसर्जन स्थल को पहले से तय करने और तालाब को प्रदूषणमुक्त रखने को कहा। सुरक्षा के लिए नो-एंट्री जोन बनाने और असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने का निर्देश। चडरी तालाब के लिए निर्देश प्रवेश मार्ग का समतलीकरण जल्द पूरा करने को कहा गया। नालियों की सफाई और नए स्लैब लगाने का निर्देश। परिसर के पेड़ों की छटाई और रोशनी की बेहतर व्यवस्था करने को कहा।

छठ व्रतियों के लिए विशेष व्यवस्था प्रशासक ने बताया कि सभी छठ घाटों पर कृत्रिम चेंजिंग रूम बनाए जा रहे हैं।

## झारखंड के आईजी अभियान ने की समीक्षा बैठक बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर दिए निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के पुलिस महानिरीक्षक सह स्टेट पुलिस नोडल पदाधिकारी डॉ. माईकलराज एस ने शनिवार को बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में बिहार से लगते झारखंड राज्य के जिलों के पुलिस अधीक्षकों के साथ व्यापक रूप से सुरक्षा की समीक्षा की गयी। पुलिस महानिरीक्षक की समीक्षा बैठक में हजारीबाग, गढ़वा, चतरा, गिरिडीह, गोड्डा, पलामू, कोडरमा, देवघर, साहेबगंज और दुमका के पुलिस अधीक्षक शामिल हुए। बैठक के दौरान पुलिस महानिरीक्षक ने पुलिस अधीक्षकों को बिहार-झारखंड के सीमावर्ती जिलों में अपराधियों, असामाजिक तत्वों एवं नक्सलियों के विरूद्ध अभियान



चलाने का निर्देश दिया। साथ ही अवैध शराब, मादक पदार्थ, अवैध आग्नेयास्त्र और अवैध धन के अंतरराज्यीय संचारण की रोकथाम के लिए स्थापित किये गये अंतरराज्यीय चेक पोस्ट, मिरर चेक पोस्ट के कार्यों की समीक्षा की गयी। पुलिस महानिरीक्षक ने सभी बिन्दुओं पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए आवश्यक कार्रवाई करने के लिए कहा। उन्होंने मिरर चेक पोस्ट सक्रिय करने, अंतर्राज्यीय वांछित अपराधियों-वारंटियों और हिस्ट्रीशीटरों के बारे में संयुक्त रूप से सूचना साझा करते कार्रवाई करने का निर्देश दिया, साथ ही सक्रिय अंतरराज्यीय संगठित अपराध और आपराधिक गिरोहों के सरगना सहित उनके सदस्यों तथा बिहार राज्य के वांछित अपराधकर्मी, जो झारखंड राज्य के निवासी हैं, उनके विरूद्ध संयुक्त कठोर कार्रवाई करने के लिए संबंधित पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया गया, ताकि बिहार विधानसभा चुनाव निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जा सके। बिहार विधानसभा का चुनाव निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, स्वतंत्र एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए विडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से यह बैठक आयोजित की गई।

## इप्सोवा के दीवाली मेले में झूमे बच्चे लोकगीत संगीत पर थिरके कलाकार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** इप्सोवा के 25वें स्थापना वर्ष के अवसर पर डोरंडा के जैप में ग्राउंड आयोजित दीवाली मेला के अवसर पर शनिवार को पारंपरिक संस्कृति, बच्चों की प्रतिभा और संगीत का सुंदर संगम देखने को मिला। साथ ही स्थानीय लोक कलाकारों की ओर से कई प्रस्तुति ने समा बांध दिया। इसमें राजस्थानी, काबेलिया और स्थानीय लोक कलाकारों ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोहा। रंग-बिरंगे परिधानों, पारंपरिक संगीत और नृत्य की लय ने पूरे वातावरण को जीवंत बना दिया। साथ ही छोटे-छोटे बच्चों ने परेड ग्राउंड में एयरो मॉडलिंग-यानि छोटे विमान बनाने और उड़ाने की कला और आर्चरी का आनंद भी छोटे बच्चों ने लिया। मेले की शुरूआत स्कूली विद्यार्थियों की प्रतियोगिता से हुई, जिसमें डीपीएस, केराली, लोरेटो, सेंट



जेवियर्स, जेवीएम और डीएवी हेहल स्कूल के छात्रों ने हिस्सा लिया। इस दौरान बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और ऊर्जा से सबों का दिल जीता। कार्यक्रम में डॉक्टर्स एसोसिएशन के सदस्यों के साथ ही झारखंड हाईकोर्ट के कई जजों ने भी हिस्सा लिया। सबों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। मेले में लाइव पॉटरी मेकिंग, सोहराय पेंटिंग और पोर्ट्रेट मेकिंग भी हुआ। वहीं, पुलिस मॉडर्नाइजेशन स्टॉल्स में हथियार, गोला-बारूद और लैंड माइन वाहन प्रदर्शित किए गए, जिसका हर किसी ने आनंद किया।

## आदिवासियों की आरक्षित सीट पर धर्मांतरित ईसाई कर रहे कब्जा : निशा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** धुर्वा प्रभात तारा मैदान में आयोजित आदिवासी हुंकार रैली से मंच से उतारने के दूसरे दिन कचहरी स्थित टीआरआई बिल्डिंग पर संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया। इस मौके पर केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि यह रैली आदिवासी अस्मिता की लड़ाई के नाम पर एक साजिश थी। रैली में कई फर्जी आदिवासी और धर्मांतरित ईसाई समुदाय के लोग शामिल थे, जिन्होंने आदिवासी समाज को गुमराह करने का काम किया। तिर्की ने कहा कि यह दिन आदिवासी समाज के लिए काला दिवस के रूप में याद किया जाएगा। लाखों की भीड़ दिखाकर



कुछ लोग घाटशिला में सता पर कब्जा करना चाहते है।

**निशा भगत को मंच से हटाया गया, कहा- आदिवासी समाज को छलने की कोशिश**

रैली में केंद्रीय सरना समिति की महिला अध्यक्ष निशा भगत ने कहा कि यह रैली असल में कुड़मी समाज को एसटी दर्जा देने के विरोध के लिए बुलाई गई थी, लेकिन ईसाई मिशनरी तत्वों ने इसका राजनीतिकरण कर दिया। रैली के दौरान निशा भगत और फूलचंद तिर्की को मंच से नीचे उतार दिया गया. निशा भगत ने कहा कि ईसाई मिशनरी फंड से मंच तैयार किया गया था. आदिवासी धर्म और देवी-देवताओं को भूत-प्रेत कहकर उनका अपमान किया गया। धर्मांतरित ईसाई विधायक आदिवासी आरक्षण पर कब्जा कर रहे हैं। निशा भगत ने आरोप लगाया कि धर्मांतरित ईसाई अब आदिवासियों के हक पर कब्जा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड विधानसभा की 28 आदिवासी आरक्षित सीटों में से 10 सीटों पर धर्मांतरित ईसाई विधायक काबिज हैं। उन्होंने यह भी कहा कि चंगाई सभा और बाइबल प्रचार के नाम पर आदिवासी समाज को ठगा जा रहा है। भारत में शिक्षा और स्वास्थ्य के नाम पर मिशनरियों ने व्यापार खड़ा किया है। ईसाई बनो और आरक्षण पर कब्जा करो यही उनकी नीति है। समाज चलाना है तो रूढ़ि-प्रथा का पालन जरूरी फूलचंद तिर्की ने कहा कि केंद्रीय सरना समिति केवल रूढ़िवादी प्रथाओं और परंपरागत आदिवासी धर्म को मानने वालों का संगठन है। उन्होंने आदिवासी नेताओं को चेतावनी दी पार्टी से पहले समाज की सेवा करें। समाज का आंदोलन मिशनरियों के फंड से नहीं, अपने खून-पसीने से चलना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### गुरु नानक सत्संग सभा का शुक्राना समागम 20 को



**रांची :** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा, कृष्णा नगर कॉलोनी, रातू रोड में 20 अक्टूबर को शुक्राना समागम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर तडके सुबह विशेष दीवान सजाया जाएगा। इस दीवान में यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं की ओर से श्री सुखमनी साहिब जी के 51 सामूहिक पाठ पढ़कर वाहेगुरु का शुकराना अदा करेंगे। मौके पर सत्संग सभा द्वारा चाय नाश्ते का लंगर भी चलाया जाएगा। यह जानकारी सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।पपनेजा ने बताया कि इसी दिन बंदी छोड़ दिवस दीपावली के उपलक्ष्य में शाम 7:30 बजे से रात 9:30 बजे तक विशेष दीवान सजाया जाएगा। इस दीवान में हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह की ओर से शबद गायन होगा। श्री अनंद साहिब जी के पाठ, अरदास, हुकुमनामा और प्रसाद वितरण के साथ दीवान की समाप्ति रात 10:45 बजे होगी। वहीं सत्संग सभा के सचिव सुरेश मिढा ने समूह साध संगत से इन दोनों दीवानों में हाजिरी भर गुरु घर की खुशियां प्राप्त करने की अपील की है। नरेश पपनेजा ने बताया कि श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 556वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में 24 अक्टूबर से प्रभात फेरी की शुरूआत होगी। तीन नवंबर को कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित बिड़ला मैदान से भव्य नगर कीर्तन निकाला जाएगा। नगर कीर्तन में पुष्प से सुसज्जित सवारी पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को विराजमान कर पांच निशानची और पांच प्यारों की अगुवाई में नगर भ्रमण कराया जाएगा।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**रांची :** दीपावली के शुभ अवसर पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा में शनिवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के सभी छह सदनों के भैया-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी सृजनशीलता का सुंदर प्रदर्शन किया। रंगोली के माध्यम से विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति, पर्व-परंपरा और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों को भी मनमोहक रूप में प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय के मंत्री अखिलेश्वर नाथ मिश्र ने उपस्थित होकर सभी विद्यार्थियों, कर्मचारियों और आचार्यों को दीपावली और छठ व्रत की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर समिति के सदस्य लाल अशोक नाथ शाहदेव, प्राचार्य ललन कुमार, उपप्राचार्य मीना कुमारी, माध्यमिक खण्ड के प्रभारी शुभश्री तिवारी सहित अन्य आचार्य मौजूद थे।

### 175वां श्री श्याम भंडारा का भव्य आयोजन



**रांची :** 175 वा श्री श्याम भंडारा श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 175 वा श्री श्याम भंडारा का भव्य आयोजन किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका महामंत्री गौरव अग्रवाल कोषाध्यक्ष मनोज खेतान उपाध्यक्ष अशोक लड़ियां निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश सरावगी निवर्तमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया श्यामसुंदर शर्मा बलवंत लाल कुमारी नीलमणि सुतीक्ष्ण सुमन ने संयुक्त रूप से श्री श्याम भोग का भजन गायन किया । उपस्थित सैकड़ो भक्तों ने आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी रुच रुच भोग लगाओ बाबा श्याम जी के स्वर में स्वर मिलाकर भक्ति भावना से ओत प्रोत होकर ठाकुर जी से भोग स्वीकार करने का अनुरोध किया। खाटूनरेश बजरंगबली शिव परिवार लड्डू गोपाल जी शालिग्राम जी गरुड़ जी गुरुजनों का भोग लगाकर महाप्रसाद को विशाल भंडारे में मिश्रित किया गया। बलवंत लाल सुमन कुमारी नीलमणि ने सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को भोग प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। भंडारे का समय होते-होते श्री श्याम मंदिर परिसर भक्तों से भर गया एवं हरमू रोड में भक्तजनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। खाटूनरेश की जय जयकारों से पूरा हरमू रोड गूंज रहा था। प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के बीच श्री श्याम भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया। श्री श्याम मंदिर में निर्मित प्रसाद में आज के भंडारे में अजवाइन कचौड़ी आलू कद्दू लौकी मिक्स सब्जी और केसरिया जलेबी का प्रसाद वितरण किया गया। खीर चूरमा का भोग हर भंडारे में महाप्रसाद के रूप में श्याम मंदिर में निर्मित किया जाता है एवं सर्वप्रथम भोग लगाया जाता है।

### बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री से अवैध पत्थर खनन पर कार्रवाई की मांग की

**रांची :** झारखंड में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर बोरियो अंचल के अवैध पत्थर खनन मामले में पत्थर माफिया सत्यनाथ साह पर कार्रवाई करने की मांग की है। बाबूलाल मरांडी ने पत्र में कहा है कि सत्यनाथ साह को पत्थर खनन के लिए चार एकड़ जमीन का खनन पट्टा दिया गया था, लेकिन उन्होंने लगभग 20 एकड़ जमीन पर अवैध पत्थर खनन किया है। इस मामले में साहेबगंज के उपायुक्त के निर्देश पर दो सदस्यीय टीम ने जांच की और अवैध खनन की पुष्टि की है। मरांडी ने अपने पत्र में यह आरोप भी लगाया है कि सत्यनाथ साह ने 20 एकड़ जमीन पर अवैध पत्थर खनन कर झारखंड सरकार को लगभग 200 करोड़ रुपये राजस्व की क्षति पहुंचाया है, लिहाजा, अवैध पत्थर खनन मामले में सत्यनाथ साह पर कड़ी कार्रवाई की जाए और राजस्व नुकसान की वसूली की जाए। उन्होंने अवैध खनन को तुरंत रोकने और सूचक को जान-माल की क्षति से बचाने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग भी मुख्यमंत्री से की है।

# धनतेरस पर बोकारो-चास के बाजारों में रही जबरदस्त रौनक, 300 करोड़ से अधिक का हुआ कारोबार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** धनतेरस पर शनिवार को बोकारो और चास के बाजारों में सुबह से देर शाम तक जबरदस्त रौनक देखने को मिली। पूरे दिन ग्राहकों की भीड़ दुकानों और शोरूम में उमड़ती रही। अनुमान है कि इस बार करीब 300 करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार हुआ।सुबह 10 बजे से ही बाजारों में चहल-पहल शुरू हो गई थी जो शाम होते-होते चरम पर पहुंच गई। सिटी सेंटर सेक्टर-4, दूंदीबाद बाजार, सेक्टर-9बी, सेक्टर-1 राम मंदिर मार्केट और चास के प्रमुख बाजारों में खरीदारों की भीड़ जमा रही। भीड़ के कारण कई जगह जाम की स्थिति भी बनी रही, फिर भी लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ।आकर्षक सजावट और ऑफरों से सजे बाजारों में घर-गृहस्थी से जुड़े सामानों की





जमकर खरीददारी हुई। धनतेरस पर लोगों ने परंपरा अनुसार झाड़ू खरीदकर शुभ शुरूआत की, फिर बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स, वाहन, ज्वेलरी, लक्ष्मी-गणेश और कुबेर की मूर्तियों की खरीददारी की। झाड़ू की बिक्री से करीब 20 लाख रुपए का कारोबार हुआ।ऑटो डीलरों के अनुसार, इस बार 1,500 से अधिक वाहनों की बुकिंग और डिलीवरी हुई, जिनमें 700 कारें और एसयूवी तथा 800 से ज्यादा दोपहिया वाहन शामिल रहे। इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री भी इस बार आकर्षण का केंद्र रही। चारपहिया वाहनों की बिक्री में 25% और दोपहिया वाहनों की बिक्री में 20% की वृद्धि दर्ज की गई।सराफा कारोबारियों ने बताया कि ज्वेलरी बाजार में भारी भीड़ रही। ग्राहकों ने सोने-चांदी के सिक्कों से लेकर हल्के वजन के गहनों और डायमंड ज्वेलरी तक जमकर खरीदी की। दुकानों में मेकिंग चार्ज पर छूट, सस्ते गोल्ड रेट और आकर्षक उपहारों के ऑफर दिए गए। इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, कंप्यूटर, लैपटॉप और मोबाइल की बिक्री भी खूब हुई।

## एक नजर

### मॉडर्न पब्लिक स्कूल की एक इकाई में बच्चों ने दिवाली का जश्न मनाया




**कोडरमा :** झुमरी तिलैया स्थित मॉडर्न किड्स पैराडाइज, मॉडर्न पब्लिक स्कूल के बच्चों ने दिवाली के त्योहार को बड़ी धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर बच्चों ने पूजा-अर्चना के साथ दिवाली के जश्न की शुरूआत की। स्कूल में रंगोली बनाने की प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। रंगोली डिजाइनों में बच्चों की रचनात्मकता और कल्पनाशीलता देखने लायक थी। इस अवसर पर स्कूल की निर्देशिका संगीता शर्मा ने छात्रों को दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उत्सव आप सभी के जीवन में ढेर सारी खुशियां लाए। वहीं प्राचार्य गुरु चरण वर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए दिवाली के महत्व और त्योहार के पीछे की कहानियों के बारे में बताया। उन्होंने बच्चों को त्योहारों के महत्व और सांस्कृतिक विरासत को समझने के लिए प्रोत्साहित किया। स्कूल में दिवाली का त्योहार बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरे विद्यालय परिवार की भूमिका सराहनीय रही।

### द हेरिटेज एकेडमी स्कूल में दीपावली ड्रॉइंग कंपटीशन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**डोमचांच/ कोडरमा :** डोमचांच स्थित द हेरिटेज एकेडमी स्कूल के बच्चों ने दीपावली के शुभ अवसर पर छोटे,छोटे बच्चों ने पेंटिंग कंपटीशन में भाग लिया। बता दें की इस उपलक्ष्य पर विद्यालय प्रबंधन के द्वारा दीपावली संबंधित बच्चों से क्रिया कलाप करने का निर्णय लेकर समाज को जागरूक करने को लेकर प्रेरित किया। निदेशक उमेश सिंह ने जानकारी साझा करते हुए कहा कि इस तरह के क्रिया कलाप से बच्चों में अलग उत्साह व जानकारी मिलती है जिससे कि वें अपने भविष्य में अपने जीवन यापन में प्रयोग सही से कर पाएं और लोगो को जागरूक भी करें। साथ ही उन्होंने बताया कि इस तरह के प्रतियोगिता से बच्चों का शारीरिक और मानसिक का विकास होता है।अपने आस पड़ोस के लोगों से भी साफ सफाई करने के लिए प्रेरित करे। इस कार्यक्रम में ,प्राचार्य रंजन कुमार सिंह, शिक्षिका कविता कुमारी,साहिन परवीन,जीनत प्रवीण,सूरज कुमार आदि स्कूल के रानी कुमारी लक्ष्य कुमार, अक्षय कुमार ,सत्यम कुमार, श्रेष्ठ कुमार, आरोही कुमारी, आयांश कुमार,सोनम कुमारी ,सोनिका कुमारी नेहा कुमारी प्रीतम कुमार पीयूष कुमार यदि सभी वर्ग के छात्र,छात्राएं उपस्थित रहे।

### पेड़ से लटका मिला अज्ञात शव, आत्महत्या की आशंका

**बोकारो:** कसमार प्रखंड के दांतू डाक बंगला के पीछे शनिवार को एक अज्ञात युवक का शव पलाश के पेड़ से लटका हुआ मिला है। स्थानीय लोगों की सूचना पर थाना प्रभारी भजनलाल महतो पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बताया कि शव पर कोई चोट या जख्म के निशान नहीं मिले हैं। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। फिलहाल युवक की पहचान नहीं हो सकी है, इसलिए शव को थाने में सुरक्षित रखा गया है। पुलिस ने आसपास के गांवों में लापता व्यक्तियों से संबंधित जानकारी खंगाल रही है।

## चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल में रंगोली कार्यक्रम का भव्य आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** चाणक्य इंटरनेशनल आवासीय विद्यालय में दीपावली के उपलक्ष्य में बड़े ही धूमधाम से रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस रचनात्मक प्रतिस्पर्धा में बच्चों ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मौहरी वैश्य महामंडल के केंद्रीय उपाध्यक्ष रवि कपसीमें और समाजसेवी सूरज पासवान मौजूद रहे। अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए, विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।
रंगोली प्रतियोगिता के परिणामः
प्रथम स्थानः नेहा ग्रुप, द्वितीय स्थानः अंशिका ग्रुप, तृतीय स्थानः मैयाशा ग्रुप, चतुर्थ स्थानः रोशनी ग्रुप, अभिभावकों को राहतः



इस अवसर पर, विद्यालय के निदेशक मुन्ना सर ने अभिभावकों को बड़ी राहत दी। दीपावली और छठ पूजा के शुभ मौके पर, विद्यालय में नए नामांकन लेने वाले बच्चों के लिए एक माह का मासिक शुल्क माफ करने की घोषणा की गई। इस पहल से अभिभावकों में खुशी का माहौल है।

## डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल में चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 के उपलक्ष्य में चल रहे तीन माह के निवारक सतर्कता अभियान के अंतर्गत बीएसएल के सतर्कता विभाग द्वारा डी ए वी इस्पात पब्लिक स्कूल, सेक्टर-12/ए, में विद्यार्थियों के लिए चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के कुल 84 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में सतर्कता, ईमानदारी एवं नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है। विद्यार्थियों ने सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी विषय पर चित्रकला एवं भाषण के माध्यम से अपने विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बीएसएल के शनि



रंजन, सहायक महाप्रबंधक, पंकज कुमार, वरीय प्रबंधक के साथ प्रवीण कुमार प्राचार्य एवं सतर्कता विभाग के अधिकारी, शिक्षकगण और विद्यार्थी उपस्थित थे। विद्यालय के शिक्षकों ने इस पहल की सराहना की और इसे बच्चों में नैतिक जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास बताया। कार्यक्रम का आयोजन सतर्कता विभाग की टीम द्वारा किया गया। कार्यक्रम के विजेताओं को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम का सञ्चालन डी ए वी इस्पात पब्लिक स्कूल, सेक्टर-12/ए के शिक्षक मनोज कुमार मिश्रा एवं शिक्षिका सुश्री प्रियंका के द्वारा किया गया।

## वाईपीएस पब्लिक स्कूल में रंगोली कार्यक्रम का हुआ आयोजन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**डोमचांच/ कोडरमा :** युवा प्रगति संघ के तत्वाधान में संचालित वाई.पी.एस.पब्लिक स्कूल, शिवसागर डोमचांच में दीपावली के शुभ अवसर पर रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न कक्षा के बच्चों ने बड़ी उत्सुकता के साथ मनमोहक रंगोली की कलाकृतियों को बनाये। जिसमें बच्चों ने अपनी-अपनी रचनात्मक कलाओं का भाव रंगोली के माध्यम से प्रदर्शित किये। रंगोली कार्यक्रम के प्रतिभागी निम्न रूप से हैं; सोनम कुमारी प्रतिभा, सोनाक्षी ,अंकित तथा शैलेश कक्षा सप्तम एवं अष्टम से। चांदनी ,जीविका शर्मा ,पूनम ,अश्विन प्रवीण एवं रिशु कुमारी कक्षा छठा से। परी, आरुषि,साक्षी,शिवजल तथा मोनु कक्षा पंचम से। प्रिंस ,आदित्य ,अमृता, मुस्कान ,आदर्श ,पीयूष, विराट, अभय तथा अंकुश कक्षा चतुर्थ से। राधिका, श्रेयांशी ,सुप्रिया, सिमरन, दीपेश,आर्यन, रूही, शिवनंदन तथा रोशन कक्षा तृतीय से। प्रतिभा ,अंशिका, सनाया ,पीहू ,शिवानी, सलोनी, जिया, शिवम, हिमांशु एवं आदिल कक्षा द्वितीय से।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय मरकच्चो मे सहायक अध्यापक संघ का हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मरकच्चो :** प्रखंड मुख्यालय स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो में सहायक अध्यापक संघ की बैठक शनिवार को की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मो0 तनवीर आलम एवं संचालन राजेश सिंह ने किया। बैठक मुख्य रूप से 05 नवम्बर को झारखंड सरकार के मंत्री सुदीप कुमार सोनू का आवास पर एक दिवसीय धरना एवं 15 नवम्बर को स्थापना दिवस पर सरकार का विरोध हेतु एक दिवसीय रैली के लिए निर्णय लिया गया । बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष मो तनवीर आलम ने कहा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय का समान कार्य के समान वेतन आदेश को अविलम्ब पारित करे तथा सहायक अध्यापकों को वेतनमान लागू करे नहीं तो झारखंड सरकार का विरोध प्रत्येक स्थान पर करेंगे।



बैठक को साकिब महमूद , सुनील यादव, पुखराज साव, अजय यादव, शशिकांत सिंह,परमेश्वर यादव, राजेन्द्र यादव ,बिनोद दास, दीपक साव के द्वारा भी संबोधित किया गया। सभी ने सरकार से एक मांग वेतनमान पर जोर दिया। बैठक में नरेश यादव,बिरेन्द्र यादव, विजय यादव, बिनोद दास, मोदस्सिर आलम, घनश्याम रविदास, किशुन दास ,वकील अंसारी, मो0 नसरुल्ला, मो0 जमालुद्दीन, नरेश राम, रिजवाना खानम के साथ सैकड़ों सहायक अध्यापक अध्यापिका उपस्थित थे।

## बीएसएल के आईसीएसएफ एंड पीएस विभाग के कर्मचारियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** स्टील प्लांट के आयरन एंड स्टील फाउंड्री एवं पैटर्न शॉप विभाग द्वारा नियमित एवं संविदा कर्मचारियोंके उत्कृष्ट प्रदर्शन और योगदान को सम्मानित करने हेतु एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन मुख्य महाप्रबंधक के कार्यालय में किया गया। इस अवसर पर विभाग के विभिन्न अनुभागों के 15 कर्मचारियों को उनके उल्लेखनीय कार्य, समर्पण और नवाचार के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक एवं अतिरिक्त प्रभार शरद गुप्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाप्रबंधक जयंता सरकार, उप महाप्रबंधक पी.



बुल्लिअब्बाय, वरीय प्रबंधक अनिल कुमार, सानी उरांव, खेमनाथ महतो, उप प्रबंधक अशोक कुमार मीणा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं संविदा कर्मी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि गुप्ता ने विभाग के उत्कृष्ट प्रदर्शन, टीम भावना एवं नवाचार की सराहना करते हुए सभी सम्मानित कर्मचारियों को हार्दिक बधाई दी और उनके सतत योगदान की प्रशंसा की। उल्लेखनीय है कि हाल के महीनों में आईसीएसएफ एंड पीएस ने कई उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। इनमें प्रमुख है दुगार्पुर स्टील प्लांट के ब्लास्ट फर्नेस के लिए रिकॉर्ड समय-सीमा में 30 विशेष कूलिंग प्लेटों का सफल निर्माण एवं प्रेषण. प्रत्येक कूलिंग प्लेट, जिसकी अनुमानित लागत 1.2 लाख है, को आयरन एंड स्टील फाउंड्री की टीम ने सटीकता और उत्कृष्ट गुणवत्ता के साथ तैयार किया। तकनीकी उन्नयन के क्षेत्र में भी सराहनीय पहल करते हुए तीन पुरानी क्रेनों में बस-बार सिस्टम को ट्रेलिंग केबल सिस्टम से प्रतिस्थापित किया गया, जिससे परिचालन दक्षता में वृद्धि सुनिश्चित हुई। इसके अलावा, हाल ही में, बोकारो रेलवे स्टेशन स्थित इस्पात उद्यान में स्थापित स्मारक के लिए पैटर्न का निर्माण विभाग द्वारा किया गया, साथ ही दुगार्पुर और बोकारो स्टील प्लांट के ब्लास्ट फर्नेस-5 की मरम्मत हेतु जटिल कूलिंग प्लेट मोल्ड्स का विकास भी सफलतापूर्वक किया गया। आईसीएसएफ एंड पीएस की उपलब्धियाँ न केवल बोकारो स्टील प्लांट की उत्पादन क्षमता और तकनीकी दक्षता को सुदृढ़ करती हैं, बल्कि ह्लसुरक्षा, गुणवत्ता और नवाचारह्व के प्रति बीएसएल की प्रतिबद्धता को और सशक्त कर रही हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### सब्मेटिव असेसमेंट वन परीक्षा का रिजल्ट घोषित



**जयनगर :** वंशी गोप मेमोरियल एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा सीबीएसई से संचालित आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय बाघमारा में वर्ग नर्सरी से दशम वर्ग तक का सब्मेटिव असेसमेंट वन परीक्षा 2025-26 का परिणाम घोषित किया गया। रिजल्ट विद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर दशरथ प्रसाद राणा एवं निदेशक रामदेव प्रसाद यादव ने प्रकाशित किया। मौके पर प्रोफेसर श्री राणा ने कहा कि परीक्षा का परिणाम विद्यार्थियों के लिए एक दर्पण की तरह होता है जिससे उसके मेहनत का पता चलता है,विद्यार्थी अपने मंजिल को प्राप्त करने के लिए आगे बढ़ते हैं, वे विद्यार्थी जो असफल होते हैं उसे सफलता की ओर बढना चाहिए। अपनी असफलता पर विद्यार्थियों को सुधार करने कि आवश्यकता है। प्रत्येक विद्यार्थी को सफलता पाने के उद्देश्य से मेहनत करनी चाहिए। मेहनत करने वाले विद्यार्थियों की कभी हार नहीं होती, सफलता देर से मिले परंतु ऐसे विद्यार्थियों को सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने समय पर परिणाम घोषित करने के लिए सभी शिक्षकों को धन्यवाद दिया। मौके प्रथम ,द्वितीय, तथा तृतीय करने वाले विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री देकर पुरस्कृत किया गया। प्रथम आने वाले विद्याथीर्यों में निलेश,अनिमेष,आशा, केशव,मुनीबा,अकांक्षा,द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्याथीर्यों में,मंजित, ऋषि,अन्नु, खुश्बू, चांदनी ,तृतीय स्थान आदर्श नमन,पम्मी,कोमल, राजनंद सहित कई विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। मौके पर उपप्राचार्य लक्ष्मण चंद्र यादव, महेश्वर पांडेय, श्याम सुंदर यादव, विनोद यादव, पिंटू कुमार पांडेय, सिकेंद्र यादव, प्रकाश यादव, सुजीत राज, महेश यादव ,शंकर दास, रंजीत सिंह,सुभाष चन्द्र, सतीश कुमार, विक्रम पांडेय, विरेंद्र यादव, प्रियंका कुमारी,अन्नु कुमारी,श्वेता कुमारी, सकलदेव साव, महानंद राणा,सहित विद्यालय परिवार के सभी कर्मी, एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### झामुमो कोडरमा जिला के युवा विंग का मरकच्चो प्रखंड का हुआ विस्तार



**कोडरमा :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा विंग के मरकच्चो प्रखंड का संगठनात्मक विस्तार हुआ। दिनांक 18 अक्टूबर 2025 को मरकच्चो प्रखंड के दशारो पंचायत के रेयनी टांड में बैठक संपन्न हुई। झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा जिला अध्यक्ष मो सद्दाम के नेतृत्व में बैठक आयोजित किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता सद्दाम व संचालक युवा मोर्चा के जिला सचिव छोटू कुमार यादव ने किया बताते चले कि इस संगठन विस्तार में मरकच्चो प्रखंड का प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर, उपाध्यक्ष चंदन दास और संदीप शरण, सचिव विकास रजक एवं संगठन सचिव एजाज मोहसिन को मुख्य रूप से मनोनित किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा के उपाध्यक्ष खलील अंसारी,प्रखंड अध्यक्ष दिवाकर तिवारी एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के सचिव अफजाल अंसारी ने सभी नवनियुक्त युवा मोर्चा के पदाधिकारी को बधाई दिया। इस बैठक में कई प्रखंड कार्यकारी सदस्य भी मनोनीत किया गया। मो सद्दाम ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडे ने कहा कि संगठन को ग्रामीण स्तर पर मजबूत करना है। नवनियुक्त पदाधिकारियों को मो सद्दाम ने निर्देशित कर कहा है कि पंचायत स्तर पर माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करना है एवं योजनाओं से लोगों को जोड़ना है। अध्यक्ष ने यह भी कहा है कि पंचायत अध्यक्ष एवं सचिव समेत कमेटी का गठन करके अति शीघ्र कार्यालय में सूचित करना है। इस बैठक में मरकच्चो प्रखंड के समाजसेवी कयूम अंसारी, बंसी पासवान, मुबारक, रिजवान, मौलाना अख्तर, प्रेम कुमार आदि कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### समाजसेवी शिक्षक राधावल्लभ तिवारी का निधन, क्षेत्र में शौक की लहर

**चास :** चास के बिजुलिया पंचायत के तिवारीडीह गाँव के मध्य विधालय सियालजोरी के सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक पंडित राधावल्लभ तिवारी101 बर्ष शनिवार को निधन हो गया। इनके निधन की खबर सुनते ही गाव क्षेत्र के लोग तिवारीडीह पहुचे तथा अंतिम दर्शन कर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। इनका अंतिम संस्कार दामोदर नदी सिंहडीह धाट पर किया गया। ये चार पुत्र व चार पुत्री सहित भरापुरा परिवार छोड़ कर गये हैं।स्व तिवारी मृदुभाषी व व्यक्तित्व के धनी थे। ये रेडियो के शौकिन ने। रेडियो से है समाचार सुनना दिनचर्चा था। यह शिक्षक से सेवानिवृत्ति के बाद भी गांव व आसपास के बच्चों को शिक्षा दान देते रहे। इनके नेतृव में प्रसिद्ध काली मंदिर तिवारीडीह का निर्माण व सौंदर्यकरण का कार्य हुआ था । कान्य कुब्ज आर्ष परिषद शिखर मजलिस बोकारो के अध्यक्ष दिलीप कुमार चौबे ने कहा कि स्वर्गीय तिवारी समाज के एक अभिभावक के रूप में थे । इनके मार्गदर्शन पर समाज में आनेक समाजिक कार्य हुआ है। धनबाद बोकारो क्षेत्र राजपूत समाज के केंद्रीय प्रवक्ता राधेश्याम सिंह ने कहा की स्वर्गीय राधावल्लभ तिवारी हमारे अभिभावक के रूप में थे व्यक्तिगत छती हुई है । हमारे जीवन में मार्गदर्शक थे। शौक व्यक्त शिक्षक धनश्याम तिवारी, मदनमोहन महतो, पुर्व मुखिया समरेन्द्र नाथ पाठक, मनोज तिवारी, सीताराम महतो, पंचायत मुखिया बासुदेव राजवार, पंचानन उपाध्याय, सुधीर तिवारी, ब्रजगोपाल पाठक,बुलबुल उपाध्याय, संजय उपाध्याय, सुशील तिवारी, मंतोष तिवारी, उत्तम तिवारी, राधेश्याम सिह, रधुनाथ सिंह, सुर्यकांत सिंह,मीहिर महथा,बिजुलिया भाजपा मंडल अध्यक्ष बबलुकुमार चौबे सहित लोगों ने शौक जताया है।

### वृक्ष दीपावली के साथ मनाया गया 'स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान' का स्थापना दिवस

**बोकारो :** शुभ धनतेरस के अवसर पर बोकारो के पर्यावरण-मित्र चौक स्थित पर्यावरण-मित्र वाटिका में 'स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान' का स्थापना दिवस अनोखे ढंग से मनाया गया। इस अवसर को प्रतिभागियों ने ह्यवृक्ष दीपावलीह्व के रूप में मनाते हुए संपूर्ण परिसर के पेड़ों के नीचे दीप प्रज्वलित किए।कार्यक्रम की शुरूआत भगवान धन्वंतरि की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। श्रद्धालुओं ने बोकारो, झारखंड एवं देश के सभी नागरिकों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। ज्ञात हो कि धनतेरस के दिन समुद्र मंथन से भगवान धन्वंतरि का प्रकट होना माना जाता है, जिन्होंने अमृत कलश और आयुर्वेदशास्त्र के साथ धरती पर अवतरित होकर स्वास्थ्य का वरदान दिया था।संध्या समय उपस्थित पर्यावरण प्रेमियों ने सर्वप्रथम पर्यावरण-मित्र चौक पर ह्यपर्यावरण-मित्र पं. गौरी शंकर ओझा जीह्व के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप जलाया। इसके बाद वाटिका एवं आसपास स्थित सभी पेड़ों के नीचे दीप प्रज्वलित कर वृक्षों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। कार्यक्रम में लोगों ने वृक्षों को नमन करते हुए कहा कि ये संपूर्ण सृष्टि और मानव जीवन के सबसे बड़े उपकारक हैं।

**एक नजर**

## सोशल मीडिया की मदद से राह भटका बच्चा मिला

**मुरी/सिल्ली:** सिल्ली थाना क्षेत्र अंतर्गत मिजरा गांव निवासी राजेश लकड़ा का पुत्र इस्माइल लकड़ा (08) शुक्रवार के दिन तुलनी निवासी अपने दोस्त के घर जाने के क्रम में रास्ता भटक गया। इसी क्रम में तुलिन ओ पी पुलिस की नजर बच्चा पर पड़ी। पुलिस द्वारा नाम और पता पूछने पर वह छोटामुरी का रट लगा रहा था। तत्पश्चात तुलिन ओ पी द्वारा बच्चे को मुरी ओ पी पुलिस को सौंप दिया गया। मुरी ओ पी पुलिस ने सोशल मीडिया के व्हाट्सएप ग्रुप शांति समिति में बच्चे का फोटो को शेयर किया जिससे मैसेज वायरल होने के बाद परिजनों ने मुरी ओ पी पुलिस से संपर्क कर अपने बच्चों को वापस ले आए। गुम हुए बच्चा के परिजनों ने सोशल मीडिया और पुलिस के प्रति आभार प्रकट किया।

## डॉ. विमलेश कुमार दुबे बने झारखंड स्टेट फामेर्सी काउंसिल के अध्यक्ष

**अनगड़ा :** रांची झारखंड स्टेट फामेर्सी काउंसिल के कार्यालय में शुक्रवार को हुई बैठक में डॉ. विमलेश कुमार दुबे को सर्वसम्मति से काउंसिल का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। वहीं कंचन कुमारी को उपाध्यक्ष चुना गया। बैठक में सदस्यों की मतो के अनुसार यह निर्णय लिया गया। गौरतलब है कि पांच मनोनित सदस्यों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पद रिक्त थे। बैठक में अनुप कुमार साव, धर्मेंद्र सिंह और नय्यर आजमी को कार्यकारिणी समिति का सदस्य बनाया गया। वहीं मनोनित कार्यकारिणी सदस्य धर्मेंद्र सिंह को फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया का सदस्य भी नामित किया गया। अध्यक्ष बनने के बाद डॉ. विमलेश कुमार दुबे ने कहा, मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे मैं फामेर्सी एक्ट 1948 के अनुरूप पूरी निष्ठा से निभाऊंगा। परिषद के माध्यम से फामेर्सी क्षेत्र में उत्कृष्टता और नियमसंगत कार्य सुनिश्चित करने का हर संभव प्रयास करूंगा।

# सोहराय चांचइर आर बरदखूंटा कार्यक्रम में ढोल-नगाड़े के साथ हजारों लोग हुए शामिल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** बृहद झारखंड कला संस्कृति मंच के तत्वावधान में शनिवार को सोहराय चांचइर आर बरदखूंटा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम बाजार टांड़ स्थित जिला मैदान से शुरू होकर रामगढ़ कॉलेज मैदान में पहुंचकर समाप्त हुआ । इस कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल और ओडिशा के भी हजारों लोग अपने-अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ 'बृहद झारखंड कला संस्कृति मंच' के आह्वान पे 'सोहराई चांचइर आर बरदखूंटा' में शामिल हुए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित करना, स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान करना तथा युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ना है। सोहराय परब झारखंड की मिट्टी, संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग है। यह प्रकृति, पशुपालन, कृषि जीवन और सामुदायिक एकता का उत्सव है। सोहराय पेंटिंग, पारंपरिक गीत-संगीत, नृत्य, और लोकनाट्य इसके जीवंत स्वरूप हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से इन सभी विधाओं का वास्तविक और नाटकीय प्रदर्शन किया जाएगा ताकि नई पीढ़ी अपनी धरोहर से परिचित हो सके। इस कार्यक्रम में हजारों लोग शहर के जिला मैदान में जुटें, वहां से शोभायात्रा निकली जो चट्टी बाजार, थाना चौक, सुभाष चौक, ब्लॉक चौक होकर रामगढ़ कॉलेज मैदान में पहुंची। यहां बरदखुंटा कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में 2000 से अधिक ढोल-नगाड़े व 500 चांचइर की टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ओम प्रकाश महतो, द्वारिका प्रसाद, संतोष टिडुआर, नगर परिषद के उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रंमदेव महतो, दामोदर महतो, चिन्तामनी पटेल, देवधारी महतो, रोशन कुमार सहित अन्य शामिल थे।




# वार्ड 47 में 62 लाख की लागत से बिटुमिनस पथ निर्माण का विधायक ने किया शिलान्यास



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** नामकुम खिजरी विधायक सह कांग्रेस विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप जी के अनुशंसा पर स्वीकृत रांची नगर निगम रांची के वार्ड संख्या 47 के अन्तर्गत तेतरी टोली नामकुम में 62 लाख की लागत से दादी मां मेडिकल हाल से डिवाईन नगर तक बिटुमिनस पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास खिजरी विधायक सह कांग्रेस विधायक दल के उप नेता राजेश कच्छप जी के कर कामलों द्वारा किया गया। शिलान्यास के बाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण रोड बनेगा और समय पर पूरा होगा। संवेदक सख्त हिदायत दी कि गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं किया जायेगा। मौके पर राजकिशोर यादव, रंजीत बड़ाईक, कांग्रेस महिला प्रखण्ड अध्यक्ष रीना सांगा, पिंटू सिंह, सोनल कच्छप, सुनील यादव, कुमुदिनी केरकेट्टा, ज्ञानी मुण्डा, साधु यादव, अवधेश यादव, जोन बागे, जेएमएम नेता मंटू लाला, नवीन कुजूर, रंजन मुण्डा, शंकर पंडित, हिरा साहु, सुनील उरांव, पंचू तिर्की, दिनेश चन्द्र प्रमाणिक एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# बुद्धा पब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता छात्राओं ने दिखायी कला और प्रतिभा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत शनिवार के दिन दीपावली के उपलक्ष में बुद्धा पब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में स्कूल की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विभिन्न प्रकार के रंगोली बनाकर शिक्षकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। छात्राओं ने रंगोली बनाकर दीपावली से पूर्व दिवाली उत्सव भी मनाया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के निदेशक रणधीर कौशिक ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को बौद्धिक एवं मानसिक विस्तार के साथ कलात्मक क्षेत्र में रूचि जागृत करना है। वहीं विद्यालय के प्राचार्य वी सुधीर राव ने छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक गोविंदर सिंह, नकुल बड़ाइक, जितेंद्र महतो, सुमंत कुमार, राहुल भद्रा, लंकेश्वर, विपुल रॉय एवं शिक्षिकाएं अंजली कुमारी, प्रतिमा देवी, प्रिया दुबे, स्मिता कुमारी का सराहनीय योगदान रहा।

**संक्षिप्त खबरें**

## आर.टी.सी. स्कूल में दीपोत्सव का रंगारंग हुआ आयोजन



**अनगड़ा :** आर.टी.सी. पब्लिक स्कूल, अनगड़ा, रांची में आज दीपोत्सव का भव्य एवं सांस्कृतिक आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर दीपों, रंग-बिरंगी रंगोलियों और आकर्षक सजावट से जगमगा उठा। कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से लेकर 11वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने हेतु दीया मेकिंग, निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग तथा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में कृति एवं नीतू कुमारी (प्रथम स्थान), कृतिका नायक एवं जिया (द्वितीय स्थान), उज्जवल (तृतीय स्थान)ने सराहनीय प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र नाथ महतो ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि दीपोत्सव केवल दीप जलाने का पर्व नहीं, बल्कि यह ज्ञान, सत्य और मानवीय मूल्यों का प्रतीक है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में सृजनात्मकता और सांस्कृतिक चेतना को बढ़ावा देते हैं। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएँ गायत्री सुदर्शी, रिंकी कुमारी, पुतुल नीलू नाग तथा शिक्षक सुमंत कुमार, शिवराज, आनंद प्रसाद सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, SIMDEGA**

**e-Procurement Tender Notice**

Tender Reference No. WRD/MID/SIMDEGA/F2– 05/ 2025-26

Letter No. Date :- 17/10/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work:- | Construction of Single Checkdam on Keongutu Nala Block- Bano |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 83,30,600=00 |
| 3. | Cost of Tender Paper (Rs.) | Rs. 10,000=00 |
| 4. | Earnest Money Deposit (Rs.) | Rs. 1,67,000=00 |
| 5. | Time of Completion. | 335 days (11 Month) |
| 6. | Mode of Submission of Tender | Online Through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 7. | Date of Publication of Tender on website (http://jharkhandtenders.gov.in ) | Date 03/11/2025 Time 2:00PM. |
| 8. | Last date/Time for downloading of bidding documents and submission of tender on website | Date 10/11/2025 Time up to 5:00 PM. |
| 9. | Online submission of Tender Fee and EMD | Start Date 03/11/2025 Time -2:00 PM Last Date 10/11/2025 Time up to 5:00 PM. |
| 10. | Date of opening of e-tender | Date- 12/11/2025 Time- 02.00 PM |
| 11. | Officer Inviting Tender | EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION, DIVISION, SIMDEGA. |
| 12 | Contact no. of Procurement & E-mail of e-procurement Officer | 9123447790 midivsimdg@gmail.com |
| 13. | Helpline number of e-Procurement cell. | 0651-2491232 |

Note:-
➢ (1) Only e-Tenders will be accepted.
(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
M.I.Division, Simdega.

PR 364459 Simdega(25-26)#D


# बाल विवाह, बाल तस्करी और यौन हिंसा के खिलाफ चास में जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** बाल विवाह, बाल तस्करी और बाल यौन हिंसा जैसे गंभीर सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता लाने के उद्देश्य से चास प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय भंगा बाजार, नारायणपुर में शनिवार को एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह जागरूकता अभियान सहयोगिनी संस्था द्वारा जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन के सहयोग से संचालित किया गया। कार्यक्रम के दौरान, मुख्य अतिथि और प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रतिमा दास ने इन सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, ₹बाल विवाह जैसे मुद्दे को समाप्त करने के लिए हम सभी को एकजुट होना होगा और जन जागरूकता का कार्य करना होगा। उन्होंने लड़कियों की कम उम्र में शादी के गंभीर परिणामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे न केवल लड़कियों का जीवन प्रभावित होता है, बल्कि घर-परिवार, समाज और देश को भी कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार ने भी छात्रों को संबोधित किया और ऐसे कार्यक्रमों के महत्व को रेखांकित किया। सहयोगिनी संस्था की एनिमेटर सोनी कुमारी ने बताया कि उनकी संस्था द्वारा बोकारो जिले में बाल विवाह के खिलाफ एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य समुदाय के प्रत्येक सदस्य को इन बुराइयों के प्रति सचेत करना और उन्हें कानूनी जानकारी प्रदान करना है। जागरूकता कार्यक्रम का समापन बाल विवाह के खिलाफ शपथ ग्रहण कार्यक्रम के साथ हुआ, जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने इन सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने का संकल्प लिया। इस दौरान शिक्षक धर्मेंद्र कुमार महतो और राजेश कुमार सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक उपस्थित थे।

# एक्यूप्रेशर परिषद ने धनतेरस और महालक्ष्मी पूजन धूमधाम से मनाया



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा टाटी सिल्वर रांची में भगवान धन्वंतरि गणेश एवं महालक्ष्मी का पूजन धूमधाम से किया गया पूजन में मुख्य जजमान न्यायाधीश महेंद्र प्रसाद थे। हरातू मंदिर के पुजारी मधुसूदन पांडे के द्वारा विधिवत वैदिक मित्रों के साथ पूजन किया गया इस अवसर पर एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा के सचिव डॉक्टर मधुसूदन पांडे ने कहा की पहली धन स्वस्थ किया है इसी कारण दीप उत्सव से पहले दूसरों के आगमन से पहले स्वास्थ के देवता धन्वंतरि की पूजा की जाती है। हम यह कामना करते हैं कि हमारा समाज हमारा गांव हमारा राज और हमारा देश में सुख समृद्धि बनी रहे इसी शुभकामना के साथ महालक्ष्मी मा गणेश एवं धनवंतरी महाराज हम सबों पर अपनी असीम कृपा बरसाते रहें इस अवसर पर डॉक्टर बलराम महतो डॉक्टर ललिता कुमारी दीपक कुमार पांडे भोलानाथ ठाकुर मयंक हजम रुक्मिणी सरस्वती लपंग पूजा इत्यादि कायक गण्यमन लोगों उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमंडल,राँची**
**कमरा नं० 302, तृतीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक,राँची– 834001**
**ई–मेल–eemidran-cemr-jhr@nic.in,midranchi2018@gmail.com,फोन नं०–0651–3512781**

पत्रांक................../ राँची, दिनांक ........./........./2025

**शुद्धि–पत्र**

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, राँची का पत्रांक– 624 दिनांक–25.09.2025 द्वारा PR No.363024 Minor Irrigation(25-26)#D दिनांक 27.09.2025 को प्रकाशित निविदा में निम्न प्रकार संशोधन किया जाता है:–

| क्रमांक | विवरण | पूर्व में अंकित निविदा का तिथि एवं समय | संशोधित निविदा का तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | Date of Publication of e-tender on website | 18.10.2025 up to 2:00 pm | 03.11.2025 up to 2.00 pm |
| 2 | Last date for /time for submission of e- tender BID's | 25.10.2025 up to 5:00pm | 10.11.2025 up to 3:00 pm |
| 3 | Last date for online Submission of tender fee and EMD | 25.10.2025 up to 5:00pm | 10.11.2025 up to 3:00 pm |
| 4 | Date of opening tender | 30.10.2025 at 2:00 Pm | 12.11.2025 at 4:00 pm |

निविदा की शेष सभी शर्ते पूर्वतः बनी रहेगी।

विश्वासभाजन
कार्यपालक अभियन्ता,लघु सिंचाई प्रमंडल,राँची

PR 364536 Minor Irrigation(25-26).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा**

अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या **53/2025-26**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का नाम | – | कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सिमडेगा। |
| 2 | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय | – | 30-10-2025 को अप० 12.00 बजे तक। |
| 3 | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | – | 31-10-2025 के अप० 2.30 बजे तक। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | – | 31-10-2025 के अप० 3.00 बजे से। |
| 5 | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | – | (i) अधीक्षण अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं–2, राँची का कार्यालय। (ii) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल सिमडेगा। |
| 6 | निविदा प्राप्ति का स्थान | – | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, सिमडेगा। |
| 7 | कार्य विवरणी :– | | |

| Sl. No. | Name of work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Cost | Time Of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (i) E/R to Window for DC Court in Collecteriate Building, Simdega. (ii) E/R to Inner Painting Work in Collecteriate Building Simdega. | 4,97,400.00 | 10,000.00 | 750.00 | 15 (Fifteen) Days |

निविदा की शर्तें– **WWW.jharkhand.gov.in** एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, सिमडेगा

PR 364522 (Simdega)25-26*D


# धनतेरस पर सिल्ली-मुरी के बाजारों में उमड़ी खरीदारी की भीड़

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिल्ली :** मुरी धनतेरस के अवसर पर सिल्ली और मुरी के बाजारों में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। बाजारों में खरीदारी करने वालों की लंबी कतारें देखी गईं। बर्तन, सोना-चांदी और वाहन की दुकानों पर लोगों की भीड़ सबसे ज्यादा देखी गई। लोग दोपहर से ही बाजारों में खरीदारी करने के लिए निकल पड़े। बर्तन, सोना-चांदी और झाड़ू की खरीदारी में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। लोगों का मानना है कि धनतेरस के दिन इन चीजों की खरीदारी करने से घर में महालक्ष्मी का आगमन होता है और सुख-समृद्धि आती है। बाजारों में रौनक धनतेरस के अवसर पर सिल्ली और मुरी के बाजारों में रौनक देखते ही बनती थी। दुकानदारों ने अपने दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाया था। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए दुकानदारों ने तरह-तरह के ऑफर भी निकाले थे। लोगों का मानना है कि धनतेरस के दिन खरीदारी करने से घर में सुख-समृद्धि आती है। इस दिन लोग अपने घरों के लिए नए बर्तन, सोना-चांदी और अन्य जरूरी चीजें खरीदते हैं। व्यापारियों ने की अच्छी बिक्री की उम्मीद व्यापारियों ने धनतेरस के अवसर पर अच्छी बिक्री की उम्मीद जताई है। उनका कहना है कि इस दिन लोग जमकर खरीदारी करते हैं और उन्हें अच्छी बिक्री की उम्मीद है।

## विद्यार्थियों ने रंगोली और दीप जलाकर मनाया दीपावली उत्सव

**अनगड़ा :** दीपावली के अवसर पर 18 अक्टूबर दिन शनिवार को स्कूल के बच्चों द्वारा एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने न केवल रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिया और सुंदर रंगोलियाँ बनाई, बल्कि दीप जलाकर दीपावली का उत्सव भी मनाया। विद्यालय के प्रधानाध्यापिका नीलम टेंवा ने सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों को दीपावली की बधाई दी और दीपावली क्यों मनाई जाती है इसके ऊपर विशेष चर्चा कर विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। दीपावली के शुभ अवसर पर स्कूल के बच्चों द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का प्रोग्राम रखा गया जिसमें बच्चों को 9 ग्रुप में रखा गया जिसकी जजमेंट मुख्य अतिथि सह संत फ्रांसिस स्कूल की टीचर्स मिस अनिमा एवं संत आलोईस स्कूल अनगड़ा के टीचर सिस्टर प्रशन्ना, मिस सुनीता एवं अभिजीत सर कर रहे थे। सभी अतिथियों को ए जी चर्च इंग्लिश मीडियम स्कूल की ओर से शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया सहयोगी शिक्षक रवि कुमार मुंडा ,फ्रेंकिन सर ने बच्चों को दीपावली का महत्त्व और सांस्कृतिक महत्व समझाया। उन्होंने बच्चों को बताया कि दीपावली क्यों मनाई जाती है, और यह प्रकाश का त्योहार है जो मन की अंधेरों को दूर करता है और भाईचारे तथा सौहार्द की भावना को बढ़ावा देता है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,गुमला**
**mail-rdsdgumla123@gmail.com**

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GUMLA/08/2025-26 (2nd Call)**

**1.कार्य की विस्तृत विवरणी:**

| ग्रुप० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Comprehensive renovation including toilet, floor, window, kitchen, door, roof, dilapidated classroom fan etc and Electrification work in Hostel of ST Residential School, Dokapath, Block-Chainpur. Dist-Gumla | 1,99,63,300.00 | 3,99,300.00 | 10000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 25.10.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 25.10.2025 से दिनांक 14.11.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गुमला।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 17.11.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06524223013 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,गुमला

PR 364484 Rural Development(25-26).D

## परम तेजोमय दीपशिखा

संसार का सर्वोत्तम प्रकाशरूपा है। छान्दोग्य उपनिषद् के अनुसार सृष्टि का समस्त सर्वोत्तम और पुरूषोत्तम प्रकाशरूपा है। एक ही प्रकाश भिन्न-भिन्न रूपों प्रतिरूपों में दीप्त होता है, चमकता है और 'तमसो मा ज्योतिर्गमय' होता है। सूर्य परम तेजोमय हैं, वे स्थावर और जंगम की आत्मा है। वे भी सहस्त्र आयामी प्रकाशरूपा हैं। गीता के अर्जुन ने विश्वरूप देखा, उसके मुंह से शब्द फूटे 'दिव्य सूर्य सहस्त्राणि-सहस्त्रों सूर्यो का प्रकाश एक साथ जगमगा उठा।' उपनिषद् के ऋषियों ने परमसत्ता की अनुभूति को प्रकाशरूप ही पाया। कठोपनिषद् (2.2.15), मुण्डकोपनिषद् (2.2.10) व श्वेताश्वतर उपनिषद् (6.10) में एक साथ गाए गए मंत्र में कहते हैं 'न तत्र सूर्यो भाति, न चन्द्रतारकम/नेमा विद्युतो भान्ति कुतोऽयंमग्नि-वहां न सूर्य चमकते हैं और न चांद तारे। बिजली भी नहीं, अग्नि की बात है क्या है?' बताते हैं तमे भान्तमनुभाति सर्वं उसी के प्रकाश से यह सब प्रकाश है। तस्य भासा सर्वम् इदं विभाति-उसी की दीप्ति से यह सब प्रकाशित हैं। हम भारत के लोग उत्सवप्रिय हैं। एक उत्सव प्रकाश दीप्ति के लिए। दीपोत्सव भारत का प्रकाश पर्व है। क्यों न हो? अंधकार अज्ञान है। प्रकाश ज्ञान का उपकरण है, प्रकाश और ज्ञान पर्यायवाची हैं। प्रकाश अमरत्व है, अज्ञान मृत्यु। वृहदारण्यक उपनिषद् (1.3.28) के ऋषि की प्रार्थना है, 'असतो मा सद्गमय, तमसो मा ज्योतिर्गमय, मृत्योर्माऽमृतं गमयेति - हम असत से सत, तमम से ज्योति और मृत्यु से अमरत्व की ओर चलें।' भारत की ज्योतिर्गमय आकांक्षा चिरन्तन है। ऋग्वेद (10.156.4) के ऋषि अग्नि की स्तुति में आह्लादित हैं अग्नि ने अमर सूर्य को जन-जन को प्रकाश देने के लिए ही आकाश में स्थापित किया है। ज्योति सनातन मानवीय आकांक्षा है। अग्नि ज्योतिरूप हैं। ज्योति हमारी चिरंतन अभीप्सा है। पूर्वजों ने जहां जहां ज्योति पुंज देखे, प्रणाम किया, स्तुतिवाचन किया, दिव्यता की अनुभूति पाई, देवता की प्रतीति मिली। जहां जहां ज्योतिर्गमय प्रकाश, वहा वहां दिव्यता और वहां-वहां देवता। सूर्य अखण्ड प्रकाश पुंज है। वे सविता देव हैं। ऋग्वेदकालीन विश्वामित्र ने सविता का प्रकाश देखा, दर्शन किया, उनके मुंह से गायत्री फूटी तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो योनः प्रचोदयात्-हम बुद्धि को प्रेरित करने वाले सविता देव के वरण करने योग्य दिव्य प्रकाश तेज को धारण करते हैं। (ऋ0 3.62.10) प्रकाश दिव्य है, बुद्धि प्रकाशक है, तेज पुंज भी हैं। हम भारत हैं। भा अर्थात प्रकाश, रत यानी संलग्न। सो सूर्य को नमस्कार हमारी संस्कृति है। हम चन्द्र को अर्घ्य देकर पूजते हैं। अंधकार सूर्य से नहीं लड़ पाता लेकिन यही अंधकार चन्द्र से लड़ता है। प्रकाश और अंधकार का संघर्ष सनातन है। पूर्णिमा के दूसरे ही दिन से चांद घटने लगता है और अमावस तक रोजाना घटता है। अमावस परिपूर्ण तमस रात्रि है। अगले दिन से अंधकार पिटता है, प्रकाश बढ़ता है, 15 दिन बाद पूर्णिमा आती है। पूनो (पूर्णिमा) का चन्द्र पूरी आभा, प्रभा दीप्ति और प्रीति के साथ खिलता है। भारत ने प्रत्येक पूर्णिमा को उत्सव बनाया। अषाढ़ पूर्णिमा का चन्द्र बादलों से भी ढकता है। लेकिन उन्मुक्त चमकता है सो इस रात गुरू पूर्णिमा। श्रावण की पूर्णिमा रक्षाबंधन होती है लेकिन शरद् चन्द्र का क्या कहना? बहुत दूर आसमान में बैठा शरद् चन्द्र धरती की प्रीति में अमृतघट उलीचता है, भारत ने शरद् पूनो के चन्द्र को बहुत ज्यादा प्यार किया है। शरद् पूर्णिमा का प्रकाश-रास बनता है। शरदकाल वैदिक ऋषियों की प्रीति रहा है। वे सौ शरद् जीने के अभिलाषी थे- जीवेम शरदं शतं। सौ शरद् देखना भी चाहते थे-पश्येम शरदं शतं। शरद् पूर्णिमा की रात रस, गंध, दीप्ति, प्रीति, मधु, ऋत और मधुआनंद तो 15 दिन बाद झमाझम दीपमालिका। भारत ने इसी तमस् रात्रि को प्रकाश पर्व बनाया। जहां जहां तमस् वहां वहां प्रकाश-दीप। शरद चन्द्र का झकास-प्रकाश प्रकृति की अनुकम्पा है तो दीपोत्सव मनुष्य की कर्मशक्ति का रचा गढ़ा तेजोमय प्रकाश है। प्रकाश ज्ञानदायी और समृद्धिदायी भी है। कार्तिकी अमावस का अंधकार प्रकाश की अनुपस्थिति ही नहीं होता। यह अस्तित्वगत होता है, अनुभूति प्रगाढ़ हो तो पकड़ में आता है। गजब के द्रष्टा थे हमारे पूर्वज। उन्होंने इसी रात्रि को अवनि अम्बर दीपोत्सव सजाये। भारत इस रात केवल भूगोल नहीं होता, राज्यों का संघ नहीं होता, इस या उस राजनैतिक दल द्वारा शासित भूखण्ड नहीं होता।

## सूडोकु नवताल- 7587

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7586 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# दीपावली भौतिक ही नहीं, आत्मिक उजाले का महापर्व

ललित गर्ग

दीपावली केवल दीपों का ही पर्व नहीं है बल्कि यह आत्मा के भीतर बसे अंधकार को मिटाने की साधना का अनुष्ठान है। यह भारतीय संस्कृति की आत्मा है, जो जन-जन के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली का उजास फैलाती है। पांच दिवसीय इस उत्सव की श्रृंखला धनतेरस से आरंभ होकर भाई दूज तक चलती है, पर इसका अर्थ केवल उत्सव नहीं, बल्कि एक गहन आध्यात्मिक यात्रा है। दीपावली केवल एक त्योहार नहीं, इसका धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक महत्व भी है। दीपावली का संदेश है कि सच्चा उजाला बाह्य नहीं, बल्कि भीतर में होना चाहिए। हमारी आंतरिक 'उज्ज्वलता' ही सच्ची 'धन्यता' है, वही हमारे कर्म, करुणा और विवेक का उजाला है। यह पंच दिवसीय पर्वों की श्रृंखला भीतर बसे अहंकार, ईर्ष्या, द्वेष और लोभ जैसे नरकासुरों को समाप्त करने का दुर्लभ अवसर है। दीपावली का मूल भाव है अंधकार से प्रकाश की ओर, अज्ञान से ज्ञान की ओर, नकार से स्वीकार की ओर बढ़ना। जब लाखों दीप जलते हैं, तो वे केवल घरों को नहीं, हृदयों को भी प्रकाशित करते हैं। प्रत्येक दीप हमें यह संदेश देता है कि परिस्थितियाँ चाहे कैसी भी हों, जीवन में धर्म के दीप जलते रहना है, बुझना नहीं।

दीपावली का संबंध अनेक ऐतिहासिक, धार्मिक और दार्शनिक प्रसंगों से जुड़ा है। इसी दिन भगवान रामचंद्रजी चौदह वर्ष के वनवास और रावण पर विजय प्राप्त कर अयोध्या लौटे थे। यह धर्म, मयार्दा और सत्य की विजय का प्रतीक बना। प्राचीन हिन्दू महाकाव्य महाभारत अनुसार कुछ दीपावली को 12 वर्षों के वनवास व 1 वर्ष के अज्ञातवास के बाद पांडवों की वापसी के प्रतीक रूप में मानते हैं। जैन परंपरा में यह दिन अत्यंत पवित्र और ऐतिहासिक है, क्योंकि इसी दिन भगवान महावीर का निर्वाण हुआ और इसीलिए इसे महावीर निर्वाण दिवस कहा जाता है। महावीर का निर्वाण केवल देह का अंत नहीं था, बल्कि आत्मा की पूर्ण जागृति का क्षण था, जब उन्होंने संसार के अंधकार में मोक्ष का शाश्वत दीप प्रज्वलित किया। बौद्ध परंपरा में यह दिन बुद्धत्व की स्मृति का प्रतीक है, वहीं सिक्ख परंपरा में यह दिन गुरु हरगोविंदजी के कारावास से मुक्ति दिवस के रूप में मनाया जाता है, जब उन्होंने अन्य कैदियों को भी मुक्त कराया था। इन सभी प्रसंगों में एक अद्भुत एकता झलकती है-अंधकार से मुक्ति, ज्ञान से आलोक और अहंकार से आत्मा की ओर यात्रा। 'तमसो मा ज्योतिर्गमय' अर्थात अन्धकार की ओर नही, प्रकाश की ओर जाओ, यह उपनिषदों की आज्ञा है।

दीपावली अब केवल राष्ट्रीय ही नहीं, अन्तर्राष्ट्रीय पर्व बन गया है। दीपावली को विशेष रूप से हिंदू, जैन और सिख समुदाय के साथ विशेष रूप से दुनिया भर में मनाया जाता है- श्रीलंका, पाकिस्तान, म्यांमार, थाईलैंड, मलेशिया, सिंगापुर, इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, फिजी, मॉरीशस, केन्या, तंजानिया, दक्षिण अफ्रीका, गुयाना, सूरीनाम, त्रिनिदाद और टोबैगो, नीदरलैंड, कनाडा, ब्रिटेन शामिल संयुक्त अरब अमीरात, और संयुक्त राज्य अमेरिका। भारतीय संस्कृति की समझ और भारतीय मूल के लोगों के वैश्विक प्रवास के कारण दीपावली मनाने वाले देशों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ रही है। कुछ देशों में यह भारतीय प्रवासियों द्वारा मुख्य रूप से मनाया जाता है, अन्य दूसरे स्थानों में यह सामान्य स्थानीय संस्कृति का हिस्सा बनता जा रहा है।

दीपावली का एक और महत्त्वपूर्ण पहलू है गोवर्धन पूजा, जो प्रकृति के प्रति आभार का प्रतीक है। यह हमें सिखाती है कि समृद्धि केवल मनुष्य की मेहनत से नहीं, बल्कि प्रकृति की कृपा से भी मिलती है। गाय, अन्न, जल, वृक्ष, मिट्टी- सबका सम्मान ही सच्ची पूजा है। भाई दूज इस श्रृंखला का अंतिम दिन है, जो स्नेह और पारस्परिक विश्वास का दीप जलाता है। यह पर्व केवल बहन-भाई के संबंधों का उत्सव नहीं, बल्कि जीवन में प्रेम, सहयोग और संरक्षण के भाव को पुष्ट करने का अवसर है। दीपावली का मूल भाव अंधकार दूर भगाना है। जीवन को सुख और समृद्धि की रोशनी से जगमग करना है। एक पौराणिक कथा के अनुसार विष्णु ने नरसिंह रूप धारणकर हिरण्यकश्यप का वध किया था तथा इसी दिन समुद्रमंथन के पश्चात लक्ष्मी व धन्वंतरि प्रकट हुए। कई लोग दीपावली को भगवान विष्णु की पत्नी तथा उत्सव, धन और समृद्धि की देवी लक्ष्मी से जुड़ा हुआ मानते हैं। आज दीपावली का स्वरूप भले ही भव्य और चकाचौंध से भरा हो, पर इसका सच्चा अर्थ है भीतर के दीप को जलाना। जैसे हम घरों की सफाई करते हैं, वैसे ही अपने मन की सफाई भी आवश्यक है। ईर्ष्या, क्रोध, स्वार्थ और असत्य का अंधकार मिटे, और उसकी जगह सच्चाई, सहिष्णुता, करुणा और सेवा का उजास फैले-यही दीपावली का सार है। महात्मा गांधी ने कहा था, 'सच्चा दीपक वही है जो अंधकार में राह दिखाए, न कि केवल सजावट बने।' यदि हम एक दीप अपने भीतर जलाएं-मानवता का, विनम्रता का, और सहअस्तित्व का तो यही सबसे बड़ा पूजन होगा। दीपावली का पर्व ज्योति का पर्व है। दीपावली का पर्व पुरुषार्थ का पर्व है। यह आत्म साक्षात्कार का पर्व है। यह अपने भीतर सुषुप्त चेतना को जगाने का अनुपम पर्व है। यह हमारे आभामंडल को विशुद्ध और पर्यावरण की स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश देने का पर्व है। प्रत्येक व्यक्ति के अंदर एक अखंड ज्योति जल रही है। उसकी लौ कभी-कभार मद्धिम जरूर हो जाती है, लेकिन बुझती नहीं है। उसका प्रकाश शाश्वत प्रकाश है। वह स्वयं में बहुत अधिक देदीप्यमान एवं प्रभामय है। इसी संदर्भ में महात्मा कबीरदासजी ने कहा था- 'बाहर से तो कुछ न दीसे, भीतर जल रही जोत'। जो महापुरुष उस भीतरी ज्योति तक पहुँच गए, वे स्वयं ज्योतिर्मय बन गए। जो अपने भीतरी आलोक से आलोकित हो गए, वे सबके लिए आलोकमय बन गए।

ज्ञान दुनिया का सबसे बड़ा प्रकाश दीप है। जब ज्ञान का दीप जलता है तब भीतर और बाहर दोनों आलोकित हो जाते हैं। अंधकार का साम्राज्य स्वतः समाप्त हो जाता है। ज्ञान के प्रकाश की आवश्यकता केवल भीतर के अंधकार मोह-मूर्च्छा को मिटाने के लिए ही नहीं, अपितु लोभ और आसक्ति के परिणामस्वरूप खड़ी हुई पर्यावरण प्रदूषण और अनैतिकता जैसी बाहरी समस्याओं को सुलझाने के लिए भी जरूरी है। यह हमारे आभामंडल को विशुद्ध और पर्यावरण की स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश देने का पर्व है। प्रत्येक व्यक्ति के अंदर एक अखंड ज्योति जल रही है। उसकी लौ कभी-कभार मद्धिम जरूर हो जाती है, लेकिन बुझती नहीं है। उसका प्रकाश शाश्वत प्रकाश है। वह स्वयं में बहुत अधिक देदीप्यमान एवं प्रभामय है। इसी संदर्भ में महात्मा कबीरदासजी ने कहा था- 'बाहर से तो कुछ न दीसे, भीतर जल रही जोत'। जो महापुरुष उस भीतरी ज्योति तक पहुँच गए, वे स्वयं ज्योतिर्मय बन गए। युद्ध, आतंकवाद, भय, हिंसा, प्रदूषण, अनैतिकता, ओजोन का नष्ट होना आदि समस्याएँ इक्कीसवीं सदी के मनुष्य के सामने चुनौती बनकर खड़ी है। आखिर इन समस्याओं का जनक भी मनुष्य ही तो है। मनुष्य को मोह का अंधकार भगाने के लिए धर्म का दीप जलाना होगा। जहाँ धर्म का सूर्य उदित हो गया, वहाँ का अंधकार टिक नहीं सकता।

दीपावली का संदेश सीमित नहीं है; यह हमें समाज, संस्कृति और मानवता के स्तर पर नया दृष्टिकोण देता है। यह केवल दीपों की पंक्तियाँ नहीं, बल्कि जीवन की दिशा है। हम केवल अपने घर को नहीं, बल्कि किसी और के जीवन को भी रोशन करेंगे। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि प्रकाश की सबसे बड़ी जीत तब होती है जब वह अंधकार के सबसे गहरे कोने में पहुँचता है। हरिवंश राय बच्चन के शब्दों में- 'दीप जलाओ लेकिन ऐसे, जिसमें धुआँ न हो; उजाला हो, पर अहंकार न हो।' जब भीतर का दीप जलता है, तो बाहरी दीप स्वतः दीप्तिमान हो उठते हैं। दीपावली पर्व की सार्थकता के लिए जरूरी है, दीये बाहर के ही नहीं, दीये भीतर के भी जलने चाहिए। क्योंकि दीया कहीं भी जले उजाला देता है। दीए का संदेश है- हम जीवन से कभी पलायन न करें, जीवन को परिवर्तन दें, क्योंकि पलायन में मनुष्य के दामन पर बुजदिली का धब्बा लगता है, जबकि परिवर्तन में विकास की संभावनाएँ जीवन की सार्थक दिशाएँ खोज लेती हैं।

# दीपोत्सव, भारत के हर घर में पहुंचाता है धन, धान्य और सुख

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

भारत की सांस्कृतिक परंपराओं में दीपोत्सव एक धार्मिक अनुष्ठान होने के साथ ही राष्ट्र की आर्थिक धड़कन भी है। यह महालक्ष्मी दीपोत्सव श्रद्धा, समृद्धि और स्वाभिमान का संगम बना हुआ दिखता है, जिसमें परंपरा और प्रगति एक साथ दीप जला रही हैं। ये प्रकाशमान दीपक भारत की अर्थव्यवस्था, आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक गौरव को भी आलोकित करता है। पिछले साल 2024 में दीपोत्सव के दौरान देशभर में 4.75 लाख करोड़ रुपये का कारोबार हुआ था, जबकि 2025 में यह आंकड़ा 5 लाख करोड़ रुपये को पार करने की दिशा में बढ़ रहा है।

कहना होगा कि यह उपभोग का उत्सव भी है और भारत की बढ़ती क्रय शक्ति और आर्थिक आत्मविश्वास का प्रतीक भी है। खुदरा बाजारों, ई-कॉमर्स, परिधान, इलेक्ट्रॉनिक्स, मिठाई और ज्वेलरी क्षेत्रों में अभूतपूर्व तेजी देखने को मिली है। इस वृद्धि के केंद्र में आस्था के साथ-साथ एक नई आर्थिक चेतना है जोकि स्वदेशी ही समृद्धि का आधार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह आह्वान कि 'वोकल फॉर लोकल बनो और लोकल को ग्लोबल बनाओ' अब दीपोत्सव के हर दीये में झलकने लगा है। मिट्टी के दीयों, हस्तनिर्मित उपहारों और देशी सजावट सामग्री की मांग में 2025 में 35% की वृद्धि हुई है।

प्रधानमंत्री मोदी का स्वदेशी संदेश अब एक जनआंदोलन बन गया है; जिससे कुम्हार, बुनकर, हस्तशिल्पी और महिला स्वयं सहायता समूहों को नई पहचान मिली है। जब उपभोक्ता स्वदेशी वस्तु खरीदता है, तो वह केवल उत्पाद नहीं लेता, बल्कि भारत की आत्मा को सशक्त करता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने हाल ही में कहा था कि भारत का विकास तभी सार्थक है जब वह 'स्व' के बोध से प्रेरित हो। उनका 'पंच परिवर्तन' जिसमें स्व-चिंतन, स्व-स्वरूप, स्व-भाव, स्व-बल और स्व-कार्य समाहित है, दीपोत्सव की भावना में जीवंत दिखाई देता है।

वस्तुतः जब समाज अपने जीवन में भारतीय दृष्टि को अपनाता है, अपने कारीगरों का सम्मान करता है और स्थानीय उत्पादन को प्राथमिकता देता है, तब वह स्वदेशी विकास की दिशा में अग्रसर होता है। दीपोत्सव का हर दीपक इस 'स्व' चेतना का प्रतीक है, जो आत्मनिर्भर भारत की नींव को मजबूत कर रहा है। अयोध्या दीपोत्सव 2025 इस वर्ष विश्व स्तर पर आकर्षण का केंद्र बना है। सरयू तट पर 28 लाख दीयों से जगमगाने की तैयारी न केवल एक विश्व रिकॉर्ड है, बल्कि भारत की सांस्कृतिक एकता और आर्थिक समावेशन का उत्सव भी है। इस आयोजन में 33,000 स्वयंसेवक और हजारों ग्रामीण महिलाएं शामिल हैं, जिन्होंने अपने हाथों से मिट्टी के दीये बनाए हैं। इसके लिए 75 हजार लीटर तेल और 55 लाख रूई की बत्तियाँ तैयार की गई हैं। यह दृश्य केवल धार्मिक भक्ति का नहीं, ग्रामीण अर्थव्यवस्था में जीवंत रोजगार सृजन का प्रमाण है।

2024-25 के आर्थिक वर्ष में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.4% से लेकर 9.8% तक भी पहुंचती हुई दिखी। वैश्विक मंदी के बावजूद भारत की आंतरिक मांग और उपभोग ने अर्थव्यवस्था को स्थिर बनाए रखा। त्योहारी सीजन में खुदरा बिक्री, एफएमसीजी, इलेक्ट्रॉनिक्स और रियल एस्टेट में 12-15% की वृद्धि हुई है। डिजिटल भुगतान में भी तीव्र उछाल देखा गया, दीपोत्सव सप्ताह में यूपीआई लेनदेन 18% बढ़े। यह दिखाता है कि भारत की आर्थिक गति अब पूरी तरह तकनीकी और सांस्कृतिक दोनों आधारों पर टिकी है।

ग्रामीण भारत दीपोत्सव की आत्मा है। कुम्हारों के चाक से निकले मिट्टी के दीये और गांवों के हस्तनिर्मित उत्पाद इस पर्व के आर्थिक मूल हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश और राजस्थान के लाखों कारीगरों ने इस वर्ष बाजारों को उजाला दिया। उत्तर प्रदेश सरकार ने महिला स्वयं सहायता समूहों से 5 लाख दीयों का निर्माण करवाया, जिससे ग्रामीण महिलाओं की आमदनी और आत्मनिर्भरता दोनों बढ़ीं। यह वही विचार है जो प्रधानमंत्री मोदी के 'ग्रामीण भारत के पुनर्जागरण' और भागवत जी के 'स्व-कार्य' सिद्धांत से मेल खाता है। मुद्रास्फीति इस वर्ष औसतन 4.9% रही, जो भारतीय रिजर्व बैंक की सीमा के भीतर है। हालांकि खाद्य मुद्रास्फीति 8.4% तक पहुँची, लेकिन त्योहारी उपभोग और बढ़ते व्यापारिक प्रवाह ने आर्थिक स्थिरता बनाए रखी। दीपोत्सव जैसे अवसर न केवल उपभोग को बढ़ाते हैं, बल्कि सरकार के राजस्व संग्रह में भी सहायक सिद्ध होते हैं। अक्टूबर-नवंबर के महीनों में जीएसटी संग्रह में लगभग 13% की वृद्धि हुई, जो बताती है कि उत्सव काल भारत की आर्थिक प्रणाली को मजबूत करता है।

दीपोत्सव का सबसे बड़ा सामाजिक प्रभाव रोजगार सृजन के रूप में सामने आया है। इस सीजन में रिटेल सेक्टर, डिलीवरी सेवाओं, सजावट उद्योग और पर्यटन में लगभग 12 लाख अस्थायी नौकरियाँ सृजित हुई हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि सांस्कृतिक उत्सव सिर्फ भावनात्मक नहीं है, ये रोजगार आधारित आर्थिक गतिविधि बन चुके हैं।

अकेले अयोध्या में पर्यटन के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। अनुमान है कि दीपोत्सव सप्ताह में 25 लाख से अधिक पर्यटक यहां आएंगे। होटल, परिवहन, खाद्य और स्थानीय व्यापार में 20-25% तक की आमदनी बढ़ने की संभावना है। इससे स्पष्ट है कि अयोध्या दीपोत्सव अब धार्मिक पर्यटन से आर्थिक विकास की दिशा में अग्रसर है। इसी तरह से उज्जैन के महाकाल लोक, काशी विश्वनाथ जैसे अनेक मंदिर परिसरों में लाखों भक्त इन दिनों पहुंच रहे हैं। ऐसे में कहना होगा कि ये वही मॉडल है जिसे प्रधानमंत्री मोदी 'संस्कृति आधारित अर्थनीति' कहते हैं; जहां परंपरा, पर्यटन और व्यापार एक-दूसरे को सशक्त करते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी दीपोत्सव की आभा फैल रही है। ब्रिटेन, अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा जैसे देशों में भारतीय दूतावासों और प्रवासी भारतीय समुदायों द्वारा दीपोत्सव मनाया जा रहा है। यह भारत की सॉफ्ट पावर का जीवंत उदाहरण है, जिसने दुनिया में भारतीय संस्कृति की स्वीकृति और सम्मान को नई ऊँचाई दी है। अब दीपोत्सव केवल भारत का नहीं रह गया है, आज यह के वक्त में यह वैश्विक सांस्कृतिक उत्सव बन चुका है जो विश्व को यह संदेश देता है कि आध्यात्मिकता और आर्थिकता एक-दूसरे के पूरक हैं।

दीपोत्सव 2025 में भारत के विकास मॉडल के रूप में आज सभी के सामने है; एक ऐसा मॉडल जो पश्चिमी उपभोगवाद से भिन्न, भारतीय मूल्य-आधारित समृद्धि पर आधारित है। प्रधानमंत्री मोदी का 'वोकल फॉर लोकल', मोहन भागवत जी का 'स्व' दर्शन और भारत की जनशक्ति मिलकर एक नया आर्थिक-सांस्कृतिक दृष्टिकोण निर्मित कर रहे हैं। यह दृष्टिकोण बताता है कि जब समाज आत्मनिर्भरता, सहकारिता और स्वाभिमान की भावना से प्रेरित होता है, तब विकास राष्ट्र में स्वभाविक रूप से दिखाई देता है।

महालक्ष्मी दीपोत्सव 2025 इस बात का सजीव प्रमाण है कि भारत आज आस्था से आत्मनिर्भरता और संस्कृति से अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है। 5 लाख करोड़ रुपये की आर्थिक सक्रियता, 28 लाख दीयों की आभा, 25 लाख पर्यटकों की उपस्थिति और 12 लाख रोजगारों की सृजनात्मक ऊर्जा यह सब भारत के नवोन्मेषी आत्मविश्वास का परिचायक है। जब हर घर का दीपक जलता है, तो केवल प्रकाश ही नहीं फैलता, बल्कि भारत की प्रगति, स्वदेशी चेतना और सांस्कृतिक गौरव भी दमक उठते हैं। दीपोत्सव पूजा का पर्व तो है ही साथ में यह आज हमें भारत की आर्थिक चेतना, सांस्कृतिक एकता और आत्मविश्वासी भविष्य का उत्सव बनकर सामने आता हुआ दिखता है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि जब श्रद्धा और स्वदेशी भावना एक साथ प्रज्वलित होती हैं, तो प्रकाश केवल दीयों में नहीं राष्ट्र की प्रत्येक चेतना से प्रवाहित होता है।

# मारिया की राजनीति और राहुल गांधी की सियासी उलझन

हरीश शिवनानी

वैश्विक राजनीति अक्सर ऐसी जटिल उलझनें पैदा कर देती है जहाँ सिद्धांत और व्यावहारिक राजनीति के बीच का अंतर पेचीदा हो जाता है। नोबेल शांति पुरस्कार 2025 विजेता वेनेजुएला की मारिया कोरिना मचाडो और भारत के कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लेकर दिलचस्प परिदृश्य उत्पन्न हो गया गया है। मारिया अपने देश में सरकार के खिलाफ, लोकतंत्र, मतदान में धांधली, भ्रष्टाचार आदि को लेकर संघर्ष कर रही है। कांग्रेस और राहुल गांधी उनकी इस राजनीति की सराहना करते हैं क्योंकि ऐसा ही वे भारत में अपनी राजनीति में करने का दावा करते हैं। कांग्रेसी मारिया और राहुल को एक ही डाल का पंछी मानते हैं। यहाँ तक कि कांग्रेस के एक आधिकारिक प्रवक्ता ने तो राहुल गांधी के लिए भी नोबेल की मांग कर डाली। वे मारिया को राहुल गांधी की समर्थक मानते हैं। मारिया ने एक बार राहुल गांधी की तारीफ में ट्वीट भी किया था। दूसरी ओर वास्तिवकता यह है कि राहुल गांधी और कांग्रेस की सियासत और मारिया की राजनीति एवं विचारधारा में गहरा अंतर्विरोध है। यह अंतर्विरोध ही राहुल और कांग्रेस के लिए जटिल उलझन और गले की फांस बन गया गया है। मारिया की राजनीति अपनी जगह उनके लिए मुफीद है लेकिन राहुल गांधी की सियासत अलग है।

मारिया को नोबेल की घोषणा करते हुए नॉर्वेजियन नोबेल समिति ने उन्हें 'लोकतांत्रिक अधिकारों को बढ़ावा देने और तानाशाही के खिलाफ अथक प्रयास' के लिए सराहा। हालांकि, मचाडो की धुर दक्षिणपंथी विचारधारा-जिसमें डोनाल्ड ट्रम्प का समर्थन, इजराइल की नीतियों की पक्षधरता और आर्थिक निजीकरण की वकालत शामिल है- ने कांग्रेस और राहुल गांधी के लिए पसोपेश वाली स्थिति पैदा कर दी है।

मारिया कोरिना मचाडो का राजनीतिक उदय वेनेजुएला की समाजवादी सरकारों के खिलाफ प्रतिरोध पर आधारित है। 1967 में जन्मी मचाडो, एक पूर्व सांसद और इंजीनियर, 2012 से विपक्षी गठबंधन की प्रमुख रही हैं। उन्होंने ह्यूगो चावेज और निकोलास मादुरो की सरकारों पर चुनावी धांधली, भ्रष्टाचार और मानवाधिकार उल्लंघनों के आरोप लगाए। ऐसा ही राहुल गांधी भारत में भाजपा सरकार के खिलाफ करते हैं। 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में मादुरो सरकार ने मारिया को अयोग्य घोषित कर दिया, जिसके बाद उन्होंने एडमुंडो गोंजालेज को समर्थन देकर विपक्ष को एकजुट किया। इन प्रयासों ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय मान्यता दिलाई, जिसमें अमेरिकी प्रतिबंधों और विदेशी सहायता की मांग शामिल थी। मारिया की विचारधारा की अपनी राजनीति है। उन्होंने अपना पुरस्कार ट्रम्प को समर्पित करते हुए उन्हें 'हमारे संघर्ष का निर्णायक समर्थक' बताया। मारिया ने अपने देश में अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप की भी वकालत की, जिससे वेनेजुएला में आर्थिक संकट बढ़ा। इजराइल के प्रति उनका रुख साफ है। उन्होंने इजराइल को 'स्वतंत्रता का सच्चा सहयोगी' कहा और गाजा संघर्ष में इजराइली कार्रवाइयों का समर्थन किया। इसके अलावा, मचाडो राज्य तेल कंपनी पीडीवीएसए के निजीकरण की भी पक्षधर हैं, जो समाजवादी विचारधारा के विपरीत है।


इस बीच मारिया को नोबेल की घोषणा होते ही भारत में कांग्रेस ने मारिया के पुरस्कार को अपने राजनीतिक नैरेटिव से जोड़ने का प्रयास किया। कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने कहा कि मारिया ने वेनेजुएला में लोकतंत्र के लिए जो संघर्ष किया, वही राहुल गांधी भारत में कर रहे हैं। पार्टी प्रवक्ता सुरेंद्र राजपूत ने सोशल मीडिया पर मचाडो की तुलना राहुल गांधी से की, उन्हें 'संविधान बचाने का योद्धा' बताते हुए उनके लिए भी नोबेल पुरस्कार की मांग कर डाली। यह तुलना कांग्रेस की रणनीति का हिस्सा है, जहां राहुल गांधी को चुनावी धांधली, संस्थागत क्षरण और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर मुखर दिखाया जाता है। विश्लेषणात्मक दृष्टि से देखें तो यह नैरेटिव बहुत सतही है और राहुल तथा मारिया के बीच वैचारिक विरोधाभासों को अनदेखा करता है। कांग्रेस की ऐतिहासिक विचारधारा समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता और साम्राज्यवाद-विरोध पर टिकी है। पार्टी ने फिलिस्तीन मुद्दे पर हमेशा समर्थन दिया, जो उसके मुस्लिम मतदाता आधार और वामपंथी सहयोगियों से जुड़ा है। मारिया का इजराइल-समर्थक रुख कांग्रेस की नीतियों से सीधा टकराव पैदा करता है। कांग्रेस ने गाजा हमलों की निंदा की है, जबकि मारिया ने इजराइल को 'स्वतंत्रता का सहयोगी' बताया।

इसी प्रकार, मचाडो का ट्रम्प समर्थन कांग्रेस के लिए असहज है, जिसने भाजपा पर 'ट्रम्प-मोदी गठजोड़' के आरोप लगाए हैं। मचाडो की निजीकरण नीति भी कांग्रेस की समाजवादी नीति के विपरीत है। विश्लेषणात्मक रूप से, ये अंतर्विरोध कांग्रेस की वैचारिकता को चुनौती देते हैं। यदि कांग्रेस मारिया का समर्थन जारी रखती है, तो यह उसके वोट बैंक और सहयोगी दलों में दरार डाल सकती है, विशेष रूप से मुस्लिम और वामपंथी समूहों में, जहां मचाडो को 'इजराइल-समर्थक' माना जाता है। यदि पार्टी मचाडो का समर्थन करती है, तो वह वैचारिक समझौता करेगी, जिससे वोट बैंक दरक सकता है- उदाहरण के लिए, 2024 चुनावों में मुस्लिम वोटों का करीब 70 प्रतिशत कांग्रेस को मिला था। यदि मौन साधती है या आलोचना करती है, तो भाजपा इसे 'लोकतंत्र-विरोधी' बताकर प्रचार करेगी।

राहुल गांधी की व्यक्तिगत स्थिति और भी जटिल है; वे न तो पूर्ण समर्थन कर पा रहे हैं और न विरोध। यह गहन दुविधा, जटिल उलझन कांग्रेस की रणनीतिक कमजोरी को उजागर करती है।

## दैनिक पंचांग

**19 अक्टूबर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | तुला में | तुला | 05.51 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | वृश्चिक | 08.10 ब.से |
| मंगल | तुला में | धनु | 10.26 बजे से |
| बुध | तुला में | मकर | 12.31 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कुंभ | 14.17 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | मीन | 15.50 बजे से |
| शनि | मीन में | मेष | 17.21 बजे से |
| राहु | कुंभ में | वृष | 19.01 बजे से |
| केतु | सिंह में | मिथुन | 20.59 बजे से |
| | | कर्क | 23.12 बजे से |
| | | सिंह | 01.28 बजे से |
| | | कन्या | 03.40 बजे से |

**राहुकाल** 4.30 से 6.00 बजे तक

**रविवार** 2025 वर्ष का 292 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** कार्तिक (दक्षिण भारत में आश्विन) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** त्रयोदशी 13.52 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराफाल्गुनी 17.50 बजे को समाप्त। **योग** इन्द्र 02.05 बजे रात्र को समाप्त। **करण** वणिज 13.52 बजे तदनन्तर विष्टि 02.47 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 09° 59' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872502 **जूलियन दिन** 2460967.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** रबी उस्सानी **तारीख** 26 **विशेष** काली चौदस, हनुमान पूजा, मासिक शिवरात्रि।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से | 07.23 बजे तक | | शुभ | 05.36 से | 07.09 बजे तक | |
| चर | 07.23 से | 08.51 बजे तक | | अमृत | 07.09 से | 08.41 बजे तक | |
| लाभ | 08.51 से | 10.18 बजे तक | | चर | 08.41 से | 10.14 बजे तक | |
| अमृत | 10.18 से | 11.46 बजे तक | | रोग | 10.14 से | 11.46 बजे तक | |
| काल | 11.46 से | 01.14 बजे तक | | काल | 11.46 से | 01.19 बजे तक | |
| शुभ | 01.14 से | 02.41 बजे तक | | लाभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक | |
| रोग | 02.41 से | 04.09 बजे तक | | उद्वेग | 02.51 से | 04.24 बजे तक | |
| उद्वेग | 04.09 से | 05.36 बजे तक | | शुभ | 04.24 से | 05.53 बजे तक | |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# त्योहारों से पहले खाद्य सुरक्षा अभियान, बिना लाइसेंस संचालित प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** अभिहित अधिकारी सह- अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रामगढ़ के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा आगामी त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए के विभिन्न होटल एवं मिठाई दुकानों में विशेष निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अभिहित अधिकारी सह अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी रामगढ़ के द्वारा रामगढ़ कॉलेज गेट स्थित होटल मिलन का निरीक्षण किया गया। ब्लॉक चौक रामगढ़ स्थित एल बी फूड, उमेश स्वीट्स का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि एल बी फूड एवं उमेश स्वीट्स के द्वारा बिना लाइसेंस के खाद्य कारोबार किया जा रहा है। एल बी फूड और



उमेश स्वीट्स पर 25000/- 25000/- का जुर्माना लगाया गया। नइसराय स्थित सिद्धि स्वीट्स के द्वारा मात्र फस्साइ पंजीकरण प्राप्त करके ही प्रतिष्ठान चलाया जा रहा है किन्तु खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम, 2006 के तहत ऐसे खाद्य कारोबारी जिनका वार्षिक कारोबार 12 लाख से अधिक है को राज्य स्तरीय लाइसेन्स प्राप्त कर ही कारोबार चलाना है। सिद्धि स्वीट्स पर 25000/- का जुर्माना लगाया गया। अन्य खाद्य कारोबारियों के प्रतिष्ठान का भी निरीक्षण किया गया एवं जरूरी दिशानिर्देश दिया गया ' निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, लेबलिंग, एक्सपायरी तिथि और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया। सभी दुकानदारों को निर्देशित किया गया कि वे एक्सपायरी उत्पाद न बेचें, सभी खाद्य सामग्री पर स्पष्ट लेबलिंग करें, नियमित पेस्ट कंट्रोल कराएँ और होटल/रेस्टोरेंट स्टाफ द्वारा एप्रोन, ग्लव्स और हेडगियर का पालन सुनिश्चित करें। खाना बनाने में साफ पानी का उपयोग करने, कर्मियों की स्वच्छता पर ध्यान देने, फस्साइ मानक वाले खाद्य पदार्थ का प्रयोग करने, उचित लेबलिंग के साथ खाद्य सामाग्री को पेकिंग करने, सिंथेटिक कलर का प्रयोग न करने और अनावश्यक रंगों के इस्तमाल से परहेज करने का निर्देश दिया।


## विवेकानंद विद्यालय में लेखन व रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत ग्राम खोडाहार के चारमाइल स्थित विवेकानंद विद्यालय शनिवार को लेखन एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सारे बच्चों ने भाग लिया। लेखन प्रतियोगिता में मानवी कुमारी वर्ग पंचम, सुशांत कुमार वर्ग नवम, प्रिया कुमारी वर्ग दशम, सागर कुमार वर्ग सप्तम, दीपक कुमार वर्ग नवम और आराध्य कुमारी वर्ग चतुर्थ ने बेहतर प्रदर्शन किया। जबकि रंगोली में वर्ग दशम, वर्ग पंचम, वर्ग सप्तम एवं वर्ग अष्टम के बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया। उक्त सफल सारे बच्चों को विद्यालय के निदेशक रामचंद्र यादव, प्राचार्य बीरेंद्र कुमार के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निदेशक ने सारे बच्चों को शुभकामनाएं दी और इस तरह के सफल आयोजन हेतु प्राचार्य ने सभी शिक्षकों को इसका श्रेय दिया इस मौके पर शिक्षक अविनाश कुमार, सुमित राणा, अनुज राणा, राखी राणा, मीरा सिंह, ऋषभ जी, नेहा सिंह और पुष्पा यादव सभी उपस्थित थे।

## संगीतकार और समाजसेवी गुप्ता को शिष्यों एवं शुभचिंतकों ने दी श्रद्धांजलि






प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** गुप्ता जी भारत के सुप्रसिद्ध ध्रुपद-धमार गायक रहे हैं। वे पद्मश्री पं. सियाराम तिवारी (दरभंगा घराना) के शिष्य तथा पं. विनायक राव पटवर्धन (ग्वालियर घराना) से भी संगीत की शिक्षा प्राप्त कर चुके थे। उन्होंने ऑल इंडिया ध्रुपद मेला, पं. ओंकारनाथ ठाकुर जन्मशती समारोह (वाराणसी) जैसे अनेक प्रतिष्ठित आयोजनों में अपने गायन से देश और विदेश के श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। सनस 2000 में झारखंड सरकार द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। 2003 में उन्होंने लॉस एंजेलिस के सेरिटोस हॉल में पाकिस्तान के प्रसिद्ध तबला वादक उस्ताद तरी खान के साथ 13वीं से 21वीं सदी का संगीत शीर्षक कार्यक्रम में भारत का प्रतिनिधित्व किया। विकास विद्यालय, राँची में वे वर्षों तक संगीत विभागाध्यक्ष रहे और हजारों विद्यार्थियों के जीवन में संगीत का दीप जलाया। उनके विद्यार्थी उन्हें केवल शिक्षक नहीं, बल्कि मार्गदर्शक और मित्र के रूप में याद करते हैं उनसे संगीत सीखना ध्यान और अनुशासन का अभ्यास था। वे लगभग हर वाद्य यंत्र में निपुण थे। हारमोनियम, तबला, पखावज, सब कुछ उनके स्वरों में जीवंत था। सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने अपनी धर्मपत्नी मालती कुमारी के साथ मिलकर राँची के ग्रामीण व आदिवासी क्षेत्रों में गरीब बच्चों के लिए संगीत शिक्षा का विद्यालय स्थापित किया। यह उनके जीवन का सबसे बड़ा योगदान रहा संगीत को समाज की सेवा में समर्पित करना। सैकड़ों विद्यार्थियों और शिष्यों ने सोशल मीडिया पर अपनी संवेदनाएँ व्यक्त की हैं ।

## विधायक ने गोरिया करमा के रोहनिया टांड में किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने शनिवार को बरही प्रखंड के गोरिया करमा पंचायत के रोहनिया टांड के छोटकी महोडोर में 63 केवी नया ट्रांसफार्मर का फीता काट उद्घाटन किया। मौके पर स्थानीय मुखिया कुमारी मीरा, राजन ओम, जीबराइल अंसारी, रामधन भुईयां सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। ज्ञात हो कि रोहनिया टांड छोटकी महोडोर में पिछले एक महीने से ट्रांसफार्मर जल गया था, जिसके कारण लोगों को बिजली की समस्या हो गई ।लोग अंधेरे में रहने को मजबूर थे। जानकारी मिलते ही विधायक के पहल पर 63 केवी का नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। ट्रांसफार्मर चालू होते ही लोगों की बिजली समस्या दूर हो गई और लोगों ने विधायक को बधाई दी। वहीं विधायक मनोज



कुमार यादव ने बिजली व्यवस्था की लचर स्थिति पर सरकार की कडी आलोचना करते हुए कहा कि बरही विधानसभा क्षेत्र में लगभग 20-25 ट्रांसफार्मर जले पड़े हैं। बिजली विभाग के कार्यालय का रोज चक्कर लगाने के बाद मुश्किल से एक ट्रांसफार्मर उपलब्ध हो पाता है, लेकिन तब तक क्षेत्र में दो और ट्रांसफार्मर जलने की सूचना मिल जाती है। उन्होंने कहा कि हजारीबाग स्थित टी.आर.डब्लू (ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग वर्कशॉप) ऑफिस में ट्रांसफार्मर में डाले जाने वाले तेल की हमेशा भारी कमी रहती है, जिसके कारण ट्रांसफार्मर सही समय पर रिपेयर नहीं हो पाता है।उन्होंने कहा कि यही हाल झारखंड सरकार के बिजली विभाग का है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर हजारीबाग बिजली विभाग अपने कार्यशाली में सुधार नहीं किया तो छठ पूजा के बाद जोरदार आंदोलन किया जायेगा ।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, मेधावी छात्रों को सम्मान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** शनिवार को डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में अर्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। कक्षा तृतीय से पंचम वर्ग में मोहम्मद अली जैद ने 99.6% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं कक्षा छठी से द्वादश वर्ग में सिंकु कुमारी ने 99.4% अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा सत्र 2024-25 की सर्वश्रेष्ठ छात्रा पूजा कुमारी को प्राचार्य डॉ. आशुतोष कुमार मैढ़ द्वारा स्मार्ट वॉच देकर सम्मानित किया गया। प्रार्थना सभा के दौरान बच्चों ने संगीत शिक्षक दीपक पाठक के निर्देशन में छठ पूजा से संबंधित भजन प्रस्तुत किया। छोटे बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों से पूरा विद्यालय परिसर उत्सवमय हो उठा। रंगोली और दीया निर्माण प्रतियोगिता में छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान वृक्षारोपण अभियान भी चलाया गया, जिसमें चीकू सहित कई पौधे विद्यालय परिसर में लगाए गए। प्राचार्य डॉ. आशुतोष कुमार मैढ़ ने विद्यार्थियों को दीपावली, भाई दूज एवं छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा, भारत त्योहारों का देश है।

# रेड रन मैराथन के माध्यम से दिया गया एचआईवी-एड्स जागरूकता का संदेश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** नेशनल एड्स कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन के निर्देशानुसार एवं झारखंड राज्य एड्स कंट्रोल सोसाइटी के अंतर्गत आईसीटीसी हजारीबाग के तत्वावधान में एचआईवी/एड्स जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को 3 किलोमीटर रेड रन मैराथन कार्यक्रम का आयोजन हजारीबाग झील परिसर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9:00 बजे मुख्य अतिथि सिविल सर्जन हजारीबाग, डॉ. अशोक कुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर खेल विभाग, ट्राई टीआई, एवं चल एलएफपीटी



हजारीबाग का संयुक्त सहयोग रहा। मैराथन में दो वर्गों में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया – प्रथम ग्रुपः 17 से 25 वर्ष आयु के युवा एवं युवतियाँ द्वितीय ग्रुपः समान आयु वर्ग के महिला एवं पुरुष दोनों ग्रुपों में लगभग 150 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में विजेताओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर चयनित किया गया, जिनकी घोषणा सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने की। अपने संबोधन में डॉ. कुमार ने कहा कि आज समाज में एचआईवी/एड्स का बढ़ता प्रभाव गंभीर चिंता का विषय है। इस रोग से बचाव हेतु समाज के प्रत्येक वर्ग को जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार के आयोजन युवाओं में स्वस्थ जीवनशैली एवं जागरूकता के प्रसार का माध्यम बनते हैं। आईसीटीसी हजारीबाग की काउंसलर रंजीता ने एचआईवी/एड्स के रोकथाम एवं सावधानियों के विषय में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एड्स से बचाव का एकमात्र उपाय है जागरूकता, सुरक्षित व्यवहार एवं नियमित स्वास्थ्य परीक्षण। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित अतिथियों में डॉ. कपिल मुनि दिया, डॉ. राज किशोर, डॉ. कल्याणी, सुनीता (काउंसलर एबीसी), सहायक कार्यक्रम प्रबंधन तकनीकी निखिल, ममता रंजन, दीपक, मीना प्रजापति, नूतन, आदित्य आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### बरही बार एसोसिएशन का चुनाव संपन्न, रवि शंकर बने अध्यक्ष

**बरही :** बरही बार एसोसिएशन का चुनाव शनिवार को पर्यवेक्षक अधिवक्ता परमेश्वर मंडल की निगरानी में सम्पन्न हो गया। अलग अलग पदों के लिए कुल 16 उम्मीदवार मैदान में थे। अध्यक्ष पद के लिए अधिवक्ता रविशंकर को विजय घोषित किया गया एवं अधिवक्ता सचिव पद के लिए अधिवक्ता राजकुमार प्रसाद को विजय घोषित किया गया ।उपाध्यक्ष पद के लिए अधिवक्ता उदय सिन्हा, उपसचिव पद के लिए अधिवक्ता रामचंद्र साव को विजय घोषित किया गया। कोषाध्यक्ष पद के लिए अधिवक्ता राधेलाल चौधरी को विजय घोषित किया गया। कार्यकारिणी सदस्य के लिए अधिवक्ता सुजीत कुमार, अधिवक्ता रामचंद्र चौधरी, अधिवक्ता रामकृत सिंह, अधिवक्ता बैजनाथ प्रसाद, अधिवक्ता श्याम कुमार, अधिवक्ता सुशील सिंह, चुनाव मैदान में थे। उपाध्यक्ष पद के लिए उदय सिन्हा कार्यकारिणी सदस्य के लिए सुजीत कुमार रामचन्द्र चौधरी रामकृत सिंह बैजनाथ प्रसाद श्याम कुमार सुशील सिंह निर्विरोध चुनाव जीत गए।

### बरही में खुला रिलैक्स हेवन स्पा का दूसरा शाखा

**बरही :** धनबाद रोड, कोनरा, बरही थाना के पास संचालित होटल अमृतवान फैमिली रेस्टोरेंट में ह्यरिलैक्स हेवन स्पाह्न के दूसरे शाखा का शुभारंभ किया गया। यह स्पा यसजीत केयर सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के अंतर्गत संचालित है। पूजा अर्चना के बाद विधिवत शुभारंभ करते हुए एरिया मैनेजर, संजीत कुमार ने बताया कि यहां पर पुरुष एवं महिलाएं दोनों के लिए अलग-अलग अनुभवी थेरेपिस्ट द्वारा फुल बॉडी मसाज, डी-स्ट्रेस थेरेपी, हेड, नेक एंड शोल्डर मसाज, और बॉन एडजस्टमेंट, बोर्न बेबी मदर मसाज जैसी विशेष सेवाएं दी जाएगी ।यह स्पा शरीर के दर्द, तनाव, थकान और नींद की कमी जैसी समस्याओं से राहत दिलाने के साथ-साथ मन को शांति और ताजगी देने का एक उत्कृष्ट स्थान है। रिलैक्स हेवन का उद्देश्य है कि बरही और आसपास के लोग भी अब सिटी लेवल का स्पा एक्सपीरियंस अपने ही इलाके में पा सकें। ज्ञात हो कि बरही में इस तरह की व्यवस्था पहली बार हो रही है। इससे बरही के लोगों में काफी उत्सुकता है। मौके पर नबाब अली, यशवंत कुमार, पुण्य प्रकाश, राजेश कुमार आदि लोग मौजूद थे।

### श्रीदस स्कूल में सजी सांस्कृतिक चमक

**बरही :** बरही के देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को दिपावली के अवसर पर बच्चों द्वारा विभिन्न तरह के सांस्कृतिक रंगोली प्रस्तुतीकरण किया ।जो आकर्षण का केंद्र रहा। बच्चों ने रंग-बिरंगे रंगों से पारंपरिक और आधुनिक डिजाइन की एक से एक मनमोहक रंगोलियाँ बनाई,जो हर कोई उनकी सृजनशीलता का कायल हो गया। इसके साथ ही मेरी दिवाली मेरी सोच विषय पर लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने लेखों के माध्यम से दिवाली के सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व पर विचार प्रकट किए। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य के कुमार ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों की रचनात्मकता और भावनाओं को व्यक्त करने का माध्यम भी है। ऐसे आयोजन से बच्चों के भीतर आत्मविश्वास और कला के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ाते हैं। प्रबंधक राकेश कुमार ने कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चों में भारतीय संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों के प्रति प्रेम जगाना है। दिपावली के मौके पर विद्यालय परिसर दीपों और सजावट से जगमगा उठा, वहीं बच्चों की हंसी और रचनात्मकता ने त्योहार को और भी यादगार बना दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### राधा गोविन्द विवि के विभिन्न विभागों में धनतेरस एवं दीपावली उत्सव का हुआ आयोजन



**रामगढ़ :** शनिवार को धनतेरस तथा दीपावली के पावन अवसर पर शिक्षा विभाग,वाणिज्य विभाग,कृषि विज्ञान विभाग और विधि विभाग द्वारा उल्लासपूर्वक विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दीपों का यह पर्व, जो अंधकार से प्रकाश की ओर जाने का प्रतीक है, विभाग में आपसी सौहार्द, रचनात्मकता एवं सांस्कृतिक समरसता का सजीव उदाहरण बन गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। इस पावन उत्सव पर रंगोली, पोस्टर मेकिंग, दीपक एवं थाली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिक्षा विभाग में अंजली सोनी, उमेश कुमार, ललिता कुमारी, दीपिका कुमारी एवं रितिका इक्का,वाणिज्य विभाग में सदफ नूर, मुस्कान कुमारी, अल्तमस, पुण्यकर्ण एवं अभिषेक, कृषि विभाग में अनुष्का, पवन, प्रतीक एवं मनोज, विधि विभाग में मिनी मरांडी, लवकुश,मनीषा एवं आंचल कुमारी शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन. साह ने विद्यार्थियों को दीपावली की शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सचिव प्रियंका कुमारी ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की भूरी- भूरी प्रशंसा करते हुए उन्हें ऐसे आयोजनों में नियमित भाग लेने हेतु प्रेरित किया। दीपावली की अग्रिम बधाई दी। कुलपति प्रो (डॉ.) रश्मि ने दीपावली के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को अपने जीवन में सत्य, अहिंसा एवं सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल ने सभी विद्यार्थियों को प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने की अपील की। इस अवसर विश्वविद्यालय के वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ.) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार, शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अंजू तिवारी,वाणिज्य विभाग के डॉ रंजन कुमार, कृषि विभाग के नेहा टोप्पो और कानून विधि विभाग के मनीषा झा, विभाग के अन्य व्याख्यातागण एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित थे। अंत में सभी को दीपावली की मंगलकामनाओं सहित मिठाइयाँ एवं दीपदान वितरित किए गए। समस्त उपस्थितजन ने यह संकल्प लिया कि वे ज्ञान, सत्य एवं प्रकाश के पथ पर अग्रसर रहेंगे।

### काली पूजा को लेकर रजरप्पा मंदिर में तैयारियां जोरों पर

**गोला :** काली पूजा को लेकर रजरप्पा मंदिर में जुटेंगे कई तांत्रिक और साधक, प्राप्त करेंगे सिद्धि, काली पूजा अमावस्या की रात रजरप्पा में तांत्रिकों का होगा जुटान, मां छिन्नमस्तिका मंदिर में काली पूजा को लेकर तैयारी शुरू, रंग रोगन का किया जा रहा काम। देश के प्रसिद्ध सिद्ध पीठ स्थल रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिके मंदिर में काली पूजा की तैयारी जोरों पर है। न्यास समिति की ओर से मंदिर का रंग रोगन व सफाई का कार्य शुरू करवा दिया गया है। 20 अक्टूबर को आयोजित काली पूजा को देखते हुए मंदिर स्थित हवन कुंडों की साफ-सफाई व रंग-रोगन कोलकाता से आए कारीगरों की टीम लग चुके हैं। ताकि तांत्रिक व साधक हवन कर सिद्धि प्राप्त कर सकें। काली पूजा की रात अमावस्या को सिद्धि प्राप्त करने के लिए बड़ी संख्या में तांत्रिक व साधक अभी से रजरप्पा मंदिर पहुंचकर स्थल चयन करने में जुट गए हैं। काली मंदिर स्थित पंचवटी स्थल का भी सफाई शुरू करवा दिया गया है। अमावस्या की रात तांत्रिक पंचवटी स्थल पर रात 12 बजे बैठकर तंत्र मंत्र की साधना में जुट जाते हैं। मां छिन्नमस्तिके मंदिर, दक्षिणेश्वरी काली मंदिर, अष्ट मंदिर, विष्णु लोक, सूर्य मंदिर और बजरंग बली मंदिर में भी आकर्षक विद्युत सज्जा की जा रही है।

### जरप्पा डीएवी पब्लिक स्कूल में दीपावली एवं छठ पूजा पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**रजरप्पा :** रजरप्पा स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में शनिवार को दीपावली एवं छठ पूजा के पावन अवसर पर डीएवी के जूनियर विंग एवं सीनियर विंग में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सर्वधर्म समभाव की भावना जागृत करना और भारतीय संस्कृति की विविधता को सम्मान देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के नोडल पदाधिकारी आशीष झा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के युवा नेता पीयूष चौधरी उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. के. शर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि दीपावली बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है और प्रत्येक व्यक्ति को दीपक की तरह समाज में उजाला फैलाना चाहिए। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा रामायण पर आधारित लंका कांड एवं ह्यसीता स्वयंवर जैसे प्रसंगों का नाट्य मंचन प्रस्तुत किया गया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं छठ पूजा की विधियों—नहाय-खाए, संध्या अर्ध, सुबह अर्ध, पारण एवं प्रसाद वितरण—को भी बच्चों ने अत्यंत सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। अतिथियों एवं अभिभावकों ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं। विद्यालय परिसर में उत्सव का माहौल रहा और छात्रझ छात्राओं ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. शर्मा ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

### लिटिल मून प्ले स्कूल, कोनरा, बरही में दीपावली पर दीया एवं रंगोली प्रदर्शन



**बरही :** दीपावली के पावन अवसर पर लिटिल मून प्ले स्कूल, कोनरा, बरही में छात्र-छात्राओं द्वारा सुंदर दीये सजाए गए और मनमोहक रंगोलियाँ बनाई गईं। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सृजनात्मकता, सांस्कृतिक भावना और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। विद्यालय में इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति अपनी श्रद्धा एवं रचनात्मकता का परिचय दिया। विद्यालय परिवार सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों की सराहना करता है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य सिराज खान ने सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की जिन विद्यार्थियों ने भाग लिया उनका नाम अदिबा आफरीन, नैना कुमारी, प्रियल कुमारी, मोहम्मद सलमान, प्रियांशू कुमारी, राजकुमार, अनन्या कुमारी, छवी पांडे, मोहम्मद अदनान, फलक परवीन माही नूर, माहिरा नाज.शिक्षकों में सदफ गौहर, रोहित कुमार, सूरज कुमार, कली कुमारी, अरमान परवीन, निषाद परवीन, नेहा कुमारी, शमा परवीन, ममता देवी, नाज खातुन ने योगदान दिया।

# धनतेरस की खरीदारी को लेकर बाजारों में उमड़ी लोगों की भीड़



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** दीपावली पर्व से ठीक 2 दिन पहले धनतेरस का त्योहार हिंदू त्योहारों में से एक है, जिसे पूरे देश में बेहद उत्साह और खुशी के साथ मनाया जाता है। इस शुभ दिन पर लोग विभिन्न धार्मिक गतिविधियों में शामिल होते हैं और भगवान कुबेर, भगवान धन्वंतरि और देवी लक्ष्मी की पूजा करते हैं। जहां अपने घर के बाहर दिए और मोमबत्तियां जलाते हैं और हर साल धनतेरस दिवाली दो दिन पहले मनाया जाता है। जहां हिंदू पंचांग के अनुसार, कार्तिक माह में कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को धनतेरस का त्योहार मनाया जाता है। इस बार धनत्रयोदशी 18 अक्टूबर यानी कि शनिवार को मनाई जा रही है। जहां धनतेरस के दिन नए बर्तन, सोना चांदी के आभूषण खरीदना भी शुभ माना जाता है। जहां धनतेरस की खरीदारी करने के लिए बाजारों में लोगों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। जहां सोना और चांदी का आधुनिक साज सजा की सामानों के साथ साथ नई नई आधुनिक राइस लाइट, और तरह तरह की कलाकृतियां और तरह तरह के दिए बाती और लक्ष्मी गणेश की मूर्ति खरीदते हुए लोग देखे जा रहे हैं। वही इस दिन मान्यता के अनुसार लोग नमक, झाड़ू, धनिया, चरण पादुका व पान के पत्ते भी खरीदने में जुटे हुए देखे गए। उधर धनतेरस पर बाजारों में देर शाम से ही भारी भीड़ देखी गई जहां सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चप्पे चप्पे पर पुलिस के बल तैनात किए गए थे।

## एक नजर

### आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पीड़िता ने लगाई एसपी से गुहार

**साहिबगंज:** राधानगर थाना क्षेत्र निवासी प्रियंका विश्वास ने पुलिस अधीक्षक को लिखित आवेदन देकर राधानगर थाना पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर आरोप लगाया हैं। आवेदन में उन्होंने बताया कि थाना कांड संख्या 340/25 के तहत दर्ज मामले में अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई है। प्रियंका विश्वास ने बताया कि मामले की आरोपी महानन्दो बरोई, बंकिम विश्वास, तोपस विश्वास और बबलू विश्वास खुलेआम घूम रहे हैं और घर पर कांड के आईओ शिशिर कुमार यादव और एएसआई सुनील कुमार मेहता के साथ पार्टी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आरोपी ने उन्हें उसके घर में घुसने नहीं दिया तो वो अपने परिवार के साथ एक छोटे से दुकान में बिना शौचालय, रसोई और पानी के अभाव में जिंदगी गुजार रही है। उन्होंने आईओ पर पैसे मांगने और एएसआई पर केस उठा लेने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। कहा कि उसे किसी केस में फसाने की धमकी दी जा रही है। कहा कि उनके मामला दर्ज कराने के दो माह बाद भी आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई जबकि अन्य मामलों में तुरंत कार्रवाई की जाती है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी कर उन्हें सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। प्रियंका विश्वास ने कहा कि यदि समय पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे और उनका परिवार असुरक्षित महसूस करेंगे। उन्होंने निष्पक्ष जांच और शीघ्र न्याय की अपील की है।

### मंदिर में हुई चोरी मामले में जांच को लेकर मंदिर पहुंचे, डीएसपी



**साहिबगंज:** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत सकरुगढ़,पुराना एसपी कोठी के निकट मां काली मंदिर में शुक्रवार की संध्या हुई चोरी मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा व जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह ने शनिवार को मामले के अनुसंधान के तहत कई लोगों से पूछताछ की। ज्ञात हो कि शक्तिचौक स्थित मूड़ कटवा काली मंदिर में मां काली का स्वर्ण जीभ, सोने के बने दोनों आंख की पुतली एवं मंदिर में लगे पीतल की घंटी की चोरी कर ली थी।

## कदमा थाना पुलिस ने 20 लाख की डकैती मामले के पांच आरोपितों को किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम के कदमा थाना क्षेत्र में 9 अक्टूबर को हुई 20 लाख रुपये की डकैती का शनिवार को पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस ने इस मामले के पांच आरोपितों को गिरफेतार किया है। आरोपितों के पास से लूट के कई सामान भी बरामद किए गए हैं। नगर पुलिस अधीक्षक कुमार शिवाशीष ने शनिवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि इस मामले में पांच कुख्यात अपराधियों को हथियार समेत गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान बिरसानगर जोन नंबर 3 निवासी कुणाल सिंह मुंडा, बिरसानगर जोन नंबर 6 निवासी कृष्णा लोहार उर्फ पाड़ी, आदित्यपुर रोड नंबर 1 जनता फ्लैट निवासी सयोराज सिंह उर्फ जस्से, जुगसलाई मिल्लतनगर निवासी फहीम आलम और गरीब नवाज कॉलोनी, जुगसलाई निवासी मोहम्मद सद्दाम के रूप में हुई है। ये सभी आरोपित शहर के कुख्यात अपराधी हैं और इनके खिलाफ हत्या और चोरी सहित अन्य आपराधिक मामलों में पहले से भी कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपितों के पास से एक देशी पिस्टल, मैगजीन में लोड दो जिंदा कारतूस, एक सोने का ब्रेसलेट, एक टाइटन कंपनी की घड़ी, बिना नंबर की ओक स्कूटी और एक ऑटो भी बरामद किया है। जांच में यह भी सामने आया कि इन अपराधियों ने पूरी योजना बनाकर कदमा के रामनगर रोड नंबर 2 स्थित दीपराज सिंह के घर में डकैती की थी। एसपी ने बताया कि इस मामले के उद्भेदन के लिए विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया था, जिसमें मुख्यालय-2 पुलिस उपाधीक्षक मनोज कुमार ठाकुर, डीएसपी सन्नी वर्धन, कदमा थाना प्रभारी प्रवेश चंद्र सिन्हा, बिष्टुपुर थाना प्रभारी आलोक कुमार दुबे, एसआई दीपक कुमार महतो, मंटू कुमार, आमिर हमजा और एएसआई तसौवर हुसैन खां शामिल थे।

## राधानगर में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ बरकत खान के हाथों

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला के उधवा प्रखंड के राधानगर हाई स्कूल मैदान में शुक्रवार की रात रोशनी के बीच नाइट पिंग-पोंग क्रिकेट टूनामेंट का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कांग्रेस जिलाध्यक्ष बरकत खान और जेएमएम नेता अजहरुद्दीन शेख ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और बल्लेबाजी कर किया। मौके पर बरकत खान ने कहा कि खेल युवा पीढ़ी को अनुशासन, एकता और स्वस्थ जीवन का संदेश देता है। आज के डिजिटल युग में बच्चों को मोबाइल गेम से दूर रहकर मैदान की ओर लौटने की जरूरत है, ताकि उनका शारीरिक और मानसिक विकास संतुलित रूप से हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे आयोजनों से गांवों में नई ऊर्जा का संचार होता है और प्रतिभाएं निखरकर सामने आती हैं। वहीं



जेएमएम नेता अजहरुद्दीन शेख ने कहा कि राधानगर जैसे सुदूरवर्ती क्षेत्र में टूनार्मेंट का आयोजन होना गर्व की बात है। इससे न सिर्फ खेल को बढ़ावा मिलता है बल्कि आपसी भाईचारे और युवाओं के बीच एकजुटता भी मजबूत होती है। उन्होंने राधानगर क्रिकेट कमेटी के सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं ग्रामीण इलाकों में प्रतिभा खोजने का बेहतरीन मंच हैं। उधर, नाइट टूनार्मेंट में आसपास के प्रखंडों के अलावा पश्चिम बंगाल की कुल 24 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला बटाइल टीम और पश्चिम बंगाल के घोरायपाड़ा टीम के बीच खेला गया। बटाइल टीम ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण चुना। घोरायपाड़ा टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 ओवर में 35 रन बनाए। जवाब में बटाइल टीम ने 5 विकेट खोकर मात्र 5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर जीत दर्ज की। जीत के बाद खिलाड़ियों ने पटाखे फोड़कर और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर जश्न मनाया।

## बड़ा तलबन्ना गांव में संध्या चौपाल स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला में बीते संध्या गुरुवार को डॉ रामदेव पासवान सिविल सर्जन साहिबगंज के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालझारी के आयुष्मान आरोग्य मंदिर बालापोखर के अंतर्गत बड़ा तलबन्ना गाँव में डॉ रंजन कुमार प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी तालझारी के सहयोग से संध्या चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमे उक्त गाँवों में एलईडी वेन के माध्यम से ग्रामीणों को वैक्टर जनित रोग कालाजार, मलेरिया, फाईलेरिया, डेंगू, नियमित टीकाकरण, एनीमिया मुक्त भारत, जीरो डोज, परिवार नियोजन आदि विभिन्न बीमारियों के बारे मे जागरूक किया गया। इसके साथ ही विभिन्न ग्रामों से आए लोगों को सभी प्रकार के स्वास्थ्य जांच एवं स्थल पर ही दवा वितरण किया गया। उक्त संध्या चौपाल में ग्रामीणों को बीपी, शुगर, सिकल सेल एनीमिया, मलेरिया, कालाजार, फाईलेरिया, यक्ष्मा, टीकाकरण, एचआईवी एवं अन्य सभी प्रकार के स्वास्थ्य जांच किया गया। साथ ही साथ स्थल पर ही आभा कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया। इस मौके पर डॉ रवि प्रकाश चिकित्सा पदाधिकारी, बिजय राम बीपीएम, अभिषेक कुमार केटीएस, राजकुमार मित्तल सीएचओ, भूमिका लकड़ा सीएचओ, ऐनी मरांडी सीएचओ, राजकुमार पंडित बीटीटी, सुरेश कुमार राम एलटी, अमृता पटेल एएनएम, फार्मासिस्ट, चन्दन कुमार पियूष, रंजीत कुमार, सुधांशु भगत, जफर आलम, प्रिंस कुमार, विनय कुमार, राजकिशोर कुमार, कृष्णन्दन कुमार एमपीडब्ल्यू, सहिया साथी, सहिया आदि सभी स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

## दहेज उत्पीड़न मामला में विवाहित ने राधानगर थाना में किया केस दर्ज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** राधानगर थाना क्षेत्र के उधवा कचहरी गाँव में एक नवविवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करने और जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़िता चॉदमुनी कुमारी ने अपने पति समेत ससुराल के 5 लोगों पर शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने अपने आवेदन में बताया है कि उनका विवाह 28 फरवरी 2023 को शिवा कुमार स्वर्णकार से हुआ था। शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल वालों ने उनसे एक लाख नकद और एक मोटरसाइकिल की मांग शुरू कर दी। दहेज न मिलने पर उन्हें प्रताड़ित किया जाने लगा, जिसके कारण उनके पहले बच्चे की जन्म के तुरंत बाद मौत हो गई। उत्पीड़न तब और बढ़ गया, जब उन्होंने दूसरी बार एक पुत्री को जन्म दिया। पीड़िता ने आरोप लगाया




कि ससुर जोगेन स्वर्णकार उन्हें गाली देते थे। पीड़िता ने बताया कि 15 सितंबर को पति शिवा कुमार, सास मीनोती देवी और ननद पूजा देवी ने मिलकर उनका गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। उनके विरोध करने पर, ससुराल वालों ने उनके सभी जेवर छीन लिए और पुत्री के साथ उन्हें घर से बाहर निकाल दिया। उसके पति दूसरी शादी करने की धमकी देता है। पीड़िता के आवेदन पर राधानगर पुलिस ने पति, सास, ससुर और ननद समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ कांड संख्या 431/25 के तहत सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## विधायक ने छठ घाटों पर समुचित व्यवस्था कराने के लिए उपायुक्त को लिखा पत्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** जमशेदपुर पश्चिम से विधायक सरयू राय ने शनिवार को पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त को पत्र लिख कर छठ महापर्व को लेकर विभिन्न छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्था करने का आग्रह किया है। उपायुक्त को लिखे पत्र में सरयू राय ने कहा है कि विभिन्न छठ घाटों तक पहुंच पथ का समतलीकरण और घाटों की साफ-सफाई, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव, गोताखोरों की व्यवस्था, चेंजिंग रूम की व्यवस्था, पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था, नदी में डेंजर जोन चिन्हित करने का निशान लगाने सहित अन्य आवश्यक सुरक्षा का इंतजाम करने की आवश्यकता है। इस संबंध में उनके प्रतिनिधियों और जनता दल (यू) के कार्यकताओं ने विभिन्न छठ घाटों का भ्रमण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया है।

उन्होंने कहा कि जमशेदपुर अक्षेस क्षेत्र के अंतर्गत सोनारी दोमुहानी छठ घाट, डोबो पुल छठ घाट, बच्चा सिंह बस्ती सहित अन्य छठ घाटों पर उपरोक्त व्यवस्था करने की जरूरत है। विधायक सरयू राय ने मानगो के गोकुल नगर, रोड नंबर-04 स्थित छठ घाट, पोस्ट ऑफिस स्थित अनुकूल ठाकुर छठ घाट, गौड़ बस्ती, बगरा कुली स्थित छठ घाट, गौड़ बस्ती शांति नगर स्थित सूर्य मंदिर छठ घाट, वर्कस कॉलेज स्थित छठ घाट, साई सूरज आश्रम स्थित छठ घाट, शंकोसाई राम नगर स्थित छठ घाट, शंकोसाई सहित अन्य छठ घाटों पर भी उचित व्यवस्था कराने का आग्रह किया है, ताकि छठव्रतियों को कोई असुविधा न हो। पत्र की प्रतिलिपि उप नगर आयुक्त, मानगो नगर निगम और जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति को भी दी गई है।

## डीसी हेमंत सती ने प्राथमिक उप स्वास्थ्य केन्द्र बांझी का किया औचक निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** डीसी हेमंत सती ने आज प्राथमिक उप स्वास्थ्य केन्द्र बांझी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केन्द्र में नियुक्त डॉक्टर अनुपस्थित पाई गईं। बताया गया कि केन्द्र में सीएचओ की कोई प्रतिनियुक्ति नहीं है, जबकि तीन एएनएम की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं लैब टेक्नीशियन मो. नौशाद अंसारी और एमपीडब्ल्यू प्रदीप कुमार भी अनुपस्थित पाए गए। डीसी ने गंभीर लापरवाही पर दोनों कर्मियों से स्पष्टीकरण की मांग करते हुए उनके वेतन भुगतान पर रोक लगाने का निर्देश दिया।डीसी ने निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केन्द्र में आवश्यक सुविधाओं की कमी पर नाराजगी जताई और तत्काल प्लेसेंटा पीट निर्माण, आरओ मशीन तथा सोलर लाईट की स्थापना



सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**पशुपालन चिकित्सालय में ताला बंद, डीसी का कड़ा रुख, सभी का वेतन रोका जाएगा**

निरीक्षण के क्रम में डीसी ने बांझी स्थित पशुपालन चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया, जहाँ चिकित्सालय परिसर में ताला लटका मिला। इस पर डीसी ने गहरी नाराजगी जताते हुए सभी डॉक्टरों और कर्मियों के वेतन भुगतान पर रोक लगाने का आदेश जारी किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकारी व्यवस्था में लापरवाही और गैर-जिम्मेदारी किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**राज्यकीय अनुसूचित जनजाति उच्च विद्यालय बांझी में अव्यवस्था पर डीसी का सख्त रुख**

निरीक्षण के दौरान राज्यकीय अनुसूचित जनजाति आदिवासी उच्च विद्यालय बांझी में मॉडलर किचन सुचारू रूप से संचालित नहीं पाया गया। वहीं नव-निर्मित किचन भवन की दुर्दशा देख डीसी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि 30 दिनों के भीतर भवन की मरम्मत पूरी की जाए, अन्यथा संबंधित एजेंसी व संवेदक से राशि वसूली कर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। डीसी ने कहा कि ह्जनता को बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखना किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं है। लापरवाही करने वाले अधिकारी-कर्मियों पर कठोर कार्रवाई होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### तीन दिवसीय राजस्व शिविर का हुआ समापन



**पाकुड़ :** जिले के सभी अंचल और हल्का स्तर से संबंधित मामलों के निष्पादन हेतु 16 अक्टूबर, 17 अक्टूबर एवं 18 अक्टूबर तक आयोजित तीन दिवसीय राजस्व शिविर का हुआ समापन तीन दिवसीय शिविर में सभी अंचलों से दाखिल खारिज के कुल 42 आवेदन प्राप्त हुए, सभी आवेदन प्रक्रियाधीन है। रजिस्टर 2 सुधार हेतु कुल 44 आवेदन प्राप्त हुए हैं। सभी आवेदन प्रक्रियाधीन है। भू-मापी सीमांकन हेतु कुल 0 आवेदन प्राप्त हुए है। भू- लगान संग्रह 711.96 रुपया किया गया। जाति, आय एवं निवास से संबंधित कुल 438 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 356 आवेदन का निष्पादन किया गया है, लंबित आवेदन 82 है। विविध मामले में कुल 25 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 2 आवेदन का निष्पादन किया गया, लंबित आवेदन 23 है। सभी लंबित आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि राजस्व से संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए हर माह दो बार राजस्व शिविर का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिवसीय शिविर का उद्देश्य आमजनों को उनके निकटतम अंचल में ही राजस्व से संबंधित सेवाएं प्रदान करना।

### स्वास्थ्य जागरूकता के लिए आयुष विभाग ने आमजन को दिया योग का प्रशिक्षण

**पाकुड़ :** जिले में आयुष विभाग की ओर से योग एवं आयुष चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष कार्ययोजना के तहत आमजन को नियमित रूप से योग प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह पहल आयुर्विद्या कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित की जा रही है, जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा आयुष पद्धतियों को जन-जन तक पहुंचाना है। आज शनिवार को इशाकपुर, अमड़ापाड़ा, पाकुड़िया सहित जिले के अन्य 10 स्थलों पर योग प्रशिक्षकों द्वारा आमजन को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान तकनीक की शिक्षा दी गई। इस दौरान लोगों को बताया गया कि नियमित योगाभ्यास से न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य भी सुदृढ़ होता है।

### टमटम स्टैंड काली पूजा समिति ने 51 वर्ष पूरे होने पर निकाली भव्य कलश शोभा यात्रा



**साहिबगंज:** नगर थाना क्षेत्र के टमटम स्टैंड काली पूजा समिति की ओर से शनिवार को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाला गया। जहां इस दौरान भारी संख्या में कुंवारी कन्याओं व महिलाओं ने अपने सिर पर कलश रखकर नगर भ्रमण करते हुए गंगा नदी के तट पर पहुंचकर पवित्र गंगा जल कलश में भरकर मंदिर परिसर पहुंचे जहां पुरोहित के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश स्थापित किया गया। उधर इसको लेकर पूरे इलाके में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार टमटम स्टैंड काली पूजा समिति का वर्ष 2025 में 51 वर्ष पूरा होने पर भव्य कलश शोभायात्रा निकाला गया था जिसको लेकर आज कलश शोभायात्रा निकालकर इसकी उपलब्धि मनाई गई।

### समलापुर स्थित काली मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई भव्य कलश शोभायात्रा



**साहिबगंज:** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के समलापुर स्थित श्री श्री 108 समलेश्वर काली पूजा समिति की ओर से शनिवार को नई मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा एवं 121 कलश शोभायात्रा निकाला गया। जहां इस दौरान भारी संख्या में कुंवारी कन्याओं व महिलाओं ने अपने सिर पर कलश रखकर नगर भ्रमण करते हुए गंगा नदी के तट पर पहुंचकर पवित्र गंगा जल कलश में भरकर मंदिर परिसर पहुंचे जहां पुरोहित के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश स्थापित किया गया। उधर इस प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे इलाके में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। जहां पूजा समिति के सदस्य जोरशोर से प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।

### बहरागोड़ा पुलिस ने डोडा तस्करी के फरार आरोपित को किया गिरफ्तार



**पूर्वी सिंहभूम:** पूर्वी सिंहभूम जिला में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बहरागोड़ा पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने शनिवार को डोडा तस्करी के एक मामले में फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपित की पहचान झाड़ेस्वर महतो उर्फ फुचू महतो (42), पिता दिजेन महतो, निवासी, ग्राम-शंखाभंगा, थाना-बरसोल के रूप में हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि यह गिरफ्तारी बहरागोड़ा थाना में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर की गई है। इस मामले में पुलिस ने 20 किलोग्राम डोडा बरामद किया था। बरामदगी के बाद से ही झाड़ेस्वर महतो फरार चल रहा था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपित अपने घर के आसपास देखा गया है। सूचना के आधार पर गठित विशेष टीम ने छापेमारी कर उसे पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद कानूनी प्रक्रिया पूरी कर आरोपित को जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में मादक पदार्थों की अवैध तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा और इस दिशा में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

# क्या बिहार में टूटेगा महागठबंधन, 10 सीटों पर आमने-सामने



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए पहले फेज का नामांकन खत्म हो चुका है, लेकिन अब तक महागठबंधन में सीट शेयरिंग पर सहमति नहीं बन पाई। सीटों के बंटवारे को लेकर राजद, कांग्रेस, वामदल और वीआईपी में ऐसी खींचतान मची कि सवाल उठने लगा है कि, क्या महागठबंधन वाकई टूट गया है? बिना सीट शेयरिंग की घोषणा के ही फर्स्ट फेज में 121 सीटों पर महागठबंधन के 125 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। 121 में राजद ने 72, कांग्रेस ने 24, लेफ्ट ने 21, वीआईपी ने 6 और आईआईपी ने 2 सीटों पर नामांकन भर दिया है। फर्स्ट फेज के नामांकन में चार सीटें ऐसी हैं जहां गठबंधन के प्रत्याशी ही आमने-सामने हैं। दोनों फेज की बात करें तो 10 सीटों पर महागठबंधन की पार्टियां एक दूसरे के आमने-समाने लड़ रही हैं। राजद ने तो कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम की सीट पर ही कैंडिडेट उतारने का फैसला कर लिया है।कांग्रेस की हॉट सीट कुटुंबा से प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम कैंडिडेट हैं। इसी सीट पर राजद ने अपने नेता सुरेश पासवान को मैदान में उतारने का फैसला किया। 'औरंगाबाद में 5-6 सीटों पर फ्रेंडली फाइट की तैयारी है। कुटुंबा सीट पर भी राजद-कांग्रेस के बीच फ्रेंडली फाइट तय है। अभी न तो राजेश राम ने नामांकन भरा है और न ही मैंने।' सीट शेयरिंग पर हालात इतने बिगड़े कि राजद को स्थिति संभालने के लिए आगे आना पड़ा। गौरा बौराम सीट के लिए राजद ने दरभंगा के जिला निर्वाचन पदाधिकारी के नाम पत्र भेजकर साफ किया कि यह सीट विकासशील इंसान पार्टी को दी गई है। राजद मुख्यालय प्रभारी मुकुंद सिंह ने यह पत्र भेजा। जानकारी है कि राजद ने इस सीट से अफजल अली को आश्वासन दे दिया था, लेकिन बाद में समझौते के तहत वीआईपी को यह सीट देनी पड़ी।

**मुकेश सहनी 15 सीटों पर राजी**

विकासशील इंसान पार्टी के मुकेश सहनी ने बड़ी मांग कर महागठबंधन को हिला दिया। शुरू में उन्होंने 60 सीटों की मांग की, फिर 40, फिर 20 और आखिरकार 15 सीटों पर राजी हुए। राजद सिर्फ 12 सीटें देने को तैयार थी, लेकिन सहनी अड़े रहे। चुनाव जीतने पर खुद को डिप्टी सीएम बनाए जाने की घोषणा करने की मांग की।

आखिरकार राहुल गांधी और सीपीआई (एमएल) नेतृत्व की पहल से मुकेश सहनी को 15 सीटें, 1 राज्यसभा और 2 MLC सीटों का ऑफर दिया गया। राहुल गांधी ने दखल देकर संभाली स्थिति गुरुवार देर रात राहुल गांधी के हस्तक्षेप के बाद स्थिति संभली। मुकेश सहनी ने राहुल गांधी को पत्र लिखा था कि उन्हें 35 सीटों के वादे के बजाय सिर्फ 18 सीटें दी जा रही हैं। राहुल गांधी की दखल के बाद राजद ने 15 सीटें देने पर सहमति जताई। सीपीआई (एमएल) नेता दिपांकर भट्टाचार्य ने भी बातचीत में अहम भूमिका निभाई। एक्सपर्ट क्या कहते हैं: रणनीतिक असमंज और नेतृत्व विफलता महागठबंधन की मौजूदा स्थिति पर वरिष्ठ पत्रकार प्रियदर्शी रंजन ने कहा, महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर जो गतिरोध बना, उसे मैं तेजस्वी यादव का 'रणनीतिक असमंजस' कहूंगा। आरजेडी के प्रमुख चेहरे के तौर पर यह उनकी जिम्मेदारी थी कि गठबंधन के भीतर सीटों का तालमेल सुचारू रूप से कराएं, लेकिन यहां एक पेंच था। तेजस्वी एक तरफ तो गठबंधन के वातार्कार थे दूसरी तरफ वह खुद को महागठबंधन का 'सिंगल फेस' भी बनाना चाहते थे। कांग्रेस इसके लिए तैयार नहीं थी।श्प्रियदर्शी रंजन ने कहा, ;'माले (सीपीआई-एमएल) जैसे दल ने अपनी राजनीतिक हैसियत से ज्यादा सीटें मांगकर आरजेडी को असहज किया। आरजेडी कुछ हद तक झुकने को तैयार दिख भी रही थी, लेकिन उसे डर था कि अगर मन-मुताबिक सीटें बांट दी गईं, तो उसका अपना 'बेस वोट' और परंपरागत सीटें खतरे में पड़ सकती हैं। कुल मिलाकर, महागठबंधन के भीतर अपनी डफली, अपना राग वाली स्थिति बन गई।' उन्होंने चेताया कि, इसका तात्कालिक असर तो है ही, लेकिन लंबे समय तक पड़ने वाला असर ज्यादा गंभीर होगा। महागठबंधन की छवि अवसरवादी और बिखरे हुए समूह के रूप में पेश हुई है। तेजस्वी यादव के नेतृत्व पर गंभीर सवाल खड़ा हो गया है। बिहार में गठबंधन चलाने की जो जिम्मेदारी उनपर थी, उसपर वे विफल होते दिखे हैं। यह सवाल बना रहेगा कि क्या तेजस्वी यादव एक मजबूत गठबंधन का नेतृत्व करने की क्षमता रखते हैं? राजनीतिक विश्लेषक प्रवीण बागी ने कहा कि, 'महागठबंधन में सीट बंटवारे में देर इसलिए हुई कि कांग्रेस, मुकेश सहनी की पार्टी वीआईपी और आरजेडी तीनों अपने-अपने रुख पर अड़े रहे। सबसे बड़ी बाधा कांग्रेस का रुख था। कांग्रेस ने वोटर अधिकार यात्रा राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली। इसका असर यह हुआ कि कांग्रेस में नया जोश आया कि बिहार में अपने बूते चुनाव लड़ सकते हैं। यह भाव कार्यकताओं के मन में आ गया। राहुल गांधी को भी यही फीडबैक दिया गया कि कांग्रेस अपने बलबूते बेहतर परिणाम ला सकती है।अल्लावरू ने आते ही आरजेडी से बनाई दूरी राजनीतिक विश्लेषक प्रवीण बागी ने कहा, भक्त चरण दास को प्रदेश प्रभारी बनाकर उन्होंने देख लिया था कि बिहार में कांग्रेस किस तरह से चल रही है। लालू प्रसाद ने तब ऐसा माहौल बना दिया कि कांग्रेस ने उन्हें हटा दिया। इसके लिए अल्लावरू को लाया गया। वे राहुल गांधी के टच में रहते हैं और अच्छे संगठन कर्ता हैं। लो प्रोफाइल रहते हैं। वरिष्ठ पत्रकार ओम प्रकाश अश्क ने कहा, महागठबंधन में टिकट बंटवारा नौटंकी बन कर रह गया। लेफ्ट ने तो पहले ही सूची जारी कर दी। कांग्रेस की भी लिस्ट आ गई। आरजेडी ने काफी देर की। आखिरी दिन सूची जारी करना कोरम पूरा करना ही कहा जाएगा। उन्होंने कहा कि, महागठबंधन की जमीन पुख्ता होती दिख रही थी, लेकिन अब वह कमजोर होती नजर आ रही है। इसके लिए आपसी कलह और तालमेल की कमी जिम्मेदार है।

## मंत्री महेश्वर हजारी से अमीर हैं उनकी पत्नी संध्या



**समस्तीपुर।** सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री महेश्वर हजारी की पत्नी संध्या हजारी उनसे अमीर हैं। संध्या हजारी रिटायर्ड टीचर हैं। मंत्री की इनकम का सोर्स पेट्रोल पंप के अलावा खेती और किराया है। गुरुवार को कल्याणपुर विधानसभा सीट से महेश्वर हजारी ने अपना नामांकन दाखिल किया है। नामांकन दाखिल करने के बाद उन्होंने दाखिल किए गए एफिडेविट में इसकी जानकारी दी है। 63 साल के महेश्वर हजारी पिछली तीन बार से कल्याणपुर के विधायक हैं। उन्होंने शपथ पत्र में खुद को ग्रेजुएट बताया है। मंत्री ने बताया है कि उनके पास कैश अमाउंट के रूप में 85 हजार 600 रुपए, जबकि पत्नी संध्या के पास 71 हजार 800 रुपए कैश है। महेश्वर हजारी के शपथ पत्र के मुताबिक, उनके बैंक अकाउंट्स में 25 लाख से ज्यादा, जबकि पत्नी के अकाउंट्स में करीब 25 लाख रुपए हैं। मंत्री के पास 50 लाख की एलआईसी पॉलिसी भी है।त्री महेश्वर हजारी के नाम पर 11 लाख का होम लोन महेश्वर हजारी ने अपने एफिडेविट में बताया कि है कि उनके पास समस्तीपुर में 8976 वर्गफीट, पटना में 5444 वर्गफीट जमीन है। समस्तीपुर की जमीन साल 2007 में जबकि पटना की जमीन 2017 में खरीदी गई थी, जिसकी वर्तमान में अनुमानित बाजार मूल्य 47 लाख 52 हजार 449 रुपए है।पत्नी संध्या के पास समस्तीपुर में 7348 वर्गफुट और पटना में 3062 वर्ग फुट जमीन है, जिसका अनुमानित मूल्य 34 लाख 93 हजार 845 रुपए है। महेश्वर हजारी के नाम से दिल्ली के इंद्रपुरी में भी 3572 वर्ग फुट जमीन है, जिसकी कीमत 2करोड़ 42 लाख 42 हजार 409 है, जबकि दिल्ली में ही पत्नी संध्या के पास 11222 वर्ग फुट जमीन है, जिसका बाजार मूल्य 6 करोड़ 10 लाख 45 हजार 253 रुपए है। मंत्री ने 11 लाख का होमलोन भी ले रखा है।2015 मॉडल की फॉरच्यूनर कार के भी हैं मालिक मंत्री महेश्वर हजारी के पास 2015 मॉडल की एक फॉरच्यूनर कार भी है, जिसकी कीमत 15 लाख रुपए है।समस्तीपुर से निर्दलीय चुनाव लड़ने वाली चेतना झांब के पास बीएमडब्ल्यू कारामस्तीपुर की निर्दलीय प्रत्याशी चेतना झांब एक करोड़ की बीएमडब्लू से चलती हैं। दरअसल, हाल ही में चेतना झांब जन सुराज में शामिल हुई थीं। वे समस्तीपुर विधानसभा सीट से टिकट की प्रबल दावेदार थीं, लेकिन जब उन्हें टिकट नहीं मिला तो उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में गुरुवार को नामांकन किया।ी चेतना अभी अविवाहित हैं। चेतना ने अपने शपथपत्र में बताया है कि उनके पास कैश एक लाख रुपए है, जबकि उनके एचडीएफसी बैंक अकाउंट में 5 लाख रुपए जमा है। उनके पास एक करोड़ की बीएमडब्ल्यू कार है, जबकि 3 करोड़, 6 लाख रुपए की ज्वेलरी भी है। उन्होंने बताया है कि विरासत में उन्हें कोई संपत्ति नहीं मिली है। शंभूपट्टी में चार लाख की जमीन खरीदी है। चेतना ने खुद को बीए पास बताया है। जानकारी दी है कि उनके पास कुल चल संपत्ति 3 करोड़ 6 लाख रुपए है। पेशे से उन्होंने खुद को फिल्म प्रोड्यूसर बताया है।

## कांग्रेस के नाराज नेता बोले-गठबंधन टूटने वाला है



**पटना।** महागठबंधन में पहले ही सीट शेयरिंग को लेकर तनाव है। अब कांग्रेस की कलह भी खुलकर सामने आ गई है। टिकट कटने से नाराज गुट ने पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा, महागठबंधन टूटने वाला है।नाराज नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम और प्रभारी कृष्णा अल्लावरू पर टिकट बेचने का आरोप लगाया है। इसमें खगड़िया से वर्तमान विधायक छत्रपति यादव, बरबीघा से गजानंद शाही, यूथ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नागेंद्र पासवान, बांका के जिलाध्यक्ष कंचना कुमारी सिंह सहित अन्य नेता मौजूद रहे।कांग्रेस नेता बंटी चौधरी ने कहा कि महागठबंधन टूटने के कगार पर है, यह प्रभारी की वजह से हुआ है। उन्होंने सीएम फेस का ऐलान नहीं किया। इन लोगों ने 'वोट चोर, गद्दी छोड़' का नारा दिया था। हमलोग 'टिकट चोर, पद छोड़' की बात कह रहे हैं। प्रदेश प्रभारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी वजह से सीट शेयरिंग नहीं हो पाई। पार्टी में योग्य कैंडिडेट को टिकट नहीं दिया जा रहा। इस बार के चुनाव में पार्टी 10 सीट भी नहीं जीत पाएगी। पूरे मामले को लेकर कांग्रेस नेता आनंद माधव ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को लेटर लिखा है। बाहुबली की पत्नी को राजद से टिकट फेज के नॉमिनेशन खत्म होने के बाद भी सीट शेयरिंग की घोषणा नहीं हुई। 10 सीटों पर महागठबंधन की पार्टियों आमने-सामने हैं।राजद ने बाहुबली अशोक महतो की पत्नी अनीता देवी को टिकट दिया है। शुक्रवार रात तेजस्वी ने अनीता देवी को पार्टी सिंबल दिया। वो नवादा के वारिसलिगंज से चुनाव लड़ेंगी। कांग्रेस ने इस सीट पर पहले से मंटन सिंह को उतारा है।वहीं कसबा से टिकट नहीं मिलने पर शुक्रवार को फूट-फूटकर रोए मो. इरफान आलम को कांग्रेस ने मौका दिया है। यहां से 4 बार के सिटिंग एमएलए आफाक आलम का टिकट काटकर सांसद पप्पू यादव के करीबी मो. इरफान को टिकट मिला है।हालांकि कांग्रेस की तरफ से इसकी आधिकारिक घोषणा अब तक नहीं हुई है। मगर सांसद पप्पू यादव ने सोशल मीडिया पर फोटो साझा करते हुए, इसकी घोषणा कर दी है।इधर, महागठबंधन में सीट शेयरिंग की खींचतान के बीच मधेपुरा की आलमनगर विधानसभा से नबीन कुमार को महागठबंधन से वीआईपी और राजद दोनों ने अपना सिंबल दिया है। इन्होंने दोनों सिंबल से अपना नॉमिनेशन भरा है। हालांकि एक टीवी न्यूज चैनल से बात करते हुए उन्होंने कहा कि एक पार्टी से नामांकन वापस लेंगे।फर्स्ट फेज के 121 सीटों पर महागठबंधन के 125 प्रत्याशी फर्स्ट फेज के 121 सीटों पर महागठबंधन के 125 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। 121 में राजद ने 72, कांग्रेस ने 24, लेफ्ट ने 21, वीआईपी ने 6 और आईआईपी ने 2 सीटों पर नामांकन भर दिया है।वहीं, पिछले 8-10 दिनों से पटना से लेकर दिल्ली तक सीट शेयरिंग और कैंडिडेट्स सिलेक्शन पर माथापच्ची चलती रही, लेकिन इससे कुछ नहीं निकला।राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे ने रूठे नेताओं से फोन पर बात की और मनाने की कोशिश की, लेकिन वो भी विफल रहे। नतीजा बिना लिस्ट जारी किए पार्टियों ने सिंबल बांटे और नामांकन दाखिल किया।बिहार विधानसभा चुनाव के पहले फेज का नामांकन शुक्रवार को खत्म हो गया है, लेकिन सीट शेयरिंग की घोषणा नहीं की है। स्थिति यह थी कि फर्स्ट फेज के नॉमिनेशन के आखिरी दिन '१८ कांग्रेस और VIP सिंबल बांटते रहे।

शुक्रवार को VIP प्रमुख मुकेश सहनी ने कहा, 'हमे राज्यसभा नहीं चाहिए, मुझे डिप्टी CM बनना है। मैं इस बार विधानसभा का चुनाव नहीं लड़ूंगा, लेकिन महागठबंधन की सरकार कैसे बने, इसपर जोर-शोर से मेहनत करते रहेंगे।

## समस्तीपुर में मतदाता जागरूकता शपथ कार्यक्रम




**समस्तीपुर।** समाहरणालय परिसर में मतदाता जागरूकता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य आगामी मतदान में लोगों की भागीदारी बढ़ाना है। इस कार्यक्रम में निजी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, स्कूली बच्चों और सरकारी कर्मचारियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार ने सभी मौजूद लोगों को मतदान के प्रति शपथ दिलाई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मतदान प्रत्येक नागरिक का अधिकार है और यह देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि हमारी जिम्मेदारी भी है।

अपने मत का प्रयोग करके देश के विकास में योगदान करें। मतदान के माध्यम से ही हम ऐसे प्रतिनिधियों का चयन कर सकते हैं जो हमारे क्षेत्र के विकास के लिए काम करेंगे। समस्तीपुर जिले में 6 नवंबर को मतदान होगा। इस शपथ कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य मतदान प्रतिशत को अधिकतम करना है।

अपर समाहर्ता ने यह भी कहा कि यहां से निकलने के बाद सभी प्रतिभागी घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास करेंगे। इस मतदाता जागरूकता शपथ कार्यक्रम में सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी रजनीश कुमार के साथ-साथ समाहरणालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत सभी सरकारी कर्मी, निजी संस्थाओं के सदस्य और स्कूली बच्चे-बच्चियां मौजूद रहे।

# शाह के दौरे का तीसरा दिन, चिराग ने की मुलाकात

**पटना।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बिहार दौरे का आज तीसरा दिन हैं। शनिवार सुबह चिराग पासवान ने अमित शाह से होटल मोर्या में मुलाकात की। उन्होंने कहा, चुनाव प्रचार को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री से बात हुई। महागठबंधन में कन्फ्यूजन ही कन्फ्यूजन है। शाह आज पटना बीजेपी नेताओं के साथ बैठक करेंगे। इसमें पार्टी के कार्यकर्ता, जिला और ब्लॉक स्तर के सभी नेताओं को शामिल होने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक के दौरान वे चुनाव को लेकर रणनीति बनाएंगे और तैयारियों की समीक्षा करेंगे। वहीं, विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के साथ नामांकन प्रचार की तैयारियां और सहयोगी दलों के तालमेल पर चर्चा करेंगे। तमाम बैठकों के बाद शाम में वे पटना से दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे। इससे पहले शाह पटना के ज्ञान भवन में प्रबुद्धजन सम्मेलन में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने लालू-राबड़ी के पर निशाना साधा था। शाह ने कहा 'लालू नए चेहरे और नए कपड़े बदलकर फिर से जंगलराज लाना चाहते हैं। इसे रोकना होगा।' शाह बोले- हम उद्योगों वाला बिहार बनाएंगे अमित शाह ने आगे कहा, 'बिहार 1.0 में नीतीश बाबू सुशासन लेकर आए। बिहार 2.0 जब नीतीश-मोदी जी की सरकार आई तब और विकास के काम हुए। बिहार में आज बिजली कटौती कोई ढूंढ नहीं सकता है। गंगा के ऊपर पुलों का निर्माण हुआ। बिहार 2.0 में बड़े-



बड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर बने। बरौनी रिफाइनरी बना। दरभंगा में AIIMS बना। 4 नए एयरपोर्ट बने। हजारों किलोमीटर रोड बने। पटना की कनेक्टिविटी को तेज किया। इससे बिहार के विकास को नई गति मिली। अब समय है बिहार 3.0 का। अगर आप फिर से जंगलराज को रोक देते हैं, हम उद्योग युक्त बिहार बनाएंगे। बिहार में रोजगार बड़ी समस्या है।'इससे पहले अमित शाह छपरा में बीजेपी कैंडिडेट्स के नॉमिनेशन में शामिल हुए थे। उन्होंने सभा को भी संबोधित किया था। शाह ने इस दौरान लालू परिवार पर जमकर निशाना साधा। लोगों को जंगलराज की यादव दिलाई। कहा कि, हम 20 साल के सबसे बड़े बहुमत के साथ बिहार में सरकार बनाने जा रहे हैं। लोगों से NDA को वोट करने के लिए मुट्ठी भी बंधवाई। लोगों से कहा कि, आप बिना डरे, बिना किसी के दबाव में आए NDA को खुलकर वोट कीजिए। बिहार में विकास सिर्फ हमारी सरकार ही कर सकती है दूसरा कोई नहीं। बिहार को जंगलराज में नहीं धकेलना है: नीतीश कुमार ने बिहार को जंगलराज से मुक्ति दिलाई है। लालू, राबड़ी का राज आपने देखा ही था क्या हालत थी। लोगों में डर का माहौल था। इन लोगों को अब कभी मौका नहीं देना है। बिहार को फिर से उस काल में नहीं धकेलना है।लालू-कांग्रेस राज में आतंकी खून की होली खेलते थे: हमारी सरकार ने जम्मू-कश्मीर से 370 हटाई। ये लोग इसका विरोध करते रहे। लालू और कांग्रेस के राज में आतंकी देश में खून की होली खेलते थे। अभी आतंकियों ने फिर सिर उठाने की कोशिश की। हमने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर घर में घुसकर आतंकियों को सबक सीखाया।बिहार में मां सीता का मंदिर बनवा रहे हैं: हमारी सरकार ने अयोध्या में राम मंदिर बनवाया। बाकी लोग इसका विरोध करते रहे। बिहार के पुनौराधाम में भी अयोध्या की तर्ज पर सीता जी का भव्य मंदिर बनने जा रहा है। बिहार में फिर NDA सरकार बनने जा रही है: 14 नवंबर को बाद लालू, राबड़ी एंड कंपनी का सूपड़ा साफ हो जाएगा। हम 20 साल के सबसे बड़े बहुमत के साथ बिहार में सरकार बनाने जा रहे हैं। NDA के समर्थन में बिहार की जनता खुलकर बिना डरे मतदान करे।

## संक्षिप्त डायरी

### दलसिंहसराय में दो बाइकों की टक्कर



**समस्तीपुर।** जिले के दलसिंहसराय में एनएच-28 पर दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में एक अन्य बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका इलाज जिला के एक निजी अस्पताल में चल रहा है।यह घटना शुक्रवार, 17 अक्टूबर को दोपहर करीब 02:30 बजे डैनी चौक बाजार समिति रोड स्थित एनएच-28 पर हुई। हादसे के बाद घटनास्थल पर सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग जमा हो गए।सूचना मिलने पर दलसिंहसराय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए समस्तीपुर सदर अस्पताल भेजने की तैयारी शुरू की। घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने डैनी चौक के पास एनएच-28 को जाम कर दिया, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मृतक अपनी बाइक से दलसिंहसराय की ओर जा रहे थे, तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक से उनकी टक्कर हो गई। मृतक दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के मालपुर गांव के बताए जा रहे हैं, हालांकि आधिकारिक तौर पर मृतक और घायल की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

### मुजफ्फरपुर में त्योहार को लेकर नया ट्रैफिक प्लान लागू

**मुजफ्फरपुर।** शहर में दीपावली और छठ पर्व को लेकर विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया गया है। त्योहारों के दौरान बाजारों में बढ़ती भीड़ और जाम की समस्या से राहत देने के लिए इस बार कई रूटों में बदलाव किया गया है। ट्रैफिक डीएसपी महेश चौधरी ने बताया कि शहर के पुराने वन-वे नियमों को इस बार भी लागू रखा गया है, जबकि कुछ मार्गों में आवश्यक बदलाव किए गए हैं। भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए शहर में ट्रैफिक पुलिस के साथ अतिरिक्त बल की तैनाती की गई है। शहर में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित धनतेरस के दिन यानी शनिवार को शहर में किसी भी भारी वाहन को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। रामदयालु रोड, बैरिया, लक्ष्मी चौक, जीरोमाइल, नारायणपुर अनंत, जेल चौक और खादी भंडार रोड की ओर से आने वाले सभी मालवाहक वाहनों को रात 1 बजे तक शहर में घुसने से रोक दिया जाएगा। पुलिस का कहना है कि यह व्यवस्था दीपावली और छठ तक जारी रहेगी ताकि खरीदारी और पूजा के दिनों में ट्रैफिक जाम की स्थिति न बने।वन-वे रूट व्यवस्था लागू भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों में ट्रैफिक को नियंत्रित करने के लिए कई मार्गों को वन-वे घोषित किया गया है। सरैयागंज टावर से बाबा गरीबनाथ मंदिर होते हुए सोनारपट्टी तक जाने वाली सड़क को वन-वे बनाया गया है। केदारनाथ रोड से कल्याणी चौक जाने वाले वाहन अब मोतीझील की ओर जा सकेंगे, लेकिन जवाहरलाल रोड से प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा (आवश्यक सेवाओं को छोड़कर)। फ्लाइट होटल मोड़ से टावर की ओर जाने वाली गाड़ियां सूतापट्टी मुख्य बाजार होकर मस्जिद मोड़ के रास्ते सरैयागंज टावर मेन रोड से बाहर निकलेंगी। मस्जिद चौक से सूतापट्टी/बैंक रोड की ओर किसी सवारी वाहन को जाने की अनुमति नहीं होगी। अखाड़ा घाट रोड और थाना चौक पर नई व्यवस्थानए ट्रैफिक प्लान के तहत अखाड़ाघाट रोड से पुल की दिशा में जाने वाले वाहनों को अब तेजपाल चौक सिकंदरपुर स्टेडियम, रानी सती मंदिर, करबला मोड़, कम्पनीबाग रोड होते हुए निकास दिया जाएगा। थाना चौक से कल्याणी चौक की ओर किसी भी सवारी वाहन या बाइक को जाने की अनुमति नहीं होगी। इसके स्थान पर वाहन तिलक मैदान होते हुए जवाहरलाल रोड से कल्याणी चौक की दिशा में जाएंगे।




### मोतिहारी पुलिस ने लौटाए 56 खोए मोबाइल



**मोतिहारी।** पुलिस ने धनतेरस के अवसर पर 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत 56 लोगों को उनके खोए हुए मोबाइल फोन लौटाए। यह मोबाइल पुलिस लाइन सभागार में आयोजित एक विशेष शिविर में पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात की उपस्थिति में उनके मालिकों को सौंपे गए।पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि यह 'ऑपरेशन मुस्कान' का 17वां शिविर था। इस अभियान के तहत अब तक 1700 से अधिक खोए हुए मोबाइल फोन उनके मालिकों को लौटाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल अपराध नियंत्रण नहीं, बल्कि जनता का विश्वास बहाल करना भी है।मोबाइल वापस मिलने पर लोगों में खुशी अपने खोए हुए मोबाइल फोन वापस मिलने पर लाभार्थियों ने संतोष व्यक्त किया। कई लोगों ने बताया कि उन्हें अपने फोन वापस मिलने की उम्मीद नहीं थी। लाभार्थियों ने मोतिहारी पुलिस और पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के प्रयासों की सराहना की। उनका मानना था कि इस पहल से पुलिस के प्रति जनता का विश्वास बढ़ा है।

### एयरपोर्ट से शिवहर के सॉफ्टवेयर इंजीनियर लापता

**पटना।** एयरपोर्ट से शिवहर के सॉफ्टवेयर इंजीनियर वेणु चैतन्य (25) लापता हो गए हैं। वे बेंगलुरु में काम करते हैं। दिवाली की छुट्टी में 16 अक्टूबर को वे पटना आएं थे। पिता रामस्वरूप राय के अनुसार शाम लगभग 6:34 तक फोन पर बात हुई। इसके बाद उनका मोबाइल स्विच ऑफ बताने लगा। उसके बाद से अभी तक संपर्क नहीं हो पाया है। जिसके पाद पिता ने 17 अक्टूबर को एयरपोर्ट थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखाई। देर रात पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। आवेदन के अनुसार वेणु इंडिगो फ्लाइट से उतरे थे। पहले उन्होंने 2 बार रैपिडो बुक किया। दोनों बार बुकिंग कैंसिल हो गई। जिस रैपिडो वाले को बुक किया था, पुलिस ने उससे भी पूछताछ की, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। आखिरी बार वेणु को एयरपोर्ट टोल के पास सीटीटीवी फुटेज में देखा गया है। पुलिस खंगाल रही है सीडीआर पुलिस वेणु के उऊकको खंगाल रही है। आखिरी बातचीत उसने एयरपोर्ट से निकलने के बाद अपने बहनोई से की थी। पुलिस फिलहाल उसके सोशल साइट्स फेसबुक, इंस्टाग्राम और मेल के जरिए भी क्लू ढूंढने में लगी है।




# करियर के शुरुआत में कई बॉलीवुड फिल्में ठुकराने का है पछतावा

हाल ही में हाउसफुल 5 और बागी 4 में नजर आ चुकीं अभिनेत्री सोनम बाजवा इन दिनों अपने एक बयान को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उन्होंने एक इंटरव्यू में खुलासा किया है कि शुरुआत में उन्होंने कई बॉलीवुड फिल्में ठुकरा दीं, जिसका उन्हें आज पछतावा हो रहा है। उन्होंने बताया कि उस समय उन्हें इस बात का अंदाजा नहीं था कि उनकी भूमिका पर लोग कैसी प्रतिक्रिया देंगे।
सोनम बाजवा ने बताया मैंने कई बॉलीवुड फिल्मों को मना कर दिया। मुझे लग रहा था कि क्या पंजाब में लोग इसे पसंद करेंगे? मैं सोच रही थी कि मेरी फिल्मों को मेरे परिवार के लोग देखेंगे? तब मैं फिल्मों में किसिंग सीन करने से बहुत डरती थी। मैं सोचती थी कि लोग इस बारे में क्या सोचेंगे। मैं सोच रही थी जिन लोगों ने मुझे यहां तक पहुंचाया है, वह मेरे बारे में क्या सोचेंगे? क्या मेरा परिवार यह समझेगा कि यह सिर्फ फिल्म के लिए है? मेरे दिमाग में यह सारे सवाल थे।
सोनम ने आगे बताया कि उनके माता-पिता ने उनका साथ दिया। उन्होंने कहा यह कुछ साल पहले की बात है। मैंने अपने मम्मी-पापा से इस बारे में बात की। उन्होंने कहा, हां, अगर यह किसी फिल्म के लिए है, तो ठीक है। इस पर मैं बहुत हैरान थी। मैं सोच रही थी कि मैंने पहले उनसे बात क्यों नहीं की?

## सोनम बाजवा का वर्कफ्रंट

सोनम के काम की बात करें तो, वह जल्द ही अपकमिंग फिल्म एक दीवाने की दीवानियत में नजर आने वाली हैं। यह बॉलीवुड फिल्म 21 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। उन्हें आखिरी बार टाइगर श्रॉफ के साथ फिल्म बागी 4 में देखा गया था।



# प्रनूतन बहल ने बताया इंडस्ट्री में किन दिक्कतों से गुजरते हैं एक्टर्स के बच्चे

अभिनेत्री प्रनूतन बहल फिल्म इंडस्ट्री के एक मशहूर परिवार से ताल्लुक रखती हैं। वह मोहनीश बहल की बेटी और दिग्गज अभिनेत्री नूतन की पोती हैं। उन्हें सिनेमाई पहचान विरासत में मिली है। हालांकि प्रनूतन मानती हैं कि उनके लिए इंडस्ट्री में जगह बनाना आसान नहीं रहा। प्रनूतन बहल बॉलीवुड में स्टार किड के संघर्ष के बारे में बात करती हैं।

## स्टार किड के लिए आसान नहीं फिल्म इंडस्ट्री

अभिनेत्री ने बॉलीवुड में एक स्टार किड होने के अपने अनुभव और इस सफर में आई मुश्किलों के बारे में खुलकर बात की। एचटी से बात करते हुए उन्होंने बताया कि वह अभिनेताओं से घिरी रहती थीं, इसलिए उनके लिए यह समझना आसान हो गया कि यह एक मुश्किल इंडस्ट्री है। उन्हें पता था कि कई बार बिना काम के भी कई दौर गुजारने पड़ेंगे। उन्हें इस बारे में पहले ही चेतावनी दी जा चुकी थी। उन्होंने यह भी बताया कि इंडस्ट्री में जिन लोगों के माता-पिता नहीं होते, उन्हें चीजें समझ नहीं आतीं, जिससे उनका सफर और भी मुश्किल हो जाता है।

## फिल्मों के लिए पैसे नहीं देता परिवार

बहल ने आगे कहा हर स्टार किड को सब कुछ आसानी से नहीं मिल जाता, और मैं इसका जीता जागता सबूत हूं। ऐसा नहीं है कि मैं एक एक्टर की संतान हूं इसलिए मुझे सब कुछ आसानी से मिल गया है या मेरा परिवार पीछे से फिल्मों के लिए पैसे दे रहा है।

## 2018 में मिली पहली फिल्म

अभिनेत्री ने यह भी बताया कि उन्हें एक एक्टर होने के नाते भावनात्मक उथल-पुथल से नहीं जूझना पड़ा, इसलिए उनके लिए सब कुछ कोई झटका नहीं था। उन्होंने कहा कि उन्होंने 2016 में अपने ऑडिशन शुरू किए और 2018 में उन्हें अपनी पहली फिल्म मिली।

## प्रनूतन का वर्कफ्रंट

काम की बात करें तो प्रनूतन ने 2019 में जहीर इकबाल के साथ फिल्म नोटबुक से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की। दिलचस्प बात यह है कि इस फिल्म के प्रोड्यूसर सलमान खान थे। वह जल्द ही हिंदी-अंग्रेजी फिल्म कोको एंड नट का हिस्सा होंगी।



# इन हसीनाओं के साथ तेलुगु डेब्यू करना चाहते हैं गुलशन देवैया

इन दिनों फिल्म कांतारा चैप्टर 1 सुर्खियों में है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई कर रही है। इसके सभी कलाकार फिल्म की कामयाबी से खुश हैं। इस लिस्ट में गुलशन देवैया का नाम भी शामिल है। उन्होंने फिल्म में नेगेटिव किरदार निभाया है। दर्शकों ने उनके किरदार को खूब पसंद किया है। हाल ही में अभिनेता ने एक फैन से बातचीत के दौरान, अपने संभावित तेलुगु डेब्यू के बारे में पूछे जाने पर जवाब दिया है।





गुलशन देवैया सोशल मीडिया पर अपने फैंस से जुड़े रहते हैं। हाल ही में वह सोशल मीडिया पर फैंस को कांतारा चैप्टर 1 में अपने अनुभवों और अपकमिंग फिल्मों के सवालों के जवाब दे रहे थे। ऐसे में गुलशन से एक फैन ने पूछा कि आप तेलुगु में कब डेब्यू कर रहे हैं? इस पर गुलशन ने हैरान करने वाला जवाब दिया। उन्होंने लिखा जब सामंथा रुथ प्रभु या साई पल्लवी हां कहेंगी, तभी तेलुगु में डेब्यू करेंगे। इस पर एक फैन ने लिखा हम आपको तेलुगु खलनायक के रूप में देखना चाहते थे।
कांतारा चैप्टर 1 में गुलशन देवैया ख्याल रहे कि हाल ही में रिलीज हुई फिल्म कांतारा चैप्टर 1 में गुलशन देवैया ने शाही राजकुमार कुलशेखर की भूमिका निभाई। इसके लिए उन्हें खूब प्रशंसा मिली। इसमें ऋषभ शेट्टी ने एक योद्धा का किरदार निभाया है। वही इस फिल्म के निर्देशक और लेखक भी हैं। इसमें रुक्मिणी वसंत और जयराम भी अहम भूमिका में हैं। गुलशन देवैया ने हाल ही में नेटफ्लिक्स सीरीज लिगेसी के साथ अपने तमिल डेब्यू की भी घोषणा की है।




# शाहरुख खान के साथ टीवी ऐड करना मेरे करियर का सबसे यादगार अनुभव

स्वीडन से बॉलीवुड की चकाचौंध में अपनी छाप छोड़ने वालीं मीरा उमर आज सिर्फ एक नाम नहीं, बल्कि एक प्रेरणा बन चुकी हैं। संगीत, नृत्य और कला के प्रति उनका जुनून ही पहचान बन गया है, जो सीमाओं, भाषाओं और संस्कृतियों से परे है।
अफगानिस्तान में जन्मी, स्वीडन में पली-बढ़ी और भारत में अपने सपनों को आकार देती मीरा की कहानी संघर्षों से भरी है। उन्होंने बात करते हुए अपने करियर को लेकर बात की। काबुल से स्वीडन तक के सफर के सवाल पर मीरा ने कहा कि उनका स्वीडन आना एक लंबी यात्रा का हिस्सा था। उस वक्त वह काफी छोटी थीं, जिसके कारण उन्हें इस यात्रा के बारे में बहुत ज्यादा जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा, मैं काबुल में पैदा हुई थी। यह 90 के दशक की शुरुआत की बात है, जब वहां युद्ध और तालिबान का बोलबाला था। हमें अपना देश छोड़ना पड़ा और हम शरणार्थियों के रूप में स्वीडन आए। मैं उस वक्त तीन साल की थी, इसलिए इस सफर की यादें काफी धुंधली हैं, लेकिन मैं बहुत खुश और आभारी हूं कि मेरे माता-पिता ने इतनी हिम्मत की, ताकि हम एक बेहतर जीवन पा सकें। मीरा ने बताया कि उनके करियर में दिलचस्प मोड़ तब आया, जब वह भारत आईं और यहां पांच साल रहीं। भारत में उन्होंने डांस इंडस्ट्री को करीब से देखा और कई ऑडिशन, कास्टिंग और शूटिंग्स का हिस्सा बनीं। लेकिन उनके लिए सबसे यादगार अनुभव एक टीवी कमर्शियल था, जो उन्होंने बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान के साथ किया। उन्होंने कहा, यह एक छोटा सा रोल था; मैं सिर्फ तीन सेकंड के लिए स्क्रीन पर हूं। लेकिन उन तीन सेकंड्स में मैं शाहरुख खान के साथ टैंगो डांस कर रही थी। उस दिन मैंने सोचा कि इससे बेहतर शायद कुछ नहीं हो सकता।



# भारत के इतिहास की बात है द ताज स्टोरी

स्वर्णिम ग्लोबल सर्विसेज प्रा. लि. और सीए सुरेश झा द्वारा प्रस्तुत, तुषार अमरीश गोयल द्वारा लिखित और निर्देशित तथा परेश रावल अभिनीत, द ताज स्टोरी का हाल ही में एक और प्रभावशाली डायलॉग प्रोमो रिलीज़ हुआ है, जिसने दुनिया के सात अजूबों में शामिल ताजमहल को देशभर में राष्ट्रीय बहस का मुद्दा बना दिया है। इस नए जारी किए गए डायलॉग प्रोमो में परेश रावल अपनी गूंजती आवाज़ में गहराई से अपनी बात रखते हुए कहते हैं, यह मुद्दा हिंदू या मुसलमान का नहीं, बल्कि भारतीय इतिहास का है। उनके ये शब्द एक सशक्त संदेश देते हैं कि भारत का अतीत किसी एक धर्म का नहीं, बल्कि साझा विरासत का प्रतीक है, जहाँ हिंदू और मुसलमान दोनों की योगदान की कहानी एक-दूसरे से गहराई से जुड़ी हुई है। साथ ही फिल्म इस विचार को भी सामने रखती है कि इतिहास को चुनिंदा नजरिए से देखने के बजाय, सच्चाई को ईमानदारी से स्वीकारना ही असली सम्मान है। आस्था और राजनीति से ऊपर उठकर यह संवाद इस बात पर जोर देता है कि हमारा अतीत केवल तथ्यों के आधार पर समझा जाए, तभी उसका वास्तविक आदर हो सकता है। सच पूछिए तो यह संवाद फिल्म को सिर्फ एक मनोरंजकता के साथ नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय आत्ममंथन के रूप में स्थापित करता है, जो दर्शकों को सोचने पर मजबूर करता है कि इतिहास को अब तक कैसे बताया, लिखा और याद किया जाता रहा है।
गौरतलब है कि परेश रावल, जाकिर हुसैन, अमृता खानविलकर, स्नेहा वाघ, और नमित दास जैसे सशक्त कलाकारों से सजी यह फिल्म एक तीखा सामाजिक ड्रामा है, जो आज के समय का सबसे चुनौतीपूर्ण सवाल उठाती है और वह सवाल है आज़ादी के 79 साल बाद भी, क्या हम अब भी बौद्धिक आतंकवाद के गुलाम हैं? द ताज स्टोरी सिर्फ एक ऐतिहासिक फिल्म नहीं, बल्कि एक सिनेमा आधारित विमर्श है, जो सामाजिक टिप्पणी और ऐतिहासिक तथ्यों की नई व्याख्या को साथ लेकर चलता है। 31 अक्टूबर 2025 को देशभर में भव्य रिलीज़ के लिए तैयार द ताज स्टोरी निश्चित रूप से दर्शकों को सोचने, सवाल करने और इतिहास तथा आज़ादी के मायनों को नए सिरे से समझने के लिए प्रेरित करेगी।



# वेंकटेश दग्गुबाती की संक्रांतिकी वस्तुनम के हिंदी रीमेक में नजर आएंगे अक्षय कुमार

**तेलुगु सिनेमा के सुपरस्टार वेंकटेश दग्गुबाती की ब्लॉकबस्टर फिल्म संक्रांतिकी वस्तुनम अब हिंदी में बनने जा रही है। इस फिल्म ने साउथ बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था और अब बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार इसे नए अंदाज में बड़े पर्दे पर लेकर आने वाले हैं।**

## एक्शन-कॉमेडी फिल्म का हिंदी रीमेक

रिपोर्ट के मुताबिक वेंकटेश की इस जबरदस्त एक्शन-कॉमेडी फिल्म का हिंदी रीमेक बनाने की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। इस फिल्म को निर्देशित किया था अनिल रविपुडी ने और यह साल की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तेलुगु फिल्म साबित हुई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म ने दुनिया भर में 250 से 300 करोड़ रुपये की कमाई की थी।

## अक्षय कुमार बने वेंकटेश के किरदार के नए चेहरे

रिपोर्ट की मानें तो अक्षय कुमार ने इस रीमेक के लिए अपनी हामी भर दी है। एक सूत्र के हवाले से बताया गया कि अक्षय को तेलुगु फिल्म का कॉन्सेप्ट और स्क्रीनप्ले इतना पसंद आया कि उन्होंने तुरंत इसके हिंदी रीमेक का फैसला कर लिया। फिल्म के निर्माता दिल राजू, जिन्होंने ओरिजिनल वर्जन को भी प्रोड्यूस किया था, अब इसके हिंदी रूपांतरण की भी जिम्मेदारी संभालेंगे। हालांकि, फिल्म की लीड एक्ट्रेस का नाम अभी तय नहीं किया गया है। कास्टिंग टीम फिलहाल इस पर काम कर रही है। बताया जा रहा है कि शूटिंग पहले शुरू होनी थी, लेकिन अक्षय की व्यस्त शेड्यूल के कारण इसे कुछ समय के लिए टाल दिया गया था।
संक्रांतिकी वस्तुनम में एक भारतीय सीईओ आकल्ला (अवसरला श्रीनिवास) का अपहरण हो जाता है, जो हैदराबाद में वर्ल्ड की नंबर-वन टेक कंपनी का दौरा करने आया होता है। इसके बाद कहानी में एंट्री होती है वाईडी राजू (वेंकटेश) की, जो एक निलंबित पुलिस अधिकारी होता है। घटनाओं के सिलसिले में उसकी पत्नी भाग्यलक्ष्मी (ऐश्वर्या राजेश) और पूर्व प्रेमिका मीनाक्षी (मीनाक्षी चौधरी) भी कहानी में शामिल हो जाती हैं। ये तीनों मिलकर अपहरण की इस रहस्यमयी घटना को सुलझाने की कोशिश करते हैं।




## अक्षय की आने वाली फिल्में

काम के मोर्चे पर बात करें तो अक्षय की हालिया फिल्म जॉली एलएलबी 3 सितंबर में रिलीज हुई थी। आने वाले साल में वो भूत बंगला में परेश रावल, तब्बू और वामिका गब्बी के साथ नजर आएंगे। इसके अलावा अक्षय की वेलकम टू द जंगल भी पाइपलाइन में है, जो एक मल्टीस्टारर कॉमेडी है। वहीं, वह 'हैवान' फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं जिसमें उनके साथ सैफ अली खान, सैयामी खेर और श्रिया पिलगांवकर नजर आएंगी।

# शुभमन गिल की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया से पहली परीक्षा आज

**पर्थ (ऑस्ट्रेलिया) (एजेंसी)।** भारतीय टीम रविवार को पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में उतरने जा रही है, और यह मुकाबला कई मायनों में खास होगा। सात महीने बाद टीम में विराट कोहली और रोहित शर्मा की वापसी हो रही है, जबकि वनडे प्रारूप में पहली बार शुभमन गिल बतौर पूर्णकालिक कप्तान टीम की अगुवाई करेंगे। चैंपियंस ट्रॉफी के बाद मैदान से दूर रहे कोहली और रोहित भारतीय क्रिकेट के लिए अब नए दौर का हिस्सा बनकर लौट रहे हैं। पिछले कुछ महीनों में भारत ने टेस्ट और टी20 प्रारूप में इन दोनों दिग्गजों के बिना भी मजबूती से आगे बढ़ना सीखा है। ऐसे में अब सवाल यह है कि वनडे फॉर्मेट में इन दोनों के पास टीम को देने के लिए क्या बाकी है।

हालांकि इसमें कोई शक नहीं कि कोहली और रोहित दोनों वनडे क्रिकेट के सर्वकालिक महान बल्लेबाजों में गिने जाते हैं। इस सीरीज से पहले दोनों ने फिटनेस पर कड़ी मेहनत की है। रोहित ने अपना वजन घटाया है जबकि कोहली ने लंदन में अपने निजी ट्रेनर के साथ अभ्यास किया। आईपीएल के बाद से दोनों ने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है, इसलिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यह वापसी आसान नहीं होगी। रोहित शर्मा अब टीम में बतौर सीनियर खिलाड़ी अपनी भूमिका निभाएंगे। उनकी कप्तानी में भारत ने हाल में टी20 एशिया कप और वनडे चैंम्पियनशिप जैसे खिताब जीते हैं। वहीं कोहली के लिए यह सीरीज उनके वनडे करियर की दिशा तय कर सकती है। अगर वह एक बार फिर अपने पुराने अंदाज में लंबी पारी खेलते हैं और रोहित ठोस शुरुआत देते हैं, तो दोनों का करियर कुछ और साल आगे बढ़ सकता है।

मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड जैसे ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के खिलाफ रोहित और कोहली की पुरानी प्रतिद्वंद्विता देखने लायक होगी। हालांकि दोनों को पता है कि अब टीम में उनकी जगह स्थायी नहीं है। चयनकर्ता और टीम प्रबंधन 2027 वनडे वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए नए चेहरों पर दांव लगाने को तैयार हैं। शुभमन गिल पर भी नजरें रहेंगी। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में शानदार प्रदर्शन कर यह जता दिया कि वह कोहली की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं। अब कप्तान के तौर पर उन्हें रोहित द्वारा स्थापित मानदंडों पर खरा उतरना होगा।

टीम प्रबंधन रोहित और गिल की ओपनिंग जोड़ी को बरकरार रखेगा। कोहली तीसरे नंबर पर, उनके बाद श्रेयस अय्यर और केएल राहुल खेलेंगे। हार्दिक पांड्या की गैरमौजूदगी में नीतिश कुमार रेड्डी वनडे डेब्यू कर सकते हैं। तेज गेंदबाजी विभाग में सिराज और अर्शदीप के साथ हर्षित राणा या प्रसिद्ध कृष्णा को मौका मिल सकता है, जबकि स्पिन का जिम्मा कुलदीप यादव और अक्षर पटेल संभालेंगे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से कोनोर कोनोली, मार्नस लाबुशेन और मैथ्यू रेनशॉ पर प्रदर्शन की जिम्मेदारी होगी। मुकाबला भारतीय समयानुसार सुबह नौ बजे से शुरू होगा।



## दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारत**- शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल, केएल राहुल, नीतिश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, ध्रुव जुरेल, यशस्वी जायसवाल।

**ऑस्ट्रेलिया**- मिचेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्लेट, कूपर कोनोली, बेन ड्वारशुइस, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, मैथ्यू कुन्हेमन, मार्नस लाबुशेन, मिचेल ओवन, जोश फिलीप, मैथ्यू रेनशॉ, मैथ्यू शॉर्ट, मिचेल स्टार्क।

# ज्योति शूरेखा ने रचा इतिहास, फाइनल में जीता कांस्य पदक




**नानजिंग (चीन) (एजेंसी)।** भारत की स्टार तीरंदाज ज्योति शूरेखा वेंनम ने शनिवार को इतिहास रचते हुए वर्ल्ड कप फाइनल में कांस्य पदक जीत लिया। वह ऐसा करने वाली भारत की पहली महिला कंपाउंड आर्चर बन गई हैं।

एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति ने ब्रिटेन की वर्ल्ड नंबर-2 एला गिब्सन को हराकर यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने मुकाबले में 15 में से 15 परफेक्ट तीर साधे और 150-145 से जीत दर्ज की।

29 वर्षीय ज्योति ने क्वार्टर फाइनल में अमेरिका की एलेक्सिस रुइज़ को 143-140 से हराया था, लेकिन सेमीफाइनल में उन्हें वर्ल्ड नंबर-1 एंड्रिया बेसेरा (मेक्सिको) से कड़े मुकाबले में 143-145 से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, ज्योति ने वापसी करते हुए ब्रॉन्ज़ मेडल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन दिखाया। यह ज्योति का वर्ल्ड कप फाइनल में तीसरा प्रदर्शन था – वह इससे पहले ट्लैक्सकाला (2022) और हर्मोसिलो (2023) में पहले ही दौर में बाहर हो गई थीं।

महिला कंपाउंड वर्ग में भारत की एक और खिलाड़ी मधुरा धामनगांवकर पहले दौर में मैक्सिको की मरियाना बर्नाल से 142-145 से हारकर बाहर हो गईं।

पुरुष कंपाउंड वर्ग में भारत के ऋषभ यादव को मामूली अंतर से ब्रॉन्ज़ मेडल से चूकना पड़ा। उन्होंने नीदरलैंड्स के पूर्व विश्व चैंपियन माइक श्लॉसर के खिलाफ रोमांचक शूट-ऑफ में हार का सामना किया। दोनों ने पांचों राउंड में 147-147 की बराबरी की थी, लेकिन शूट-ऑफ में श्लॉसर का तीर केंद्र के ज़्यादा पास था।

भारत के लिए अब तक वर्ल्ड कप फाइनल में अभिषेक वर्मा ही एकमात्र कंपाउंड आर्चर हैं जिन्होंने 2015 (मैक्सिको सिटी) में रजत और 2018 (सैमसुन) में कांस्य पदक जीता था।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इतिहास रच सकते हैं किंग कोहली



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली एक बार फिर क्रिकेट मैदान पर वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हैं। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के बाद वह 19 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेलने वाले हैं। इस मैच में कोहली के निशाने पर वह ऐतिहासिक रिकॉर्ड होगा जो 148 साल के क्रिकेट इतिहास में आज तक कोई भी खिलाड़ी नहीं बना पाया है।

यह रिकॉर्ड है एक फॉर्मेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने का। फिलहाल विराट कोहली और सचिन तेंदुलकर इस रिकॉर्ड पर संयुक्त रूप से बराबरी पर हैं। दोनों के नाम एक फॉर्मेट में 51-51 शतक दर्ज हैं। सचिन ने यह उपलब्धि टेस्ट क्रिकेट में हासिल की थी, जबकि कोहली ने वनडे फॉर्मेट में। अगर विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में सिर्फ एक शतक भी बना देते हैं, तो वह 52 शतक के साथ विश्व क्रिकेट के इतिहास में यह अनोखा रिकॉर्ड अपने नाम कर लेंगे। वह पहले ऐसे बल्लेबाज बन जाएंगे जिन्होंने किसी भी एक फॉर्मेट में 52 शतक जड़े हों। सचिन तेंदुलकर ने 2010-11 के दक्षिण अफ्रीका दौरे पर टेस्ट में 51वां शतक लगाया था और यह रिकॉर्ड लंबे समय तक अटूट रहा। वहीं, कोहली ने हाल ही में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में पाकिस्तान के खिलाफ शानदार शतक जड़कर इस रिकॉर्ड की बराबरी की थी। अब पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला वनडे उनके लिए ऐतिहासिक साबित हो सकता है।

# महिला वर्ल्ड कप 2025 : भारत को इंग्लैंड के खिलाफ छठे गेंदबाज का विकल्प अपनाने का दबाव

**इंदौर(एजेंसी)।** महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 में लगातार दो हार झेल चुकी भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ रविवार को विशाखापट्टनम में होने वाले अहम मुकाबले में अपने गेंदबाजी आक्रमण को संतुलित करने के लिए छठे गेंदबाज को आजमाने पर विचार करना होगा। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली हारों ने भारत की सेमीफाइनल की उम्मीदों को कमजोर कर दिया है।

इस विश्व कप सत्र में भारत ने पांच बल्लेबाजों, एक विकेटकीपर और पांच गेंदबाजों के संयोजन के साथ खेला, जिनमें तीन हरफनमौले हैं। लेकिन यह संयोजन अब तक कारगर साबित नहीं हुआ। भारत को सेमीफाइनल में बने रहने के लिए तीन में से कम से कम दो मैच जीतने होंगे। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया ने 251 और 330 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत के गेंदबाजी आक्रमण की कमजोरी उजागर कर दी।

हरफनमौलाओं के कारण टीम ने बल्लेबाजी की गहराई तो बढ़ाई, लेकिन रेणुका सिंह जैसी प्रमुख विकेट लेने वाली गेंदबाज को छोड़ना पड़ा, जिससे गेंदबाजी विविधता कमजोर हुई। अनुभवहीन युवा गौड़ पर भी दबाव बढ़ा है, जबकि बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव और तेज गेंदबाज अरूंधति रेड्डी को भी इस विकल्प में शामिल करने की संभावनाएं हैं।

बल्लेबाजों का फॉर्म भी चिंता का विषय है। विश्व कप से पहले शानदार फॉर्म में दिख रही भारतीय बल्लेबाजें अब खामोश हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ स्मृति मंधाना और प्रतिका रावल ने अर्धशतक लगाया, लेकिन कप्तान हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रौड्रिग्स का योगदान नहीं मिला। आखिरी छह विकेट मात्र 36 रन में गिर गए। श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ यह कमी निचले क्रम ने ढक दी थी, लेकिन इंग्लैंड जैसी मजबूत टीम के खिलाफ शीर्षक्रम को जिम्मेदारी से खेलना होगा।

इंदौर के होल्कर स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के लिए मददगार मानी जाती है, और अब तक यहां दोनों मैचों में बड़े स्कोर बने हैं। इंग्लैंड ने अब तक अपराजेय प्रदर्शन किया है, लेकिन उसके बल्लेबाज एकजुट नहीं दिखे। पाकिस्तान और बांग्लादेश के खिलाफ टीम जल्दी विकेट खो बैठी थी। इंग्लैंड के गेंदबाज संकटमोचक की भूमिका निभा रहे हैं और टीम को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए बस एक जीत की जरूरत है। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर तीन बजे से शुरू होगा और यह भारतीय टीम के लिए 'करो या मरो' मुकाबला साबित होगा।




**भारत**- हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रौड्रिग्स, रिचा घोष, उमा छेत्री, रेणुका सिंह ठाकुर, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, राधा यादव, अमनजोत कौर, अरूंधति रेड्डी, क्रांति गौड

**इंग्लैंड**- नैट साइवर-ब्रंट (कप्तान), एम अर्लट, टैमी ब्यूमोंट, लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फाइलर, सारा ग्लेन, एमी जोन्स, हीथर नाइट, एम्मा लैम्ब, लिन्सी स्मिथ, डैनी व्याट-हॉज।

# फुटबॉल में भारत का निराशाजनक प्रदर्शन, फीफा विश्व रैंकिंग में 136वें स्थान पर

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय फुटबॉल टीम लगातार निराशाजनक प्रदर्शन कर रही है।पुरुष सीनियर राष्ट्रीय टीम फीफा विश्व रैंकिंग में 136वें स्थान पर आ गई है। नवंबर 2016 के बाद से भारतीय टीम का यह सबसे निचला स्थान है। जारी नई रैंकिंग ने भारतीय टीम की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। भारतीय टीम 2026 फीफा विश्व कप और 2027 एएफसी एशियाई कप दोनों की दौड़ से बाहर हो गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इंटरकांटिनेंटल कप, सैफ चैंपियनशिप और ट्राई-नेशन सीरीज में 2023 की जीत के बाद एक उभरती हुई टीम के रूप में देखी जाने वाली भारत की रैंकिंग पिछले एक साल में तेजी से गिरी है। इस साल की शुरुआत में कतर में हुए एएफसी एशियन कप में भारत का प्रदर्शन बहुत ही निराशाजनक रहा। ग्रुप मैच में तीन हार के साथ बिना एक भी गोल किए टीम बाहर हो गई। इसके बाद से टीम संघर्ष करती रही है। दो साल से कम समय में तीन मुख्य कोच बदल चुके हैं। सबसे पहले इगोर स्टिमैक को बाहर का रास्ता दिखाया गया, उनके बाद मनोलो मार्केज आए। इस साल की शुरुआत में खालिद जमील को जगह दी गई। जमील के नेतृत्व में प्रगति की झलकियां दिखाई देने के बावजूद विशेष रूप से सीएएफए नेशंस कप में एक मैत्रीपूर्ण टूर्नामेंट जहां भारत ने रणनीतिक सुधार दिखाया, प्रतिस्पर्धी मुकाबलों में परिणाम निराशाजनक रहे। टीम की किसी प्रतिस्पर्धी मैच में आखिरी जीत करीब एक साल पहले नवंबर 2023 में कुवैत पर 1-0 की जीत के साथ हुई थी। वैश्विक स्तर पर स्पेन ने फीफा पुरुष रैंकिंग में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है, जो विश्व कप विजेता अर्जेंटीना और तीसरे स्थान पर मौजूद फ्रांस से आगे है।

# महिला टी20 में किरण नवगिरे ने 34 गेंद में लगाया शतक, रचा इतिहास

नागपुर। भारतीय टीम और महाराष्ट्र की सलामी बल्लेबाज किरण नवगिरे ने इतिहास रच दिया है। नवगिरे ने महिला टी20 में सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया है। शुक्रवार को महिला खेले गए टी20 ट्रॉफी में नवगिरे ने 34 गेंद पर शतक ठोका। शुक्रवार को महिला टी20 ट्रॉफी में नवगिरे ने 34 गेंदों में शतक लगाया और 35 गेंदों पर 106 रनों की ऐतिहासिक पारी खेली। नवगिरे का शतक 300 से ज्यादा स्ट्राइक रेट वाली एकमात्र महिला टी20 शतक है। इस पारी की बदौलत महाराष्ट्र ने पंजाब को आठ ओवर पहले ही हरा दिया। पूर्व में महिला टी20 का सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन के नाम था। डिवाइन ने जनवरी 2021 में ओटागो के खिलाफ वेलिंगटन के लिए 36 गेंदों पर शतक लगाया था। उस पारी में डिवाइन ने 38 गेंदों में नाबाद 108 रन बनाए थे।



नवगिरे के सामने पंजाब की गेंदबाज बेहद साधारण और असहाय नजर आईं। नवगिरे की आक्रामकता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि दूसरे विकेट के लिए मुक्ता नागरे के साथ उन्होंने 103 रन की नाबाद साझेदारी खेली। इसमें मुक्ता के सिर्फ 6 रन थे। नवगिरे ने अपनी पारी में 14 चौके और सात छक्के लगाए। महाराष्ट्र के सोलापुर जिले के मिरे की रहने वाली नवगिरे ने पहली बार महिला टी20 ट्रॉफी के 2022 संस्करण में सबका ध्यान अपनी ओर खींचा था, जब उन्होंने नागालैंड के लिए 35 छक्के लगाए थे। वह अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 76 गेंदों में 162 रनों की पारी के दौरान महिला टी20 मैच में 150 से ज्यादा का स्कोर बनाने वाली पहली भारतीय भी बनीं। बड़े शॉट लगाने की क्षमता ने नवगिरे को 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ चेस्टर ली-स्ट्रीट में भारत के लिए डेबू करने का मौका दिलाया था। अक्टूबर 2022 में खेले गए महिला एशिया कप के बाद से उन्हें राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं मिली है। वह भारत के लिए छह मैच खेल चुकी हैं। विमेंस प्रीमियर लीग में वह यूपी वॉरियर्स के लिए खेलती हैं और तीन सीजन की 24 पारियों में 419 रन बना चुकी हैं। नवगिरे भविष्य में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी की तरह बनना चाहती हैं।

# हर मैच में विराट और रोहित को आजमाना बेवकूफी: अगरकर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व तेज गेंदबाज और चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने स्पष्ट किया है कि सीनियर भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा का ऑस्ट्रेलिया सीरीज में प्रदर्शन जरूर आंका जाएगा, लेकिन हर मैच में उन्हें आजमाना 'बेवकूफी' होगी। रोहित और कोहली सात महीने बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने वाले हैं और इस बात को लेकर अटकलें लग रही हैं कि 2027 वनडे विश्व कप से पहले उनकी हर सीरीज में समीक्षा होगी।

अगरकर ने हाल ही में एक बातचीत के दौरान कहा, 'जब वे खेलना शुरू करेंगे तो उनका आकलन होगा, लेकिन उनकी जगह खतरे में नहीं है। प्रत्येक मैच में उन्हें आजमाना बेवकूफाना होगा।' उन्होंने यह भी दोहराया कि शुभमन गिल को नया वनडे कप्तान घोषित करने के बाद टीम चयन पर किसी टूर्नामेंट के लिए पूर्वानुमान नहीं लगाया जा सकता, जो अभी दो साल दूर है।



अगरकर ने यह स्पष्ट किया कि इसका मतलब यह नहीं है कि अगर वे ऑस्ट्रेलिया में रन नहीं बनाए तो उन्हें टीम से बाहर किया जाएगा और अगर उन्होंने तीन शतक बनाए तो 2027 विश्व कप के लिए चुना जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि कोहली और रोहित ने स्वयं टेस्ट क्रिकेट छोड़ने का निर्णय लिया था और चयन समिति उनके अनुभव से संतुष्ट है। 'दोनों दिग्गज खिलाड़ी हैं और उन्होंने हमारे से संपर्क किया था। जब उन्होंने फैसला लिया तो हमें उनका सम्मान करना होगा,' उन्होंने कहा।

इस दौरान अगरकर ने मोहम्मद शमी के चयन को लेकर भी स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि शमी इंग्लैंड दौरे के लिए फिट नहीं थे और पिछले छह से आठ महीनों में उनकी सामान्य मैच फिटनेस ठीक नहीं रही। उत्तराखंड के खिलाफ बंगाल के रणजी ट्रॉफी मैच से पहले शमी ने ऑस्ट्रेलिया वनडे टीम में चयन से नजरअंदाज किए जाने पर नाराजगी जताई थी।

अगरकर ने कहा, 'अगर शमी यहां होते तो मैं उन्हें जवाब देता। पिछले छह से आठ महीनों में हमें पता चला कि वह फिट नहीं थे। अगर वह फिट होते तो इंग्लैंड दौरे के लिए भी चुने जा सकते थे। फिटनेस और तैयारी के बिना किसी का चयन करना सही नहीं होता।' इस बयान से स्पष्ट है कि चयन समिति अनुभवी खिलाड़ियों के योगदान को महत्व देती है, लेकिन फिटनेस और टीम की रणनीति को ध्यान में रखते हुए ही निर्णय लिया जाएगा। रोहित और कोहली की वापसी भारतीय क्रिकेट के लिए महत्वपूर्ण होगी, लेकिन हर कदम पर उनका मूल्यांकन संतुलित तरीके से किया जाएगा।

# डेनमार्क ओपन 2025 : सत्विकसैराज-चिराग सेमीफाइनल में, लक्ष्य सेन हुए बाहर



स्पोर्ट्स डेस्क। डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत के स्टार पुरुष डबल्स खिलाड़ी सत्विकसैराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जबकि लक्ष्य सेन पुरुष सिंगल्स क्वार्टरफाइनल में सीधे सेटों में हार गए। सत्विक-चिराग की जोड़ी, जिन्होंने इस साल BWF वर्ल्ड चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था, ने इंडोनेशिया की अनसीड जोड़ी मुहम्मद रियान आर्दियांतो और रहमत हिदायत को 21-15, 18-21, 21-16 से हराकर 65 मिनट तक चले कड़े क्वार्टरफाइनल में जीत हासिल की। भारतीय जोड़ी अब अगले क्वार्टरफाइनल के विजेता का सामना करेगी, जिसमें आठवीं सीड चीन की चेन बो यांग और यी लियू या जापान के ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी की जोड़ी होगी। सत्विक-चिराग की जोड़ी ने अपनी शुरुआती दो राउंड में स्कॉटलैंड के क्रिस्टोफर और मैथ्यू ग्रिमले और चीनी ताइपे की ली जे-हुई और यांग पो-ह्सुआन की जोड़ी को हराया था। वहीं, लक्ष्य सेन जिन्होंने गुरुवार को विश्व नंबर दो और स्थानीय पसंद एंडर्स एंटोनसेन को सीधे सेटों में हराकर चौंकाया था, शुक्रवार को सातवीं सीड फ्रांसीसी खिलाड़ी एलेक्स लानियर से 9-21, 14-21 से 44 मिनट में हार गए। पहला सेट फ्रांसीसी खिलाड़ी की पूरी पकड़ वाला रहा, जिन्होंने लगातार पांच पॉइंट लेकर 8-2 की बढ़त बनाई, जबकि लक्ष्य नेट पर संघर्ष करते नजर आए और कई अनफोर्स्ड एरर की। दूसरे सेट में लक्ष्य ने 3-1 की शुरुआती बढ़त बनाई, लेकिन फिर लानियर ने नौ लगातार पॉइंट लेकर 10-4 की बढ़त बनाई और आसानी से मैच अपने नाम कर लिया।

# पाकिस्तान द्वारा किए गए हमले में अफगानिस्तान के तीन क्रिकेट खिलाड़ियों की मौत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने फिर अफगानिस्तान पर एयरस्ट्राइक की, जिसमें तीन अफगान खिलाड़ियों की मौत हो गई। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने इसकी पुष्टि करते हुए पाकिस्तान के खिलाफ आगामी त्रिकोणीय सीरीज में हिस्सा न लेने का फैसला किया है। पाकिस्तानी हमले में जान गंवाने वाले तीनों खिलाड़ी क्लब लेवल के क्रिकेटर थे, जो मैच खत्म होने के बाद अरगुन लौट रहे थे। इस बीच बमबारी में उन्हें निशाना बनाया गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एसीबी ने एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए लिखा- अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड, पक्तिका प्रांत के उरगुन जिले के बहादुर क्रिकेटर्स की शहादत पर गहरा दुख व्यक्त करता है, जिन्हें पाकिस्तान की ओर से किए गए कायरतापूर्ण हमले में अपनी जान गंवानी पड़ी। इस हृदयविदारक घटना में उरगुन जिले के तीन खिलाड़ी कबीर, सिबगतुल्लह, हारून और उनके साथ पांच अन्य देशवासी शहीद हुए हैं, जबकि सात घायल हुए हैं। ये खिलाड़ी इससे पहले एक मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच में खेलने पक्तिका प्रांत की राजधानी शाराना गए थे। उरगुन लौटने के बाद उन्हें निशाना बनाया गया। पाकिस्तान, श्रीलंका और अफगानिस्तान के बीच 17 नवंबर से त्रिकोणीय टी20 सीरीज खेली जानी है, लेकिन पाकिस्तान के साथ सैन्य संघर्ष के बीच एसीबी ने इस सीरीज से हटने का फैसला किया है। बोर्ड ने लिखा- एसीबी इसे अफगानिस्तान के खेल समुदाय, उसके एथलीट्स और क्रिकेट परिवार के लिए बड़ी क्षति मानता है। एसीबी शहीदों के शोक संतप्त परिवारों और पक्तिका प्रांत के लोगों के प्रति गहरी संवेदना और एकजुटता व्यक्त करता है। इस दुखद घटना के बाद और पीड़ितों के प्रति सम्मान जताते हुए, बोर्ड ने नवंबर के अंत में होने वाली पाकिस्तान की आगामी त्रिकोणीय टी20 सीरीज में हिस्सा न लेने का फैसला लिया। इस घटना पर अफगानिस्तान के स्टार क्रिकेटर राशिद खान ने दुख जताते हुए एक्स पर लिखा- अफगानिस्तान पर हाल ही में हुए पाकिस्तानी हवाई हमलों में नागरिकों की जान जाने से मुझे गहरा दुख पहुंचा है। यह एक ऐसी त्रासदी है जिसमें महिलाओं, बच्चों और उन महत्वाकांक्षी युवा क्रिकेटर्स की जान गई, जो वैश्विक मंच पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का सपना देख रहे थे।

# मैग्नस कार्लसन ने दी टोटल वर्ल्ड चेस चैम्पियनशिप को हरी झंडी, शतरंज में होगा नया फॉर्मेट शुरू

स्पोर्ट्स डेस्क। नॉर्वे के पांच बार के विश्व शतरंज चैंपियन मैग्नस कार्लसन ने टोटल वर्ल्ड चेस चैम्पियनशिप को अपना समर्थन दिया है, जो शतरंज की दुनिया में अलग-अलग समय नियंत्रणों को मिलाकर आयोजित की जाएगी। हालांकि इस नए फॉर्मेट की योजना की कुछ शीर्ष खिलाड़ियों द्वारा आलोचना की गई है, कार्लसन ने इसे 'शतरंज के विकास की दिशा में सोच-समझकर उठाया गया कदम' बताया।

**नया फॉर्मेट : तीन समय नियंत्रण**

यह चैम्पियनशिप तीन अलग-अलग समय नियंत्रणों में आयोजित होगी : फास्ट क्लासिकल- 45 मिनट प्रति खिलाड़ी + 30 सेकंड इंक्रीमेंट, जो स्न्ढ्ढष्टश्व के नियमों के तहत क्लासिकल रेटेड गेम में गिने जाएंगे।

रैपिड ब्लिट्ज़ कार्लसन के अनुसार, 'कई फॉर्मेट को एक ही खिताब के तहत लाने से खिलाड़ियों की क्षमताओं का व्यापक मूल्यांकन होगा। यह नए समय नियंत्रण आज के खिलाड़ियों और दर्शकों के अनुकूल हैं।'

**पायलट और पहले सीजन की तैयारी**

कार्लसन ने कहा कि वह 2026 के पायलट टूर्नामेंट के लिए उत्साहित हैं और देखना चाहते हैं कि पहला सीजन 2027 में कैसे सामने आता है। उन्होंने नॉर्वे शतरंज की तारीफ करते हुए कहा, 'यह प्रभावशाली है कि नॉर्वे शतरंज ने इसे संभव बनाया।'

# जैनिक सिनर के सामने जोकोविच का मास्टरप्लान फेल, सेमीफाइनल में हुआ एकतरफा मुकाबला

**स्पोर्ट्स डेस्क।** नोवाक जोकोविच और जैनिक सिनर के बीच सिक्स किंग्स स्लैम 2025 के सेमीफाइनल मुकाबले में जोकोविच की रणनीति पूरी तरह ध्वस्त हो गई। सेर्बियाई स्टार, जो अपनी टैक्टिकल ब्रिलियंस और मानसिक मजबूती के लिए जाने जाते हैं, मैच को लंबा खींचकर सिनर की सहनशक्ति को आजमाने की योजना लेकर आए थे। लेकिन इतालवी खिलाड़ी ने केवल एक घंटे से थोड़ी अधिक में सीधे सेटों में 6-4, 6-2 से उन्हें हराकर योजना को धराशायी कर दिया।

**एक योजना जो नहीं बन सकी**

हार के बाद जोकोविच ने ईमानदारी से स्वीकार किया कि उनका मास्टरप्लान सिनर को लंबा और शारीरिक मुकाबला खेलने के लिए प्रेरित करने का पूरी तरह फेल हो गया। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने कहा, 'मैंने कम से कम लंबे मैच की कोशिश की, लेकिन इतालवी खिलाड़ी के स्तर के सामने यह असंभव था।'


जैनिक सिनर अब जोकोविच के खिलाफ बढ़ती श्रेष्ठता दिखा रहे हैं। उनका हेड-टू-हेड रिकॉर्ड अब 6-4 सिन्नर के पक्ष में है, जिसमें उन्होंने पिछले पांच आधिकारिक मुकाबले जीते हैं। इसके अलावा, जोकोविच ने सिन्नर से 2024 और 2025 के सिक्स किंग्स स्लैम प्रदर्शनी मुकाबलों में भी हार झेली है।

**जोकोविच का हल्का-फुल्का रुख**

हार के बावजूद जोकोविच ने अपनी खेल भावना और हास्य दिखाया। रियाद के दर्शकों के सामने उन्होंने मजाक किया: 'मुझे खेद है कि आप आज लंबा मैच नहीं देख सके, यह उसकी गलती है, मेरी नहीं!' उन्होंने सिनर की अविरल ऊर्जा की तारीफ की और बताया कि आखिरी गेम में 0-15 पर उन्हें डराने की कोशिश भी असफल रही। 'मैं बस टिके रहने की कोशिश कर रहा था, लेकिन वह बहुत अच्छे थे। उन्हें बधाई और फाइनल में शुभकामनाएं।'

हार के बावजूद जोकोविच ने अपने खेल और स्थान का संतुलित मूल्यांकन किया, 'भले ही किसी ने कोर्ट पर आपको इस तरह हराया हो, लेकिन यह अद्भुत है कि मैं अभी भी उच्च स्तर पर खेल पा रहा हूँ, टॉप 10 और टॉप 5 में।'

इस हार ने जोकोविच को सिनर की तेजी से बढ़ती क्षमता का एहसास दिलाया और उन्हें अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करने की चुनौती दी। वहीं, सिन्नर की जीत ने उन्हें टेनिस की अगली प्रमुख ताकत के रूप में मजबूत किया।



## नाबालिग लड़की से सामूहिक बलात्कार के जुर्म में दो लोगों को 20 साल की जेल

गुरग्राम. (एजेंसी)। हरियाणा के नूंह की एक विशेष पॉक्सो अदालत ने एक नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार के जुर्म में दो लोगों को 20 साल के कठोर कारावास की सजा दी है। आरोपियों को 13 अक्टूबर को दोषी करार दिया गया तथा सजा गुरुवार को सुनाई गई। पुलिस ने बताया कि प्रत्येक आरोपी पर 52,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना न भरने पर उन्हें अतिरिक्त कारावास की सजा भी भुगतनी होगी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डॉ. आशु संजीव तिंजन ने यह फैसला सुनाया। दोषियों की पहचान साहिल उर्फ ?काला और रिसाल उर्फ ?सुस्सा के रूप में हुई है, जो नूंह जिले के औथा गांव के निवासी हैं। यह मामला तीन सितंबर 2021 का है।

## एनआईए अदालत ने जासूसी के जुर्म में दो लोगों को सजा सुनाई

नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) अदालत ने विशाखापत्तनम नौसेना जासूसी मामले में दो और आरोपियों को सजा सुनाई है, जिससे मामले में अब तक कुल चार लोगों को दोषी ठहराया गया है। आधिकारिक बयान में कहा गया कि विशाखापत्तनम में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) अदालत ने गुरुवार को मुंबई के मोहम्मद हारून हाजी अब्दुल रहमान लकड़ावाला और गुजरात के गोधरा के इमरान याकूब गितेली को क्रमश: साढ़े पांच साल और छह साल के साधारण कारावास की सजा सुनाई। एनआईए के बयान में कहा गया है कि अदालत ने अपराधियों पर 5,000-5,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है, जिसे अदा न करने पर उन्हें जेल में एक साल अतिरिक्त बिताना होगा। यह मामला देश में सक्रिय विदेशी जासूसों/एजेंटों द्वारा महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और भारतीय नौसेना के प्रतिष्ठानों में की गई जासूसी गतिविधियों से संबंधित है। यह मामला 2019 का है।

## महाराष्ट्र के नंदुरबार में पिकअप गहरी खाई में गिरी... 8 लोगों की मौत

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के नंदुरबार जिले से सड़क हादसे की दुखद खबर सामने आ रही है। जहां चांदशैली घाट पर पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दर्दनाक हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई। वहीं घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। जानकारी के मुताबिक, पिकअप सवार सभी लोग अस्तंबा देवी यात्रा से लौट रहे थे। इसी दौरान घाट मोड़ पर ड्राइवर ने अपना नियंत्रण खो दिया। जिसके चलते गाड़ी गहरी खाई में जा गिरी। यह हादसा इतना भयावह था कि पिकअप वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं पिकअप में सवार श्रद्धालु वाहन से बाहर जा गिरे। घटना में आठ लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। यह घटना नंदुरबार जिले के चांदशैली घाट के पास हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस की टीम पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। जहां कई की हालत नाजुक है। बता दें कि श्रद्धालु अस्तंबा देवी का दर्शन कर अपने गांव लौट रहे थे। हादसा इतना भयावह था कि कई श्रद्धालु पिकअप के नीचे दब गए और कुछ ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## हजरत निजामुद्दीन दरगाह में 'जश्न-ए-चरागा' पर विवाद, आरएसएस की मुस्लिम विंग और दरगाह कमेटी आमने-सामने

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली की ऐतिहासिक हजरत निजामुद्दीन औलिया दरगाह में इस बार 'जश्न-ए-चरागा' यानी दिवाली के दिए जलाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़ा संगठन मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने दरगाह परिसर में दिवाली के दिए जलाने का कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की है। मंच का कहना है कि इसका उद्देश्य 'गंगा-जमुनी तहज़ीब' और सांप्रदायिक सौहार्द को बढ़ावा देना है। हालांकि, दरगाह कमेटी ने इस कार्यक्रम का विरोध करते हुए निजामुद्दीन थाने में तहरीर दी है। कमेटी का कहना है कि दरगाह एक धार्मिक स्थल है, जहाँ इस तरह के आयोजन परंपरागत रूप से नहीं किए जाते और बिना अनुमति ऐसा कार्यक्रम धार्मिक शांति भंग कर सकता है। वहीं, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का दावा है कि यह परंपरा नई नहीं है, वे कई वर्षों से दरगाह में दिए जलाकर दिवाली मनाते आए हैं। संगठन ने स्पष्ट कहा है कि वे इस बार भी दिए जरूर जलाएंगे। इस कार्यक्रम में आरएसएस नेता इंद्रेश कुमार के शामिल होने की भी संभावना है। विवाद को देखते हुए पुलिस ने इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मंच के कार्यकर्ता दरगाह क्षेत्र में दीए बांटते हुए 'एकता में शक्ति' का संदेश दे रहे हैं।

## मस्जिद मामले में सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका कहा- सड़क का चौड़ीकरण करना जरुरी

नई दिल्ली (एजेंसी)। अहमदाबाद की 4 सौ साल पुरानी मांचा मस्जिद सड़क चौड़ीकरण के रास्ते में आ रही है। इसका आंशिक हिस्सा प्रभावित हो सकता है। इस मामले में लगाई गई याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया और कहा कि यातायात की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सड़का का चौड़ीकरण करना बेहद जरुरी है। बता दे कि मस्जिद करीब 400 साल पुरानी है और लोग इसमें किसी भी तरह की तोड़फोड़ का विरोध कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि नगर निगम जनहित में काम कर रहा है और इस परियोजना के तहत मंदिर के साथ-साथ कॉमर्शियल और रेजिडेंशियल संपत्तियों को भी तोड़ा गया है रिपोर्ट के अनुसार, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने मांचा मस्जिद ट्रस्ट के वकील द्वारा मस्जिद की इबादतगाह को बचाने की लगातार की जा रही मांग को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। अहमदाबाद नगर निगम ने आस्था मेहता के माध्यम से कहा कि नगर निगम ने हाईकोर्ट के समक्ष स्पष्ट रूप से कहा था कि ट्रैफिक की भीड़भाड़ कम करने के लिए सड़क चौड़ीकरण परियोजना से केवल खाली पड़ी जमीन का एक टुकड़ा और मस्जिद के चबूतरे का एक हिस्सा ही प्रभावित होगा।

# दिल्ली की हवा हुई जहरीली... अभी पटाखे और फसलों की कटाई भी शुरु नहीं हुई



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश की राजधानी दिल्ली में वायु गुणवत्ता शुक्रवार को लगातार चौथे दिन खराब श्रेणी में रही, दिवाली से पहले प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने शाम 4 बजे शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 254 दर्ज किया, जो खराब श्रेणी के अंदर है। धुंध की चादर आसमान में छाई रही और प्रमुख इलाकों में दृश्यता कम रही।

एक्यूआईसीएन के अनुसार, शनिवार सुबह वज़ीराबाद में एक्यूआई 323 था। जहाँगीरपुरी में यह 248 रहा। इसी तरह, बुराड़ी में एक्यूआई 218, पंजाबी बाग में 212, सत्यवती कॉलेज में 213, सोनिया विहार में 198, मुंडका में 197, आरके पुरम में 195, नरेला में 194, आईटीओ में 192 और अलीपुर में 187 रहा।

इस बीच, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि शुक्रवार को न्यूनतम तापमान गिरकर 18.4 डिग्री सेल्सियस पर आ गया, जो मौसम के सामान्य से 1.2 डिग्री कम था। इस बीच, अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि सापेक्ष आर्द्रता 74 प्रतिशत दर्ज की गई।

वहीं दिल्ली के पड़ोसी जिले गाजियाबाद के लोनी में एक्यूआई 293 रहा। वहीं, संजय नगर में यह 284, इंदिरापुरम में 226 और वसुंधरा में 219 दर्ज किया गया। ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क में यह 214 रहा, जबकि नोएडा के सेक्टर 116 में एक्यूआई 213 और सेक्टर 124 में 193 रहा। एक्यूआईसीएन के अनुसार, गुरुग्राम के सेक्टर 51 और ग्वाल पहाड़ी में एक्यूआई क्रमशः 185 और 167 दर्ज किया गया। वहीं सीपीसीबी के अनुसार, शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 के बीच को संतोषजनक, 101 से 200 के बीच को मध्यम, 201 से 300 के बीच को खराब, 301 से 400 के बीच को बहुत खराब और 401 से 500 के बीच को गंभीर माना जाता है।

वहीं दिल्ली-एनसीआर में एक्यूआई के बिगड़ते स्तर को देखकर ग्रैप पर सीएमक्यूएम उप-समिति ने चरण-1 के तहत उल्लिखित 27-सूत्रीय कार्य योजना को सक्रिय करने का निर्णय लिया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बढ़ते कण पदार्थ (पार्टिकुलेट मैटर) से जुड़े बढ़ते स्वास्थ्य जोखिमों को लेकर चेतावनी दी है। पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. शरद जोशी ने बताया, वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिसके कारण फसल जलने, वाहनों से निकलने वाले धुएं और आतिशबाजी जैसे स्रोतों से कण प्रदूषकों का स्तर बढ़ गया है। इससे सीओपीडी, अस्थमा जैसी पहले से मौजूद बीमारियों और तपेदिक से पीड़ित लोगों में श्वसन संबंधी समस्याएं बढ़ जाती हैं, जिससे खांसी, बुखार, सांस फूलना और सीने में दर्द जैसे लक्षण बढ़ जाते हैं... यहाँ तक कि जिन लोगों को पहले से श्वसन संबंधी कोई समस्या नहीं है, खासकर बच्चे और बुजुर्ग, कमजोर प्रतिरक्षा के कारण जोखिम में हैं।

डॉ. जोशी ने आगे कहा, दिवाली के दौरान ग्रीन पटाखों के इस्तेमाल से पारंपरिक आतिशबाज़ी की तुलना में कम प्रदूषक निकलते हैं, लेकिन ये पूरी तरह से हानिरहित नहीं हैं... वाहनों से निकलने वाला धुआँ साल भर प्रदूषण बढ़ाता है, लेकिन अक्टूबर और नवंबर के दौरान यह समस्या और भी बदतर हो जाती है... प्रदूषण के प्रभावों को कम करने के लिए, कारपूलिंग के ज़रिए वाहनों का इस्तेमाल कम करने, वाहनों के प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित रखने, घर के अंदर एयर प्यूरीफायर का इस्तेमाल करने, रसोई में उचित वेंटिलेशन सुनिश्चित करने, धूपबत्ती जैसे घर के अंदर प्रदूषण फैलाने वाले स्रोतों से बचने और सांस की समस्याओं वाले लोगों को नियमित दवा लेते रहने और निवारक टीकों पर विचार करने का सुझाव दिया जाता है।

## शामली में एक लाख का इनामी बदमाश नफीस एनकाउंटर में ढेर, 34 मामले थे दर्ज

**शामली (एजेंसी)।** यूपी के शामली में पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से 1 लाख रुपये के इनामी नफीस की मौत हो गई। नफीस पर हत्या, लूट और जानलेवा हमलों जैसे 34 से अधिक मामले दर्ज थे। पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में सनसनी फैल गई। वहीं नफीस के फरार साथी की तलाश के लिए कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया गया। इस मुठभेड़ में घायल बदलमाश को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने इसे मृत घोषित कर दिया। मुठभेड़ कांधला थाना क्षेत्र के भाभीसा गांव के पास हुई। देर रात पुलिस को सूचना मिली कि कुछ बदमाश इलाके में घूम रहे हैं। इस पर कांधला पुलिस ने नाकाबंदी की। जैसे ही पुलिस ने बदमाशों को रुकने का इशारा किया, उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की और इसी दौरान नफीस गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान 1 लाख के इनामी व हिस्ट्रीशीटर अपराधी नफीस पुत्र मूदा निवासी मोहल्ला खैल थाना कांधला को गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने मौके से एक .32 बोर पिस्टल, एक 315 बोर तमंचा, दो खोखा कारतूस, पांच जिंदा कारतूस और एक बाइक बरामद की है। बताया जा रहा है कि नफीस के साथ उसका एक साथी भी मौजूद था, जो अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। उसकी तलाश में पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। नफीस का आपराधिक नेटवर्क पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में फैला हुआ था। वह कई बार जेल जा चुका था और हाल ही में जमानत पर बाहर आने के बाद फिर से सक्रिय हो गया था। पुलिस को लंबे समय से उसकी तलाश थी। मुठभेड़ के बाद मौके पर पहुंचे एसपी एनपी सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। नफीस पर हत्या, लूट, डकैती, रंगदारी और जानलेवा हमलों जैसे गंभीर अपराधों के कुल 34 मामले दर्ज थे। तीन मामलों में वह लंबे समय से वांछित चल रहा था। उस पर पुलिस ने 1 लाख का इनाम घोषित किया था।

## सांसद यूसुफ पठान ने प्राचीन मस्जिद का किया दौरा, बीजेपी ने बताया मंदिर

**-बंगाल में इलियास वंश के दूसरे शासक सिकंदर शाह ने बनवाई थी मस्जिद**

**कोलकाता (एजेंसी)।** तृणमूल कांग्रेस सांसद और पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान ने बंगाल में एक प्राचीन मस्जिद का दौरा किया, जिसे लेकर विवाद खड़ा हो गया है। उन्होंने एक्स पर पुरातात्विक स्मारक की तस्वीरों के साथ लिखा- मालदा में स्थित अदीना मस्जिद को 14वीं शताब्दी में इलियास शाही वंश के दूसरे शासक सुल्तान सिकंदर शाह ने बनवाया था। इसे 1373-1375 ईस्वी में बनाया था, जो अपने समय में भारतीय उपमहाद्वीप की सबसे बड़ी मस्जिद थी। यह क्षेत्र की वास्तुशिल्प कला का प्रदर्शन करती है। टीएमसी सांसद के पोस्ट का जवाब देते हुए बीजेपी की बंगाल यूनिट ने दावा किया और इसे आदिनाथ मंदिर कहा। आधिकारिक एएसआई वेबसाइट के मुताबिक अदिना मस्जिद 1369 ईस्वी से मुस्लिम वास्तुकला का शानदार उदाहरण है। इसे बंगाल सल्तनत के इलियास वंश के दूसरे शासक सिकंदर शाह की ओर से बनवाया गया था। इसमें उनकी कब्र भी है। यूजर्स ने भी इस मामले पर प्रतिक्रियाएं दी हैं। उन्होंने सांसद को बताया कि जिस स्मारक की वह बात कर रहे हैं, उसे मंदिर पर बनाया गया था। इसके लिए कई ऐतिहासिक घटनाक्रमों का हवाला दिया जा रहा है। एक पुजारी हिरण्मय गोस्वामी ने हिंदू देवी-देवताओं को देखने का दावा किया और कहा था कि मस्जिद एक मंदिर पर बनाई गई थी। रिपोर्ट के मुताबिक हिरण्मय गोस्वामी और दूसरे पुजारियों ने प्रार्थना सभा भी आयोजित की थी। हालांकि स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी और उन्हें रोक दिया। बाद में, पुरातत्व सर्वेक्षण ऑफ इंडिया ने गोस्वामी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इस घटना के कारण मस्जिद को बंद कर दिया गया।

# पीएम मोदी के आरोप पर भड़के प्रमोद तिवारी, कहा- कांग्रेस ने माओवादियों से हमेशा लड़ाई लड़ी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने शनिवार को एनडीटीवी वर्ल्ड समिट 2025 के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी माओवादी और नक्सली खतरों सहित सभी प्रकार की हिंसा और उग्रवाद के खिलाफ लगातार मजबूती से खड़ी रही है। समिट को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने आरोप लगाया था कि कांग्रेस पार्टी ने संविधान के प्रति सार्वजनिक रूप से निष्ठा प्रदर्शित करते हुए, माओवादी उग्रवाद को पनाह दी है। उन्होंने कहा, 'जो लोग संविधान की प्रतियों का दिखावा करते हैं, वे माओवादी आतंक को पनाह देते रहते हैं।'

प्रधानमंत्री के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए, तिवारी ने एएनआई को बताया कि कांग्रेस पार्टी हिंसा के सामने पीछे नहीं हटी है। उन्होंने माओवादी हमलों में छत्तीसगढ़ के लगभग पूरे नेतृत्व को खोने की याद दिलाई। कांग्रेस नेता ने कहा कि हमने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी और कई बलिदान दिए। आतंकवादियों के खिलाफ लड़ाई लड़ी, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की शहादत देखी और अनगिनत कांग्रेस नेताओं ने अपने प्राणों की आहुति दी। माओवादियों और नक्सलवादियों के कारण हमने छत्तीसगढ़ का लगभग पूरा नेतृत्व खो दिया... हमने उनके सामने आत्मसमर्पण नहीं किया और न ही झुके। हम उनके खिलाफ लड़ते हैं।

कांग्रेस नेता ने आगे कहा, 'हम यह स्पष्ट रूप से कहना चाहते थे कि देश में जो भी हिंसा का इस्तेमाल करेगा, हम हमेशा उसके खिलाफ खड़े रहेंगे।' शुक्रवार को, पिछले 75 घंटों में 303 नक्सलियों के आत्मसमर्पण का उल्लेख करते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब देश पूरी तरह से नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा और माओवादी आतंकवाद से मुक्त क्षेत्रों में दिवाली का उत्सव वाकई खास होने वाला है।

एनडीटीवी वर्ल्ड समिट 2025 को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कुछ लोगों ने नक्सलवाद का इस्तेमाल लापरवाही से किया है, लेकिन वास्तव में, यह माओवादी आतंकवाद है। उन्होंने कहा कि माओवादी आतंकवाद 'हमारे देश के युवाओं के साथ एक बड़ा अन्याय, एक गंभीर पाप' है और वह इस देश के युवाओं को ऐसी स्थिति में नहीं छोड़ सकते। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें अंदर से गहरी बेचैनी महसूस होती थी, लेकिन वह लंबे समय तक चुप रहे। उन्होंने कहा, 'आज पहली बार मैं अपना दर्द आपके साथ साझा कर रहा हूँ।'

# बिहार चुनाव: कांग्रेस के स्टार प्रचारकों की सूची जारी, राहुल-प्रियंका करेंगे तूफानी दौरे

**-प्रथम चरण के लिए 40 स्टार प्रचारक, कई दिग्गज नेताओं के नाम शामिल**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिहार में विधानसभा चुनाव प्रचार अब जोर पकड़ने लगा है। कांग्रेस ने बिहार चुनाव के प्रथम चरण के मतदान के लिए अपने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी इसमें शामिल हैं। इनके अलावा कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री समेत कई राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष भी बिहार में प्रचार करेंगे।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कांग्रेस ने पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव को भी इस चुनाव प्रचार सूची में जगह दी है। इनके अलावा कन्हैया कुमार, अखिलेश प्रसाद सिंह, रंजीता रंजन, राजेश राम, शकील अहमद खान, मदन मोहन झा, कृष्णा अल्लावरु के भी नाम शामिल हैं। वहीं केसी वेणुगोपाल, सुखविंदर सिंह सुखु, अशोक गहलोत, भूपेश बघेल, दिग्विजय सिंह, अधीर रंजन चौधरी, मीरा कुमार, सचिन पायलट, रणदीप सिंह सुरजेवाला, सैयद नासिर हुसैन, चरणजीत सिंह चन्नी, गौरव गगोई, तारिक अनवर, मोहम्मद जावेद, मनोज राम, अलका लांबा, पवन खेड़ा, इमरान प्रतापगढ़ी, शकील अहमद, जीतू पटवारी, सुखदेव भगत, राजेश कुमार राम, शकील अहमद खान, मदन मोहन झा, अजय राय, जिग्नेश मेवानी, अनिल जयहिंद, राजेंद्र पाल गौतम, फुरकान अंसारी, उदय भानु चिब, सुबोध कांत सहाय का नाम भी स्टार प्रचारकों में है।

बिहार में दो चरणों में विधानसभा चुनाव होना है। 6 नवंबर को पहला चरण जबकि दूसरे चरण में 11 नवंबर को मतदान होगा। इसमें महागठबंधन के किस पार्टी के कितने उम्मीदार मैदान में उतरेंगे इस पर फिक्र अभी तक साफ नहीं हो पाई है। कई सीटों पर दोस्ताना संघर्ष है। दरअसल महागठबंध में सीट का पेंच फंसा है। शनिवार को पटना में कांग्रेस की अहम बैठक होना है। राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के बाद बिहार में कांग्रेस की ताकत बढ़ी है। इसके मद्देनजर पार्टी ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है। लेकिन आरजेडी कांग्रेस की मांग पर सहमत नहीं है। वैशाली की दो सीटों पर कांग्रेस और राजद ने अपने उम्मीदवारों को टिकट देकर नामांकन भी करवा दिया है।

# अर्जुन बिजलानी ने राइज एंड फॉल 2025 का खिताब अपने नाम किया

**पटना (एजेंसी)।** भारत अक्टूबर, 2025 - खिलखिलाहट से लेकर आँसुओं तक, दोस्ती से लेकर जबरदस्त मुकाबलों तक, इस सफर ने हर भावना और हर हद को परख लिया। सभी प्रतियोगियों ने अपनी-अपनी लड़ाइयाँ लड़ीं, अपने हार का सामना किया और अपनी कामयाबी का जश्न मनाया। अब राइज एंड फॉल ने अर्जुन बिजलानी को अपना अंतिम विजेता घोषित कर दिया है, जिन्होंने ये खास ट्रॉफी अपने नाम की है। अशनीर ग्रोवर द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला यह रियलिटी शो अपनी शुरूआत से ही सुर्खियाँ बटोर रहा है और लोगों की जुबाँ पर छाया रहा है, और पूरे देश के दर्शकों से बेशुमार प्यार और तारीफें बटोर रहा है। रोमांचक चुनौतियों से लेकर हमेशा याद रहने वाले पलों तक, यह संस्कृति का एक ऐसा चर्चा का विषय बन गया है, जिसने दर्शकों को पहले दिन से ही बाँधे रखा है। इस सीरीज का समापन एक जबरदस्त फिनाले के साथ हुआ, जिसमें उस प्रतियोगी का सम्मान किया गया जिसने पक्की लगन, सूझ-बूझ और जुनून के साथ इस खेल को खेला। इस सीजन में अलग-अलग क्षेत्रों के 15 सेलिब्रिटी प्रतियोगियों ने टॉवर के अनजान उतार-चढ़ावों को पार किया, जहाँ हर मोड़, टास्क और वोट के साथ रूलर्स डगमगा सकते थे और हसलर्स ऊपर उठ सकते थे। भावनात्मक मुकाबलों और तेज-तर्रार बहसों से लेकर हैरान करने वाले गठबंधन और असल असुरक्षितता के पलों तक, इस शो ने दर्शकों को शुरू से अंत तक बाँधे रखा। इसके मुख्य आकर्षणों में होशियारी-भरा शक्ति प्रदर्शन, आमने-सामने की जोरदार टक्कर और दिल को छू लेने वाले पक्की लगन के कारनामे शामिल थे, जो एक ऐसे अंदाज की ओर ले गए जिसमें सूझ-बूझ और जोश, दोनों का जश्न मनाया गया। ग्रैंड फिनाले की शुरूआत चोटी के-6 प्रतियोगियों – अर्जुन बिजलानी, अरबाज पटेल, आकृति नेगी, आरुष भोला, धनश्री वर्मा और नयनदीप रक्षित के शानदार प्रदर्शन के साथ हुई - उनके साथ ही उनके दोस्तों और परिवार के लोगों के दिल को छू लेने वाले मैसेजेज भी आए। मंच पर तब और भी रौनक आ गई जब पवन सिंह ने शानदार एंट्री ली और धनश्री को एक साड़ी तोहफे में दी, जिसके बाद धनश्री और आकृति ने एक जबरदस्त डांस प्रस्तुत किया। जैसे-जैसे प्रतियोगियों ने जनता के फैसले की घोषणा करने वाले सूटकेस खोले, तो तनाव और भी बढ़ गया, जिसके चलते नयनदीप रक्षित और धनश्री वर्मा को बाहर कर दिया गया। नेहा कक्कड़ और टोनी कक्कड़ की शानदार प्रस्तुति से जोश फिर से बढ़ गया।

# टूटेगा वर्ल्ड रिकॉर्ड: 26 लाख दीपक से सजेगी अयोध्या और 2100 लोग करेंगे महाआरती

**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या में दीपोत्सव की भव्य तैयारियां जोरों पर हैं। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम लगभग 150 सदस्यों के साथ अयोध्या पहुंच चुकी है और इस बार इतिहास दोहराने से आगे बढ़कर, नया इतिहास रचने का लक्ष्य है। इस बार अयोध्या में एक साथ तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए जाएंगे। 26 लाख, 11 हजार 101 दीपक जलाकर कीर्तिमान स्थापित करने की तैयारी में अवध विश्वविद्यालय के 35,000 वालंटियर जुटे हैं। वहीं, 2,100 लोगों द्वारा सामूहिक आरती का रिकॉर्ड भी बनाने की योजना है, जिसके लिए गिनीज बुक की टीम मौजूद है। अब सवाल उठता है कि गिनीज टीम एक-एक दीपक की गिनती कैसे करती है और क्या इसमें तकनीक का इस्तेमाल होता है।

गिनीज टीम के एडवाइजर निश्चल बारूल के मुताबिक, इस बार काउंटिंग के लिए तीन अलग-अलग पद्धतियों का इस्तेमाल किया जाएगा। हाई-टेक सॉफ्टवेयर, ड्रोन और डिजिटल अकाउंटिंग के ज़रिए दीपों की गिनती की जाएगी, ताकि हर एक दीये का सटीक आंकड़ा सामने आ सके गिनीज बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम के सदस्य निश्चल ने बताया कि पिछले वर्ष लगभग 25 लाख 12000 दीपक जलाए गए थे इस वर्ष लक्ष्य 26,11,101 दीपक जलने का है और राम की पैड़ी के तटों पर 29 लाख दीपक बिछाए जाएंगे।

**2100 लोग करेंगे सरयू की महाआरती**

इस भव्य आयोजन के लिए 190 लोगों की टीम दिन-रात काम में जुटी है और सिर्फ दीप ही नहीं, बल्कि सरयू की महाआरती भी इस साल इतिहास रचने वाली है। 2100 लोग एक साथ सरयू की महाआरती करेंगे और इसका भी रिकॉर्ड दर्ज कराने की तैयारी हो रही है। ड्राई रन के लिए विशेष सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है, जो हर मूवमेंट और संख्या पर पैनी नजर रखेगा। गिनीज बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम के सदस्य निश्चल ने बताया कि हम तीन तरह की टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर रहे हैं- ड्राई रन, ड्रोन, और डिजिटल अकाउंटिंग, ताकि रिकॉर्ड एकदम पारदर्शी और प्रमाणिक हो।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**